# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 12 अगस्त 2023 । वर्ष –67 । अंक –278 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00

■ अहो रूपम, अहो ध्वनि
■ मणिपुर के राहत शिविरों... 04
■ उत्तर कोरियाई नेता ने सैन्य क्षमता...
■ वेनेजुएला ने कोलंबिया में शांति प्रक्रिया... 09
■ रिलायंस डिजिटल फिर लेकर आ गया...
■ कीमतों पर अंकुश के लिए बफर... 11
■ बराबरी के लिए भारत को...
■ जापान को हराकर... 10

प्रधानमंत्री आज मध्यप्रदेश में

## सागर में संत रविदास के भव्य मंदिर का करेंगे शिलान्यास

### प्रधानमंत्री का प्रदेश आगमन सौभाग्य का विषय : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मध्यप्रदेश प्रवास पर रहेंगे। श्री मोदी प्रदेश के सागर में संत रविदास के मंदिर का शिलान्यास करेंगे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मध्यप्रदेश आना अत्यंत सौभाग्य का विषय है। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज 12 अगस्त को सागर के बड़तूमा में संत रविदास के मंदिर का शिलान्यास करेंगे। संत रविदास का दिव्य, भव्य और अलौकिक मंदिर बनेगा, जो समरसता का अद्भुत केन्द्र होगा। संत रविदास जी की जयंती पर सागर में हुए कार्यक्रम में संत रविदास जी के मंदिर निर्माण की मांग आयी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि- मन में यह विचार आया कि विशाल स्वरूप के मंदिर का निर्माण हो। मंदिर निर्माण की प्रक्रिया, आकल्पन और उसका स्वरूप तय हो गया है। भूमि-पूजन के साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। यह अपने आप में अद्भुत प्रोजेक्ट है। संत रविदास जी ने सदैव कर्म को महत्ता दी, अतः प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्लोबल स्किल सेंटर का निर्माण भी किया जाएगा। यह मंदिर और सेंटर अपनी अलग पहचान बनाएगा।

### ग्लोबल स्किल सेंटर का भी होगा निर्माण

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में किसानों को मिलेंगे 6 हजार रूपये

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

- ग्राम पंचायत सचिवों को 7वें वेतनमान का लाभ
- प्रदेश में 53 सीएम राइज विद्यालयों और 19 कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण की स्वीकृति

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में हुई। मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 से पात्र किसानों को 6 हजार रूपये का भुगतान करने की स्वीकृति दी है।

पूर्व में 1 अप्रैल से 31 अगस्त एवं 1 सितम्बर से 31 मार्च की अवधि में 2 समान किश्तों में कुल 4 हजार रूपये का भुगतान किया जाता था। अब वित्तीय वर्ष 2023-2024 से 1 अप्रैल से 31 जुलाई, 1 अगस्त से 30 नवम्बर एवं 1 दिसम्बर से 31 मार्च की अवधि में कुल 3 समान किश्तों में कुल 6 हजार रूपये का भुगतान पात्र किसानों को करने की स्वीकृति दी गई है।



मंत्रि-परिषद ने ग्राम पंचायत सचिवों को सातवें वेतनमान का लाभ देने का निर्णय लिया है। इस पर आने वाले अतिरिक्त व्ययभार राशि 178 करोड़ 88 लाख रूपये को गौण खनिज मद में अतिरिक्त रूप से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया है।

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में 53 सीएम राइज विद्यालयों और 19 कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण के लिये

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## भिंड में शिवराज का जनदर्शन कार्यक्रम



*भिंड में जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्वागत में उमड़ी भीड़ ने कदम-कदम पर अभिनंदन किया और फूल बरसाये।*

आपराधिक कानूनों में बड़े सुधार की ओर भारत

## मॉब लिंचिंग,नाबालिग से दुष्कर्म पर मृत्युदंड, राजद्रोह होगा समाप्त

### भारत में किसी भी जगह दर्ज होगी एफआईआर

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत सरकार ने शुक्रवार को औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों में आमूलचूल बदलाव की घोषणा की है। इसमें मॉब लिंचिंग और नाबालिगों से बलात्कार जैसे अपराधों के लिए अधिकतम सजा और देशद्रोह के बजाय एकता को खतरे में डालने का एक नया अपराध शामिल किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन विधेयक पेश करते हुए कहा कि 1860 की भारतीय दंड संहिता को भारतीय न्याय संहिता द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अब दंड प्रक्रिया संहिता की जगह लेगी और भारतीय साक्ष्य भारतीय अब साक्ष्य अधिनियम की जगह लेगी। तीनों को समीक्षा के लिए स्थायी समिति के पास भेजा गया।

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा में ब्रिटिश कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने के लिए तीन नए विधेयक पेश किये और कहा



कि अब राजद्रोह के कानून को पूरी तरह समाप्त किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नये कानूनों के तहत भगोड़े

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## गुजरात और हिमाचल में दो भयावह सड़क हादसे, 17 की मौत

### बावला-बगोदरा हाईवे पर दो वाहनों की भिड़ंत में 10 की जान गई

**अहमदाबाद।** गुजरात के बावला-बगोदरा हाईवे पर शुक्रवार को एक मिनी ट्रक के दूसरे ट्रक से टकरा जाने से 10 लोगों की मौत हो गई।



अहमदाबाद ग्रामीण एसपी के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ, जब मिनी ट्रक में सवार लोग चोटिला से दर्शन कर के लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक मिनी ट्रक एक खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में घुस गया। सामने तीन लोग और पीछे 10 लोग बैठे थे। वहीं मृतकों में पांच महिलाएं, दो पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। हादसे के शिकार हुए सभी लोग सुनादा गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

### चंबा में पुलिसकर्मियों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, 7 मृत



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में 6 पुलिसकर्मियों सहित 7 की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब उनकी गाड़ी तीसा बैरागढ़ मार्ग पर तरवाई पुल के पास पहुंची। हादसे के वक्त गाड़ी में 11 लोग सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी और जन प्रतिनिधि मौके की ओर रवाना हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ट्वीट कर दुर्घटना पर शोक जताया है।

जानकारी के मुताबिक, ये जवान लॉन्ग रेंज पेट्रोलिंग से भंजराडू हैडक्वार्टर लौट रहे थे। इस दौरान तरवाई के पास पहाड़ी से लैंडस्लाइड हुआ और ये सूमो गाड़ी चट्टानों की चपेट में आ गई। हादसा इतना भयानक था कि नाले में गिरने के बाद गाड़ी के परखचे उड़ गए।

## मणिपुर जल रहा लेकिन प्रधानमंत्री हंस रहे : राहुल



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारी हंगामे के बीच संसद का मानसून सत्र खत्म हुआ। जिसके बाद अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी के साथ अधीर रंजन चौधरी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर केवल दो मिनट बोला। संसद सदस्यता बहाल होने के बाद राहुल गांधी की यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि 19 साल के अनुभव में मैंने मणिपुर में जो देखा-सुना, वैसा पहले कभी नहीं देखा। संसद में मैंने कहा था। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने भारत माता की हत्या की है, मणिपुर में भारत को खत्म कर दिया है। ये खोखले शब्द नहीं हैं। राहुल ने कहा कि यह एक राज्य नहीं है, दो राज्य हैं। राज्य की हत्या हो गई है और उसका हौसला बढ़ा दिया गया है।

> **राहुल ने कहा-** मणिपुर में जब हमने मैतेई क्षेत्र का दौरा किया, तो हमें स्पष्ट रूप से बताया गया कि अगर हमारे सुरक्षा दस्ते में कोई कुकी है, तो उन्हें यहां नहीं लाया जाना चाहिए क्योंकि वे उस व्यक्ति को मार देंगे। जब हम कुकी क्षेत्र में गए, तो हमें बताया गया कि हम अगर किसी भी मैतेई व्यक्ति लाएंगे, वे उसे गोली मार देंगे।

राहुल ने कहा कि भारतीय सेना इस नाटक को 2 दिनों में रोक सकती है लेकिन प्रधानमंत्री मणिपुर को जलाना चाहते हैं और आग को बुझाना नहीं चाहते हैं।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## राघव चड्ढा राज्यसभा से निलंबित

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को सदन से निलंबित कर दिया गया है। विशेषाधिकार समिति की जांच रिपोर्ट आने तक उनको सदन से निलंबित कर दिया गया है। राघव चड्ढा पर कई सांसदों ने फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगाया था।इन सभी सांसदों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले में जांच की मांग की थी।

## अधीर रंजन के निलंबन पर बढ़ा बवाल, सुप्रीम कोर्ट जा सकती है कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस नेता सदन अधीर रंजन चौधरी के सस्पेंशन के मामले को लेकर विपक्ष आक्रामक है। अधीर रंजन चौधरी के सस्पेंशन का यह मामला शुक्रवार को राज्यसभा में भी उठा। राज्यसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा नीरव मोदी का नाम लेने पर हमारे नेता को सस्पेंड कर दिया। खड़गे ने कहा कि इतनी सी बात पर सस्पेंड कौन करता है? वहीं कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जाने का संकेत दिया।

## विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के नाम पर शीर्ष अदालत का सुनवाई से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने विपक्षी गठबंधन के नाम को लेकर दायर एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि पहले यह चुनाव आयोग जाना चाहिए। 26 दलों के विपक्षी गठबंधन ने हाल ही में अपना नाम यूपीए की जगह आईएनडीआईए रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- इस तरह के मामलों की हम सीधे सुनवाई नहीं कर सकते हैं। इस पर और अधिक जानकारी की जरूरत है। उसको आने दीजिए।

## सार संक्षेप

### विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के नाम पर शीर्ष अदालत का सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने विपक्षी गठबंधन के नाम को लेकर दायर एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि पहले यह चुनाव आयोग जाना चाहिए। 26 दलों के विपक्षी गठबंधन ने हाल ही में अपना नाम यूपीए की जगह आईएनडीआईए रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामलों की हम सीधे सुनवाई नहीं कर सकते हैं। इस पर और अधिक जानकारी की जरूरत है। उसको आने दीजिए। सुप्रीम कोर्ट में वकील रोहित खेरीवाल यह याचिका दाखिल की थी। मामले पर जस्टिस किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने सुनवाई की। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने इन पार्टियों द्वारा संक्षिप्त नाम आईएनडीआईए के उपयोग के खिलाफ एक जनहित याचिका में केंद्र, भारत के चुनाव आयोग और 26 विपक्षी दलों के गठबंधन से जवाब मांगा था।

### नाइजर में रह रहे भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को नाइजर में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की। भारत सरकार ने भारतीय को नाइजर छोड़ने की सलाह जारी की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नाइजर में जारी संकट को देखते हुए ये सलाह जारी की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत सरकार नाइजर में चल रहे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही है। मौजूदा स्थिति के मद्देनजर, जिन भारतीय नागरिकों की उपस्थिति आवश्यक नहीं है, उन्हें जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी जाती है।

### सूचना

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-विपक्षी दलों के नए गठबंधन के इंडिया नाम पर दायर की गई याचिका सुनने से सुको ने इंकार कर दिया।

**चुहिया- हां प्रिये**- शीर्ष अदालत कहां तक ऐसे मामलों में अपना समय खर्च करे?

रपट | नीति आयोग ने कहा-

## बेहतरी के बावजूद देश में विषमता बरकरार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नीति आयोग ने कहा है कि-गरीबी के स्तर को कम करने के लिए हमें प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने पर भी ध्यान देना चाहिए। अभी भारत इस मामले में दुनिया के एक सौ पच्चीसवें स्थान पर है। एक दशक पहले प्रति व्यक्ति आय करीब अस्सी हजार रुपए सालाना थी, जो अब बढ़ कर 1.70 लाख रुपए से ज्यादा हो चुकी है। हालांकि, अब भी अस्सी करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्हें सरकार गरीब मानती और उन्हें मुफ्त खाद्यान्न वितरण करती है।

जुलाई में नीति आयोग ने राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक संबंधी रपट जारी की। यह रपट भारत के आर्थिक विकास, राज्यों की आर्थिक स्थिति तथा भारतीय समाज में गरीबी और निर्धनता के विभिन्न आयामों को विस्तृत रूप से प्रस्तुत करती है। इस रपट का प्रारंभिक विश्लेषण बताता है कि भारत में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की तादाद लगातार कम हो रही है।

2015-16 में विभिन्न मापदंडों पर आधारित बहुआयामी राष्ट्रीय गरीबी सूचकांक देश की आबादी का 24.85 फीसद था, वह अब गिर कर 2019 से 2021 के आंकड़ों के आधार पर 14.96 फीसद दर्ज हुआ है। इस सूचकांक में हुई गिरावट की वजह से इस बात का भी अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2015 से 2021 के दौरान साढ़े तेरह करोड़ भारतीय अपने आर्थिक और सामाजिक जीवन स्तर को गरीबी रेखा से ऊपर निकाल पाए हैं। इसमें सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत में शहरों की तुलना में ग्रामीण आबादी का अधिक हिस्सा गरीबी रेखा से ऊपर उठा है। इस रपट में इंगित किया गया है कि 2021 तक पिछले छह सालों में भारत की ग्रामीण आबादी का 13.31 फीसद भाग गरीबी रेखा से बाहर निकला है, तो वहीं शहरों में इस दौरान मात्र 3.38 फीसद का परिवर्तन दर्ज हुआ है।

NITI Aayog

हालांकि आज भी भारत की ग्रामीण आबादी का लगभग 19 फीसद भाग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा है और निश्चित तौर पर उसके पीछे का मुख्य कारण कृषि क्षेत्र के अलावा कोई अन्य रोजगार उपलब्ध न होना है। इसके साथ-साथ कृषि क्षेत्र का भारत की अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में लगातार पिछड़ना भी एक मुख्य कारण रहा है। इस रपट में बताया गया है कि इस वक्त भारत में शहरी आबादी का लगभग 6 फीसद हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा है।

गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले निर्धन व्यक्तियों से आशय यह कतई नहीं है कि उनके पास रोज की रोजी-रोटी का जुगाड़ नहीं है। नीति आयोग की यह रपट राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक को कुल 12 आयामों पर

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com



# देश-विदेश

## ज्ञानवापी मामले पर सिविल जज की कोर्ट में 28 अगस्त को होगी सुनवाई

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में 9वें दिन भी सर्वे जारी रहा। एएसआई की टीम वैज्ञानिक तरीके से सर्वे कर रही है। इस बीच ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा की मांग को लेकर अदालत में एक लंबित मुकदमे में 11 अगस्त को सुनवाई हुई। मामले पर अब अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी। ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा की मांग को लेकर सिविल जज की ओर से मुस्लिम व हिंदू पक्ष दोनों की तरफ से आम लोगों को भी इसमें पार्टी बनने का दिया गया है।

# कोई भी नफरत भरे भाषण को स्वीकार नहीं कर सकता : सुप्रीम कोर्ट

## केंद्र से समिति गठित करने को कहा-



## कहा, समुदायों के बीच सद्भाव व सौहार्द होना चाहिए

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने यह देखते हुए कि समुदायों के बीच सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए, शुक्रवार को केंद्र से नफरत भरे भाषण के मामलों को देखने के लिए एक समिति गठित करने को कहा। शीर्ष अदालत हरियाणा सहित कई राज्यों में रैलियों के दौरान एक विशेष समुदाय के सदस्यों की हत्या और उनके सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करने वाले कथित घोर घृणास्पद भाषणों पर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हरियाणा में हाल ही में सांप्रदायिक झड़पों में छह लोगों की जान चली गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज को सरकार से निर्देश लेने और 18 अगस्त तक समिति के बारे में सूचित करने को कहा। पीठ ने कहा, समुदायों के बीच सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए। सभी समुदाय जिम्मेदार हैं। नफरत फैलाने वाले भाषणों की समस्या अच्छी नहीं है और कोई भी इसे स्वीकार नहीं कर सकता है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को वीडियो सहित सभी सामग्री एकत्र करने और उसके 21 अक्टूबर, 2022 के फैसले के अनुसरण में नियुक्त नोडल अधिकारियों को सौंपने का भी निर्देश दिया। पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला द्वारा दायर आवेदन में शीर्ष अदालत के दो अगस्त के आदेश का हवाला दिया गया। आदेश में कहा गया है, हम उम्मीद और विश्वास करते हैं कि राज्य सरकारें और पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि पहचान के बावजूद किसी भी समुदाय के खिलाफ कोई घृणास्पद भाषण न दिया जाए और कोई शारीरिक हिंसा या संपत्तियों को नुकसान न हो। यह देखते हुए कि नफरत फैलाने वाले भाषण माहौल को खराब करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा था कि जहां भी आवश्यक हो पर्याप्त पुलिस बल या अर्धसैनिक बल तैनात किया जाए और पुलिस सहित प्राधिकारी सभी संवेदनशील क्षेत्रों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का उपयोग करेंगे या वीडियो रिकार्डिंग करेंगे या कराएंगे।

# मथुरा में बांके बिहारी महाराज मंदिर का स्वामित्व कब्रिस्तान के नाम दर्ज

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा के बांके बिहारी जी महाराज मंदिर के नाम दर्ज भूमि 2004 में कब्रिस्तान के नाम दर्ज हो जाने पर तहसीलदार से जवाब मांगा है। श्री बिहारी जी सेवा ट्रस्ट की याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने पारित किया। यह रिट याचिका छाता के राजस्व अधिकारियों को याचिकाकर्ता के आवेदन पर निर्णय करने का निर्देश देने के अनुरोध के साथ दायर की गई है। याचिका में स्वामित्व सुधार करने के निर्देश देने की याचना की गई है।

**याचिकाकर्ता के मुताबिक 2004 में ही दर्ज हो गया था नाम**-याचिकाकर्ता के मुताबिक, भूखंड संख्या 1081 मूल रूप से बांके बिहारी जी महाराज मंदिर के नाम दर्ज था। यह 1375-1377एफ के अधिकारों के रिकॉर्ड से भी स्पष्ट है। बाद में वर्ष 2004 में इसे बदलकर कब्रिस्तान के नाम कर दिया गया। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 17 अगस्त, 2023 निर्धारित की है।

### हाईकोर्ट ने तहसीलदार को बुलाया

**कब्रिस्तान का नाम दर्ज करने के लिए भी याचिका**-राज्य सरकार की ओर से स्थायी अधिवक्ता ने अदालत का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करना चाहा कि कब्रिस्तान का नाम दर्ज करने के लिए भी एक आवेदन लंबित है, क्योंकि प्रविष्टियां अब कब्रिस्तान से पुरानी आबादी में बदल दी गई हैं। अदालत ने पिछले गुरुवार को अपने आदेश में कहा, तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए तहसीलदार को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर छाता तहसील के शाहपुर गांव में भूखंड संख्या 1081 पर उपलब्ध प्रविष्टियां बदलने के लिए राजस्व अधिकारियों द्वारा समय समय पर जो भी कार्यवाही की गई है, उसका उल्लेख करने का निर्देश दिया जाता है।

**संपूर्ण श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर याचिकाकर्ता देवताओं का**-श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह विवाद के एक दर्जन से अधिक मुकदमों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने के बाद यहां एक अदालत में यह घोषित करने के लिए एक याचिका दायर की गई है कि संपूर्ण श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर याचिकाकर्ता देवताओं का है। जिले के सरकारी वकील (सिविल) संजय गौड़ ने कहा, ''यह आदेश पारित करने की प्रार्थना की गई है कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा का पूरा परिसर याचिकाकर्ता देवताओं का है।'' उन्होंने बताया कि मुकदमा सिविल न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) मथुरा की अदालत में दायर किया गया है। गौड़ ने कहा, ''इस मुकदमे में पूरे मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच मुसलमानों को शामिल किया गया है।''

# कुश्ती महासंघ चुनाव पर रोक

## पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**चंडीगढ़,देशबन्धु।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 12 अगस्त को होने वाले भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर रोक लगा दी है। इससे पहले गुवाहटी हाईकोट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर रोक लगा दी थी।

हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर लगी रोक को हटा दिया था। भारतीय ओलंपिक महासंघ के मुताबिक भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव छह से 11 जुलाई के बीच होने थे। हालांकि बाद में 12 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई। अब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अपने करीबी संजय सिंह को प्रत्याशी बनाया है। संजय सिंह का मुकाबला अनीता श्योराण से होगा। अनीता 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन हैं। हाल ही में गोंडा की एक रैली में बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि 25 में से 20 राज्य उनके साथ हैं।

### 12 अगस्त को होनी थी वोटिंग

वाराणसी के रहने वाले संजय सिंह को उन्होंने प्रत्याशी बनाया है। चुनाव से पहले ही सांसद ने दावा किया कि हमारे गुट का प्रत्याशी ही अध्यक्ष बनेगा। कहा कि कुश्ती को लेकर बहुत मेहनत हुई है, आगे भी इसी तरह प्रयास जारी रहेगा।

## एमेच्योर कुश्ती संघ के प्रतिनिधियों को बड़ा झटका

रोहतक स्थित हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ के प्रतिनिधियों को भी हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव में भाग लेने के लिए उन्हें फिलहाल अपात्र करार दे दिया है। इसके साथ ही नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न वोट डालने पर रोक लगा दी जाए।

हरियाणा कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव इंद्रजीत सिंह ने याचिका दाखिल करते हुए हाईकोर्ट को बताया कि हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ रोहतक को मान्यता नहीं है। याची ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के रिटर्निंग ऑफिसर के 25 जुलाई के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हरियाणा एमेच्योर कुश्ती एसोसिएशन के चुनाव के लिए संघ के नामित प्रतिनिधियों को बाहर करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। याची ने बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर ने इस आधार पर याची की मांग को खारिज किया है कि 2 दिसंबर 2022 को हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन ने प्रमाण पत्र जारी कर संघ को मान्यता दी है।

## 23 दिनों तक संचालित मानसून सत्र का हुआ समापन

# लोकसभा में 45 व राज्यसभा में 63 प्रतिशत कामकाज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही मानसून सत्र समाप्त हो गया। इसके बाद एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 23 दिनों तक चले सत्र के दौरान कुल 17 बैठकें हुईं। उन्होंने कहा कि लोकसभा की उत्पादकता करीब 45 फीसदी और राज्यसभा की 63 फीसदी है।



- मानसून सत्र के दौरान हुई कुल 17 बैठकें
- लोकसभा में 22 व राज्यसभा में 25 विधेयक हुए पारित

मणिपुर की स्थिति पर चर्चा और सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण दोपहर के भोजन से पहले के सत्र में उच्च सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि लोकसभा में कुल 22 विधेयक पारित किए गए, राज्यसभा में 25 विधेयक और दोनों सदनों में 23 विधेयक पारित किए गए। इसके अलावा आईपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) को बदलने के लिए गृह मंत्रालय के तीन विधेयक ( सीआरपीसी), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को संसद की स्थायी समिति को भेजा गया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक कारणों से विपक्ष ने दिल्ली सेवा विधेयक के अलावा किसी भी अन्य बिल पर चर्चा में भाग नहीं लिया। वैसे, राज्यसभा में लगभग सभी विधेयकों पर चर्चा हुई। वहीं, अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में कुल 60 सदस्यों ने भाग लिया। एनडीए ने लोकसभा में ध्वनि मत से अविश्वास प्रस्ताव को आसानी से मात दी। दरअसल, विपक्ष ने 26 जुलाई को पीएम मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया था। अविश्वास प्रस्ताव मणिपुर हिंसा को लेकर लाया गया था, जिसपर सत्ता पक्ष और विपक्षी गठबंधन के बीच तीखी बहस देखी गई। यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा है।

# सुको में कॉलेजियम ने जजों के तबादलों की की सिफारिश

## राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने से इनकार करने वाले जज को गुजरात से पटना भेजा गया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने एक बड़ा फेरबदल करते हुए 23 उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की। इनमें पंजाब और हरियाणा, इलाहाबाद, गुजरात और तेलंगाना के उच्च न्यायालयों से चार-चार न्यायाधीश शामिल हैं। इन तबादलों में गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति हेमंत एम प्रच्छक का भी नाम शामिल है। न्यायमूर्ति हेमंत एम प्रच्छक वही न्यायाधीश हैं, जिन्होंने मोदी सर नेम मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

इस केस में राहुल गांधी ने न्यायालय से सजा पर रोक लगाने की अपील की थी। न्यायमूर्ति हेमंत एम प्रच्छक को गुजरात उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय भेजा गया है।

**सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले कॉलेजियम ने लिया फैसला**- भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान को इलाहाबाद, न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन को गुजरात, न्यायमूर्ति राज मोहन सिंह को मध्य प्रदेश और न्यायमूर्ति अरुण मोंगा को राजस्थान भेजने की सिफारिश की।

**न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह को मद्रास उच्च न्यायालय भेजा गया**- इलाहाबाद उच्च न्यायालय से न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह को मद्रास उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया को झारखंड, न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी को कलकत्ता और न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार-ढ्ढ्ढ को मध्य प्रदेश तबादला करने की सिफारिश की गई है। गुजरात हाई कोर्ट से जस्टिस अल्पेश वाई कोग्जे को इलाहाबाद भेजने की सिफारिश की गई है. जस्टिस कुमारी गीता गोपी मद्रास, जस्टिस हेमंत एम प्रच्छक पटना और जस्टिस समीर जे दवे राजस्थान जाएंगे। तेलंगाना उच्च न्यायालय से न्यायमूर्ति जी अनुपमा चक्रवर्ती, न्यायमूर्ति मुन्नूरी लक्ष्मण, न्यायमूर्ति एम सुधीर कुमार और न्यायमूर्ति सी सुमलता को क्रमशः पटना, राजस्थान, मद्रास और कर्नाटक उच्च न्यायालय तबादला करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम में जस्टिस एसके कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत भी शामिल थे। कॉलेजियम ने 3 अगस्त को बैठक कर जस्टिस एम सुधीर कुमार को कलकत्ता और जस्टिस सुमलता को गुजरात तबादला करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उनकी सिफारिशों पर विचार करने के बाद उन्हें क्रमशः मद्रास और कर्नाटक में भेजने का फैसला लिया गया। कॉलेजियम ने जस्टिस शेखर बी सराफ, लपिता बनर्जी और बिबेक चौधरी को कलकत्ता उच्च न्यायालय से क्रमशः इलाहाबाद, पंजाब और हरियाणा और पटना उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की भी सिफारिश की।

न्यायमूर्ति सी मानवेंद्रनाथ रॉय और न्यायमूर्ति दुप्पला वेंकट रमण को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से क्रमशः गुजरात और मध्य प्रदेश स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है, जबकि न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद को पटना उच्च न्यायालय से कलकत्ता भेजा जाएगा। कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नरेंद्र जी को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण छोटे लाल पटेल पिता स्व. श्री सेवा राम पटेल व अन्य द्वारा फौती के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, ग्राम पुरवा, तहसील गोरखपुर, जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 680, रकवा 0.2790 हैक्ट. भूमि पर श्री सेवा राम पटेल पिता स्व. श्री गोकुल प्रसाद पटेल का नाम सहखातेदार के रूप में शासकीय अभिलेख में दर्ज है दिनांक 05/05/1994 को श्री रेवाराम पटेल फौत हो चुके हैं एवं इनकी पत्नि श्रीमती त्रिवेणी बाई पति स्व. श्री सेवा राम पटेल का निधन भी दिनांक 11/07/2018 को हो चुका है। स्व. श्री सेवा राम पटेल के विधिक वारसान उनके पुत्र छोटे लाल पटेल, गोविन्द प्रसाद, काशीराम पटेल, कुंवर लाल कुर्मी, राजेंद्र पटेल, भरतलाल पटेल, स्व. पूरन लाल (फौत दिनांक 21/11/2021) स्व. बेड़ी लाल (फौत दिनांक 19/04/1990) सभी के पिता स्व. श्री सेवा राम पटेल हैं। यह कि स्व. पूरन लाल पिता स्व. श्री सेवा राम पटेल के विधिक वारसान उनकी पत्नी श्रीमती माया बाई पति स्व. पूरन लाल, उनके तीन पुत्र राकेश कुमार पटेल, प्रदीप एवं संजय पटेल तीनों के पिता स्व. पूरन लाल श्रीमती भागवती बाई पति स्व. रेवाराम पटेल, लखन लाल पटेल, श्रीमती सीता बाई पिता स्व. रेवाराम पटेल, उमाशंकर पिता स्व. दौलतराम, श्रीमती सरस्वती बाई, मनीष पटेल एवं आशीष पटेल, स्व. गौरीशंकर, श्रीमती मनीषा पटेल पिता श्री गौरीशंकर हैं एवं इसके अतिरिक्त स्व. पूरन लाल की कोई पुत्री अथवा अन्य वारसान नहीं है। यह कि स्व. बेड़ी लाल पिता स्व. श्री सेवा राम पटेल के विधिक वारसान उनकी पत्नी श्रीमती कुंती बाई पति स्व. बेड़ी लाल तथा एक पुत्र दिनेश कुमार पटेल एवं तीन पुत्रियाँ कलाबाई, कौशल्या, गुडडीबाई चारों के पिता स्व. बेड़ी लाल हैं। इसके अतिरिक्त स्व. बेड़ी लाल का अन्य कोई वारसान नहीं है। इनके अतिरिक्त स्व. श्री सेवा राम पटेल का अन्य कोई वारसान नहीं है। शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि वारसानों के नाम हस्तांतरित की जा रही है। यदि स्व. श्री सेवा राम पटेल के अन्य कोई वारसान हो या अन्य कोई उपरोक्त वर्णित संपत्ति का दावेदार हो तो कृपया कर आज प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर संपर्क करे तथा अपनी आपत्ति श्रीमान तहसीलदार महोदय गोरखपुर जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत करें। दिनांक- 12/08/2023

आवेदकगण
छोटे लाल पटेल पिता
स्व. श्री सेवा राम पटेल व अन्य

तहसीलदार, गोरखपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मुख्यमंत्री किसान कल्याण.....

कुल 2491.91 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 37 सर्वसुविधा सम्पन्न विद्यालयों के निर्माण के लिये कुल अनुमानित लागत 1362 करोड़ 91 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत 16 सीएम राइज विद्यालय के लिये 540 करोड़ रूपये और 19 कन्या शिक्षा परिसर के लिये 589 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है।

मंत्रि-परिषद ने भिण्ड के मालनपुर में सैनिक स्कूल के निर्माण की स्वीकृति दी और प्रदेश में नवीन जिला मऊगंज के गठन की स्वीकृति दी गई। इसी तरह शाजापुर में नवीन अनुविभाग गुलाना के सृजन की स्वीकृति दी।

### आपराधिक कानूनों में .....

आरोपियों की अनुपस्थिति में उन पर मुकदमा चलाये जाने समेत अनेक प्रावधान हैं। शाह ने सदन में भारतीय न्याय संहिता, 2023; भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को पेश करते हुए कहा कि देश में गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करने के प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के पांच प्रण के अनुरूप इन विधेयकों को लाया गया है जो जनता के लिए न्याय प्रणाली को सुगम और सरल बनाएंगे। गृह मंत्री के प्रस्ताव पर तीनों विधेयकों को संसदीय स्थायी समिति को भेजा जाएगा ताकि इन पर व्यापक विचार-विमर्श हो सके। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने राजद्रोह पर कानून बनाया था लेकिन हम राजद्रोह के कानून को पूरी तरह समाप्त करने जा रहे हैं। **मॉब लिचिंग' के लिए मौत की सजा**-उन्होंने कहा कि 'मॉब लिचिंग' के लिए सात साल या आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान होगा। उन्होंने कहा कि नाबालिगों से दुष्कर्म के मामले में अधिकतम मृत्युदंड का प्रावधान भी है। गृह मंत्री ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार 'शून्य प्राथमिकी' की प्रणाली ला रही है जिसके तहत देश में कहीं भी अपराध हो, उसकी प्राथमिकी ''हिमालय की चोटी से कन्याकुमारी के सागर तक कहीं से भी दर्ज कराई जा सकती है।'' **भगोड़े आरोपियों पर मुकदमा चलाने का ऐतिहासिक निर्णय**-शाह ने कहा कि भगोड़े आरोपियों की अनुपस्थिति में उन पर मुकदमा चलाने का ऐतिहासिक निर्णय भी लिया गया है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में दाऊद इब्राहिम वांछित है, वह देश छोड़कर भाग गया, लेकिन उस पर मुकदमा नहीं चल सकता। शाह ने कहा, '' आज हमने तय किया है कि सत्र अदालत जिसे भगोड़ा घोषित करेगी, उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलेगा और सजा सुनाई जाएगी।'' उन्होंने कहा कि यह सरकार ई-प्राथमिकी की व्यवस्था शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि अब हर थाने में एक पुलिस अधिकारी नामित होगा जो हिरासत में लिये गये आरोपियों के परिजनों को इस बात का प्रमाणपत्र देगा कि ''आपके परिजन हमारी गिरफ्त में हैं''।

**90 दिन के अंदर आरोप पत्र दायर करना होगा** -शाह ने कहा कि अब पुलिस को परिजनों को ऑनलाइन और व्यक्तिगत सूचना देनी होगी। उन्होंने कहा कि यौन हिंसा और उत्पीड़न के मामले में पीड़िता के बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य होगी। शाह ने कहा कि अदालतों में लंबित मामलों की संख्या कम करने के लिए 'त्वरित' की प्रणाली शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब पुलिस को 90 दिन के अंदर आरोप पत्र दायर करना होगा जिसे अदालत 90 दिन और बढ़ा सकती है। शाह ने कहा कि पुलिस को अधिकतम 180 दिन में जांच समाप्त करनी होगी और अदालतें भी फैसलों को सालों तक लंबित नहीं रख सकतीं। उन्होंने कहा कि नये कानूनों के तहत यह सरकार पहली बार शादी, रोजगार और पदोन्नति के झूठे वादे करके यौन संबंध बनाने को अपराध की श्रेणी में ला रही है।

### मणिपुर जल रहा है......

मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में करीब 2 घंटे 13 मिनट तक बोला। अंत में उन्होंने मणिपुर पर 2 मिनट तक बात की। मणिपुर महीनों से जल रहा है, लोग मारे जा रहे हैं, बलात्कार हो रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री हंस रहे थे, चुटकुले सुना रहे थे। यह उन्हें शोभा नहीं देता। **राहुल गांधी ने कहा कि जब कोई पीएम बन जाता है तो वह राजनेता नहीं रह जाता**-कांग्रेस सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री कम से कम मणिपुर जा सकते थे, समुदायों से बात कर सकते थे और कह सकते थे कि मैं आपका पीएम हूं, आइए बात शुरू करें लेकिन मुझे कोई इरादा नहीं दिखता। सवाल यह नहीं है कि क्या पीएम मोदी 2024 में पीएम बनेंगे, सवाल मणिपुर का है जहां बच्चे, लोग मारे जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि जब कोई पीएम बन जाता है तो वह राजनेता नहीं रह जाता। वह देश की आवाज का प्रतिनिधि बन जाता है. राजनीति को किनारे रख देना चाहिए और पीएम मोदी को एक छोटे राजनेता के तौर पर नहीं बल्कि प्रधानमंत्री के तौर पर बोलना चाहिए। अपने पीछे भारतीय लोगों के वजन के साथ बोलना चाहिए। पीएम को समझ नहीं आ रहा है कि वह वास्तव में क्या हैं।

### बेहतरी के बावजूद.....

जांचती तथा उसे अनुमानित करती है। इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा और उन्नत जीवन शैली मुख्य रूप से सम्मिलित है। स्वास्थ्य में तीन मुख्य बिंदुओं का विश्लेषण किया जाता है, जिसमें बच्चों, महिलाओं और पुरुषों द्वारा उपयोग में लिए जाने वाले पोषण की मात्रा, बाल और किशोर मृत्युदर की संख्या तथा मातृ स्वास्थ्य पर विभिन्न आंकड़ों को सम्मिलित और विश्लेषित किया जाता है। शिक्षा के अंतर्गत बच्चों का विद्यालय में बिताए जाने वर्ष और उनकी उपस्थिति को मुख्य आधार बनाया जाता है। इसके अलावा लोगों की रहन-सहन की स्थिति को प्रभावित करने वाले विभिन्न आयामों के अंतर्गत घर में खाना बनाने के लिए उपयोग में आने वाले ईंधन के प्रकार, स्वच्छता, साफ पानी की सुविधा, रहने के लिए घर, बिजली की सुविधा, कुछ प्रकार की संपत्तियां, बैंक खाते की सुविधा आदि सम्मिलित हैं। नीति आयोग की ताजा रपट में इन तीनों आयामों में बहुत परिवर्तन दर्ज किए गए हैं।

अगर खाद्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक तत्त्वों की बात की जाए, तो भारत में वर्ष 2015 से वर्ष 2021 के दौरान तकरीबन 6 फीसद का परिवर्तन दर्ज हुआ है। पहले तकरीबन 37 फीसद आबादी के खाद्य पदार्थों में पोषक तत्त्व नहीं मिलते थे, जो आज 31 फीसद के आसपास है। वहीं दूसरी तरफ बाल व किशोर मृत्यु का आंकड़ा वर्तमान समय में 2 फीसद है, लेकिन मां का स्वास्थ्य इसलिए चिंता का विषय है कि यह आंकड़ा 19 फीसद दर्ज है। उसी तरह शिक्षा पर बात की जाए, तो स्कूल में बिताए जाने वाले वर्षों की संख्या तथा उपस्थिति के दिनों में कोई बहुत आमूलचूल परिवर्तन दर्ज नहीं हुआ है, पर निश्चित तौर पर भारत में अब यह नहीं कहा जा सकता कि आबादी का एक बड़ा भाग साक्षर नहीं है। तीसरा और मुख्य आयाम, जिसके अंतर्गत जीवन शैली के विभिन्न पक्षों को गरीबी सूचकांक द्वारा निर्धारित किया जाता है, उनमें सबसे ज्यादा परिवर्तन घरों में बिजली की सुविधा है। अब देश की आबादी का लगभग 3 फीसद हिस्सा ही इन सुविधाओं से वंचित है। उसी तरह बैंकिंग सुविधाओं पर भी यह आंकड़ा 3 से 4 फीसद के बीच ही दर्ज हुआ है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**पश्चिम मध्य रेल**
**आम नीलामी सूचना**

जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पुराने बैग सूटकेस, जिनमें नए पुराने कपड़े, पानी की बोतल (1 ली.), इत्यादि सामग्री की नीलामी की जाना है। उक्त सामग्री की नीलामी जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में दिनांक 21.08.2023 दिन सोमवार को प्रातः 12:00 बजे की जायेगी। अतः उक्त नीलामी के इच्छुक बोलीकर्ता COVID-19 से सुरक्षा हेतु नियमों का पालन करते हुए समयानुसार उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक-II
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।

**पश्चिम मध्य रेल**
शुद्धिपत्र संख्या 09/2023

निविदा सं. 38231584C जिसके खुलने की तिथि 21.08.2023 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/31/2023 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं। Tender No. & short Description: 38231584C Description: Coupler Body with Shank Wear Plate, Description: From-Current Lowest Bid, To-Coupler Body with Shank Wear Plate. अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें।

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।

कोर्ट विद्यमान आयुक्त, कामगार नुकसान भरपाई कायदा, तथा मा. न्यायाधिश, प्रथम कामगार न्यायालय, नागपूर.

केस नंबर : Misc. (W.C.A.) No. : (A) - ५१/२०२३
पेशी तारीख १८/०८/२०२३
अर्जदार : मंगराया सदया वाघाडे व २
-विरूध्द-
जाब देणार : श्री गजेश मानीकलाल बामोहारे

**जाहीर सूचना**

आम जनतेस कळविण्यात येते की, मृतक **अजय वाघाडे** यांचे मृत्यु प्रकरणी नुकसान भरपाई म्हणून गैरअर्जदार यांनी न्यायालयीन आदेशानुसार एकुण रक्कम रू. १३,४१,२६०/- कोर्टात जमा केलेले आहेत. त्यांचे वारस म्हणून **१. मंगराया सदया वाघाडे (वडील), २. चम्हारीन सदया वाघाडे (आई), ३. मास्टर अभय (भाऊ), राहणार- सुनारकाकोडी, तालुका लांजी बालाघाट एम. पी.** यांनी उपरोक्त रक्कम मिळण्या करीता दावा दाखल केला आहे. त्याशिवाय कुणी वारस (अवलंबीत) असल्यास जाहीराती पासून ३० (तीस) दिवसात म्हणजे **दि. १८/०८/२०२३** रोजी लेखी पुराव्यासह न्यायालयात हजर करावा. अन्यथा रकमेचे भुगतान उपस्थित वरील अवलंबितदारांला करण्यांत येईल याची नोंद घ्यावी.

शिक्का
आदेशान्वये,
स्वाक्षरी/- प्र. सचिव,
कामगार न्यायालय, नागपूर.

**भारतीय स्टेट बैंक** शाखा- आर.ए.सी.पी.सी. फर्स्ट फ्लोर, एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2627217, 2624654

**चल सम्पत्ति (वाहन) के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निम्नलिखित वाहन का जहां है, जैसा है, जो है के आधार पर विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

ई-नीलामी की तिथि- 25.08.2023 समयः प्रातः 11.00 से सायं 3.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

| क्र. | ऋणी | चल सम्पत्ति ( वाहन ) का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी - श्री अरविंद उपाध्याय पिता श्री रामा शंकर उपाध्याय पता- 6/1, बेलखाडू, कटंगी रोड प्रोप. आईडी- SBIN200018728431 | निर्माताः Renault India Pvt. Ltd. मॉडल- Kwid RXT 1.0 SCE BSIV Petrol रजिस्ट्रेशन नं. - MP20CG3990 इंजन नं. - E055845 चेसिस नं.- MEEBBA004H4489564 निर्माण वर्ष- 2017, कलर- White | रू. 72,000/- | रू. 7,200/- |

वाहन निरीक्षण स्थल- भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- आर.ए.सी.पी.सी., फर्स्ट फ्लोर, एस. बी. आई. मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर

नियम एवं शर्तेः- (1) विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) सम्पत्ति की बिक्री ''जहाँ है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। (3) ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिये जिम्मेदार नहीं होगा। (4) विक्रय से संबंधित नियम और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com /auctionhome/ibapi/index.jsp पर देखें। (5) इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई-डी व पासवर्ड स्वयं बनाना है जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई-डी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। (6) उपरोक्त निविदा सूचना में से सभी को अथवा किसी एक सम्पत्ति की निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांक - 12/08/2023 स्थान - जबलपुर प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी., सिविल लाईन्स, जबलपुर

# देश-प्रदेश

## उवाच

### जो नतीजा बिहार में हुआ, वही देश में होगा : तेजस्वी यादव



**पटना, एजेंसी।** बिहार के उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर की घटना पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि- ये सभी लोग डरे और घबराए हुए हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जो नतीजा बिहार में हुआ वही पूरे देश में होगा। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि- अविश्वास प्रस्ताव पर गुरुवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जो भाषण दिया, उससे लोगों को घोर निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि- लोगों को आशा थी कि प्रधानमंत्री सही बात करेंगे, लेकिन वे विपक्ष पर ही निशाना साधते रहे।

## सार-समाचार

### देश के 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के ज्यादातर जिलों के लिए 11-14 अगस्त तक रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल के ज्यादातर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में शुक्रवार तड़के सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इसके चलते शिमला-कालका नेशनल हाईवे-5 बंद हो गया। राज्य में NH-21 भी लैंडस्लाइड की वजह से बंद है। इसके अलावा 242 अन्य रोड भी बारिश की वजह से ब्लॉक हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ जाने वाला गुप्तकाशी-गौरीकुंड हाईवे पत्थर और मलबा गिरने की वजह से ब्लॉक हो गया है। हाईवे का 60 मीटर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

### आरोपी चेतन सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, नार्को जांच की मंजूरी नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में चलती ट्रेन में तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कॉन्स्टेबल चेतन सिंह को शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इसके अलावा, अदालत ने किसी भी तरह के परीक्षण करने की अनुमति से इनकार कर दिया है। गौरतलब है, 31 जुलाई को 34 वर्षीय चेतन सिंह ने अपने वरिष्ठ अधिकारी सहायक उप-निरीक्षक टीकाराम मीन सहित ट्रेन में यात्रा कर रहे तीन यात्रियों को गोली मार दी थी, जिससे तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### स्टालिन की पत्नी ने 14 लाख का मुकुट चढ़ाया

**गुरुवायूर, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा स्टालिन ने केरल के गुरुवायूर में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में सोने का मुकुट दान किया। इसकी कीमत 14 लाख रुपए है। यह मुकुट सोने के 32 सिक्कों से बना है। बताया जा रहा है कि यह मुकुट उन्हें कोयंबटूर के एक व्यापारी ने दिया था। उन्होंने चंदन घिसने के लिए दो लाख रुपए की कीमत वाली एक मशीन भी मंदिर को दान दी है। दुर्गा अपनी बहन और अन्य रिश्तेदारों के साथ मंदिर पहुंची थीं। दुर्गा स्टालिन ने जिस मंदिर में दर्शन किए, वह केरल के त्रिशूर जिले में है। यहां भगवान श्रीकृष्ण की गुरुवायुरप्पन स्वरूप में पूजा की जाती है। इस प्रसिद्ध मंदिर को दक्षिण की द्वारका के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि यह मंदिर 5000 साल पुराना है। लोककथाओं के अनुसार इसका निर्माण देवशिल्पी विश्वकर्मा ने किया था। मंदिर को इस प्रकार बनाया गया था कि सूर्य की प्रथम किरणें सीधे भगवान गुरुवायुर के चरणों पर गिरें। इस मंदिर में गैर-हिंदुओं को नहीं आने दिया जाता है।

# आने वाला जमाना बहनों का है : शिवराज

## 17 अगस्त को दूसरे गाँव पढ़ने जाने वाले बच्चों के लिये साइकिल की राशि वितरित की जायेगी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में जनता की जिंदगी बदलने का अभियान जारी रहेगा। आने वाला जमाना बहनों का है। बहनों की जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उनकी जिंदगी में किसी भी तरह का दुख, तकलीफ और कष्ट नहीं रहने दिया जाएगा। लाड़ली बहना योजना में एक हजार रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रति माह कर दिए जाएंगे। दूसरे गाँव पढ़ने जाने वाले बच्चों के लिये साइकिल के लिये आगामी 17 अगस्त को राशि अंतरित की जायेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान भिण्ड जिले के लहार में लाड़ली बहना सम्मेलन और विकास पर्व के अंतर्गत 559 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद भदौरिया, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद संध्या राय, विधायक भिंड संजीव सिंह कुशवाहा, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में बहनें तथा आमजन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेटा और बेटियों को बराबर मानना चाहिए। बिना बहन-बेटियों के यह सृष्टि नहीं चल सकती है। बेटे-बेटियों में भेदभाव नहीं होना चाहिए। मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू की गई है, जिससे प्रदेश में जन्म लेने वाली बेटी लखपति होगी। बेटियों के लिए पुलिस, शिक्षकों और अन्य सरकारी पदों में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। स्थानीय निकायों के चुनाव में भी आरक्षण दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में लागू मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के माध्यम से सवा करोड़ बहनों के खातों में हर माह एक-एक हजार रुपए की राशि डाली जा रही है। यह राशि केवल पैसा नहीं बल्कि बहनों का सम्मान है। वे 27 अगस्त को रक्षाबंधन से पहले लाड़ली बहनों से एक बार पुनः संवाद करेंगे। प्रदेश की सभी बहनें दोपहर में 2 बजे अपने-अपने गांव से वर्चुअली जरूर शामिल हों।

**अतीत बदलकर वर्तमान को बेहतर बनाया है मुख्यमंत्री ने**-केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अतीत बदलकर वर्तमान को बेहतर बनाया है और मध्यप्रदेश का भविष्य उज्जवल करने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना लाकर बहनों- बेटियों की संख्या और सम्मान में वृद्धि की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान बहनों के भाई या बेटियों के मामा के रूप में कार्य कर रहे हैं। लाड़ली बहना योजना के तहत एक हजार रुपए प्रतिमाह देकर बहनों को सशक्त बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों का ब्याज माफ कर उनका बोझ कम किया है। श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 12 हजार रुपए की राशि दी जा रही है।

### लहार में 559 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भिण्ड जिले की तहसील लहार में 559 करोड़ रूपये से अधिक लागत के कुल 367 विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। इसमें लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के 71 करोड़ 55 लाख लागत के 3 विकास कार्य, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम के 70 करोड़ 04 लाख लागत के 2 सीएम राईज स्कूल, लोक निर्माण विभाग पीआईयू के 17 करोड़ 79 लाख लागत के 6 विकास कार्य, म.प्र. ग्रह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के 1 करोड़ 7 लाख लागत का शौर्य स्मारक एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 261 करोड़ 51 लाख 80 हजार लागत के 324 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के 26 करोड़ 58 लाख लागत के 5 विकास कार्य, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम के 43 करोड़ 75 लाख लागत के 2 विकास कार्य, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन के 27 करोड़ 7 लाख लागत के 5 विकास कार्य, लोक निर्माण विभाग के 31 करोड़ 72 लाख लागत के 11 विकास कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 8 करोड़ 28 लाख 4 हजार लागत के 8 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।



# अधीर रंजन के निलंबन पर कांग्रेस ने किया मार्च

**नई दिल्ली।** मानसून सत्र के आखिरी दिन संसद में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के निलंबन पर इंडिया के सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी सांसद शामिल हुए। उधर, राज्यसभा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के सस्पेंशन का मुद्दा उठा।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक कल

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की चुनावी गतिविधियां तेज हो चुकी हैं, इसी के मद्देनजर अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे 22 अगस्त को सागर आ रहे हैं। वे यहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जानकारी से प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने अवगत कराया। उन्होंने बताया कि श्री खड़गे के आगमन की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर रविवार, 13 अगस्त को सागर जिले की लक्ष्मी नारायण बाटिका में पूर्वान्ह 11 बजे से एक बैठक रखी गई है। जिसमें प्रदेश कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, लखन घनघोरिया, अभा कांग्रेस के सचिव सह प्रभारी संजय कपूर मौजूद रहेंगे।

# भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने की पीएम स्वनिधि की समीक्षा

**भोपाल, देशबन्धु।** आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार श्री संजीत ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा की। श्री संजीत ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। नगरीय निकाय और बैंकों के संयुक्त प्रयासों से इस दिशा में और बेहतर कार्य किया जा सकता है। संयुक्त सचिव ने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि पीएम स्वनिधि के तहत आने वाले आवेदनों को छोटे मोटे कारणों से निरस्त न करें, बल्कि स्थानीय निकायों के साथ मिलकर मामले सुलझायें। मिशन मोड में कार्य करते हुए हितग्राहियों को ऋण चुकाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही हितग्राहियों को ऋण की दूसरी और तीसरी किश्त लेने के लिए भी प्रेरित करें। श्री संजीत ने बैंक अधिकारियों से वन टू वन चर्चा भी की। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के लिए नये पंजीयन करने निकाय बैंकों के साथ समन्वय कर शिविर लगायें। इन शिविरों में बैंक द्वारा लौटाये गए आवेदनों एवं लंबित आवेदनों का निराकरण किया जाये।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में मप्र आगे

- 1074 गाँवों के समग्र विकास के लिए केन्द्र से मिले 210.90 करोड़
- सौ से ज्यादा विकास कार्य पूरे

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है। योजना में ऐसे 1074 गाँवों को शामिल किया गया है जिनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 50 प्रतिशत या उससे ज्यादा है। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने हर गाँव के लिए 20 लाख रूपये का आवंटन उपलब्ध कराया है। इन 1074 ग्रामों में विकास के लिए रूपये 210 करोड़ 90 लाख केन्द्र सरकार से मिले है। इस राशि के साथ कन्वर्जेन्स कर 4500 विकास कार्य पूरे कर लिए गये हैं तथा 3000 कार्य चल रहे हैं।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गाँवों में समग्र रूप से विकास सुनिश्चित करना है। इन गाँवों के लिए सामाजिक सुरक्षा, पोषण, सड़कें, आवास, विद्युत प्रदाय, स्वच्छता, ईंधन की उपलब्धता, कृषि, वित्तीय समावेश, डिजिटल सुविधा, जीवन-यापन और कौशल विकास से संबंधित करीब 50 ऐसे निगरानी योग्य संकेतक तैयार किए गए हैं जिनके आधार पर गाँव के विकास की समीक्षा की जा रही है। केन्द्र सरकार की सभी संबंधित योजनाओं और राज्य सरकार की योजनाओं को मिलाकर गाँव विकास रोडमैप तैयार किया गया है। यह योजना वर्ष 2014-15 से प्रारंभ की गई है। शुरूआत में इसमें प्रदेश के 327 गाँवों को शामिल किया गया था। वर्ष 2022 से योजना मापदण्ड में बदलाव कर न्यूनतम 500 जनसंख्या वाले गाँवों में अनुसूचित जाति समुदाय की कम से कम 40 प्रतिशत संख्या का मापदण्ड रखा गया है। इस आधार पर प्रदेश के 619 गाँवों को शामिल करने की कार्रवाई चल रही है।

**समन्वय समितियों का गठन :** जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना कन्वर्जेन्स समिति और गाँवों में सरपंच की अध्यक्षता में कन्वर्जेन्स समितियाँ गठित की गई हैं। इन समितियों द्वारा सभी संबंधितों से योजना, उसके उद्देश्य, क्रियान्वयन, फंड की व्यवस्था विभिन्न विभागों को उनकी नियमित योजना और प्राप्त होने वाले बजट के कन्वर्जेन्स आदि विषयों पर चर्चा कर गाँव विकास योजना तैयार कर विकास की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिला स्तर पर जिला कलेक्टर योजना के प्रभारी एवं ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभा को योजना को जिम्मेदारी दी गई है। इस योजना में मुख्य रूप से दो प्रकार के कार्य किये जाते हैं। पहला ग्राम की विकास योजना तैयार कर ग्राम के समुचित अधोसंरचनात्मक विकास के लिए विभिन्न विकास विभागों की योजनाओं का कियान्वयन कराना। ऐसे कार्यों के लिए जिनमें विकास कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध होने में दिक्कत हो, वहाँ गैप-फिलिंग निधि से कार्य कराना। इस योजना में गाँवों के लोगों को विभिन्न विकास विभागों की योजनाओं का लाभ दिलाना। जैसे स्कूल जाने योग्य बच्चों का प्रवेश शालाओं में कराना। सभी बच्चों का टीकाकरण कराना। वृद्धावस्था एवं दिव्यांग जन पेंशन के लिए सभी पात्रों के बैंक खाते खुलवाना, आधार कार्ड बनवाना आदि। इसके अलावा पेयजल एवं सफाई व्यवस्था, ठोस एवं तरल कचरे के निराकरण, आँगनवाड़ियों में शौचालयों का निर्माण, आँगनवाड़ी भवनों का निर्माण, बारहमासी सड़कों का निर्माण, सोलर लाईट एवं स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करने जैसे कार्य किये जा रहे हैं।

# पूर्व विधायक अभय और नीलम मिश्रा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**भोपाल, देशबन्धु।** रीवा के कांग्रेस नेता, पूर्व विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अभय मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी पूर्व विधायक श्रीमती नीलम मिश्रा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश शासन के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष ने पार्टी की सदस्यता प्रदान करते हुए उन्हें पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

मिश्रा दंपत्ति के साथ ही कांग्रेस जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुंदरिया आदिवासी, जनपद उपाध्यक्ष मिश्रीलाल तिवारी, भोले तिवारी, जनपद सदस्य राजेन्द्र सिंह भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अभय मिश्रा और श्रीमती नीलम मिश्रा ने कहा कि आज हमारी घर वापसी हुई है। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का आभार माना है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Punam Lalit Misale पत्नि Misale Lalit Ganesh उम्र 33 वर्ष निवासी-ग्राम Agikhed पोस्ट ऑफिस Khanapur तहसील Patur, पुलिस स्टेशन Patur जिला-Akola राज्य- Maharashtra पिन 444501, मेरे पति का Army No.15716243N , Rank-NK , Misale Lalit Ganesh है तथा जो वर्तमान मे Jabalpur (M.P.) पदस्थ है । मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में नाम Punam Rajedera Thakare दर्ज है जो गलत है मेरे समस्त दस्तावेजों Punam Lalit Misale दर्ज है जो सही है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है पति के आर्मी रिकार्ड मे मेरा नाम Punam Rajedera Thakare के स्थान पर मेरा नाम Punam Lalit Misale दर्ज किया जाकर लिखा पढ़ा जाए जो सही है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13764398N Rank HAV Name ANISH KUMAR UPADHYAY of Presently residing at Vill - SHAMSHER GARH, PO -SHAMSHER GARH, TEH- DEHRADUN, DISTT-DEHRADUN, (UK) PIN 248001 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम RAJNI DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम RAJNI UPADHYAY है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम RAJNI UPADHYAY को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 755747 दिनांक 11/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- RAJNI DEVI
सही नाम- RAJNI UPADHYAY

## नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं Army No JC-582760P Rank SUB Name MADAN LAL of Presently residing at Vill- SAWALA PO-NAGIN PATT TEH DHARAMSHALA Distt KANGRA (HP) PIN-176209 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम DHARASHANA DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम DARASHANA DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातो में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम DARASHANA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे और मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता की जन्मतिथि 26/08/1957 दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता की सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 01/01/1951 है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी माता की इस जन्मतिथि 01/01/1951 को पदा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 755738 दिनांक 11/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- DHARASHANA DEVI
गलत जन्मतिथि- 26/08/1957
सही नाम- DARASHANA DEVI
सही जन्मतिथि- 01/01/1951


भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने कहा

# सागर में बनने वाला रविदास मंदिर सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट केन्द्र बनेगा



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने कहा कि सागर के बडतुमा में सौ करोड की लागत से बनने वाला संत रविदास का मंदिर सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट केन्द्र बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संत रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व को समर्पित मंदिर और संग्रहालय की 12 अगस्त को आधारशिला रखेंगे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री आर्य ने बताया कि मंदिर निर्माण में हर प्रदेशवासी की सहभागिता हो सके, इसके लिए गांव की एक मुट्ठी मिट्टी और नदी का जल एकत्रित किया गया, ताकि इसे मंदिर निर्माण में उपयोग किया जा सके। इस समागम में देश भर से 4 सौ से 5 सौ संत उपस्थित रहेंगे।

मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर्य ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए मध्य प्रदेश में समरसता यात्राएं निकाली गईं। प्रदेश के 5 स्थानों नीमच, मांडव धार, श्योपुर, बालाघाट और सिंगरौली से एक साथ 5 यात्राएं 25 जुलाई को प्रारम्भ हुईं। यात्राएं प्रदेश के हर गांव से मिट्टी एवं सभी विकासखण्डों की 313 नदियों से जल का सांकेतिक संग्रहण करते हुए आज सागर आएंगी। आर्य ने बताया कि यह यात्राएं प्रदेश के 45 जिलों से होकर निकली। मुख्य यात्रा के साथ ही विभिन्न ग्रामों व नगरों में 1661 उपयात्राएं और कलश यात्राएं भी आयोजित हुईं। साथ ही यात्रा के दौरान 352 जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और 25 लाख से अधिक लोगों ने सहभागिता की। यात्रा में प्रदेश के 20,641 ग्रामों से मिट्टी और 313 नदियों का जल सांकेतिक रूप से एकत्रित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री अनिल सूद, विधायक सुभाष रामचरित्र, प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा, सुश्री नेहा बग्गा, बृजगोपाल लोया, मिलन भार्गव, गुलरेज शेख, मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, शुभम शुक्ला उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर हुआ अमल

# रीवा में 6 सौ परिवारों को अधिग्रहित का कब्जा दिलाने अधिसूचना जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने रीवा में शहर के लगभग 600 परिवार को 40 साल बाद उनके पुश्तैनी भूमि / भवन पर मालिकाना हक सौंपे जाने के आदेश जारी किए है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने इस संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा पर अमल करते हुए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि आज से लगभग 40 वर्ष पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा ने योजना क्रमांक 6 के अमल हेतु शहर की भूमि अधिग्रहित की थी, किंतु कालांतर में पूरी योजना पर अमल न होने के कारण बची हुई 32 एकड़ भूमि लौटाये जाने की मांग को लेकर भूमि स्वामी लगातार संघर्षरत थे। इस संबंध में पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेन्द्र शुक्ल ने उनकी पीड़ा को समझते हुए लगातार प्रयास करते रहे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं. 03 रामपुर शक्ति भवन रोड नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं. क्रं.-03/एम/2023-24/88
दिनांक 28/07/2023

## भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राहुल कुमार यादव पिता जगन्नाथ प्रसाद यादव ने प्लाट क्र. 221 वार्ड ग्वारीघाट वार्ड प्लाट 1500, भूतल 1000 प्रथम तल 1000 विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्र. 221 वार्ड ग्वारीघाट वार्ड पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) विष्णु दयाल सेन पिता गया प्रसाद सेन के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक- 3 रामपुर, शक्ति भवन रोड, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्र.-03 रामपुर नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं.सं.अधि/सं. क्रं.-12/2023-24/एम-21
दिनांक 08/08/2023

## भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमती लिपिका जाट पति श्री महेन्द्र कुमार जाट (2) श्री महेन्द्र कुमार जाट पिता स्व. श्री पुत्तूलाल जाट ने मकानं. 374 वार्ड महर्षि अरविन्द कुल क्षेत्रफल 750व.फु. खुली भूमि 750 व.फु. प्रथम तल ... शपथ पत्र/विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है, जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामातरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रं.-12**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - जबलपुर, माधवराव सप्रे मार्ग, ( मुख्य मार्ग क्रमांक 03 ) भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आं.सू. क्रं. /12/ एन.एच.एम./2023-24/566 — भोपाल दिनांक 04/08/2023

### निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन ( निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) सं. क्र. 1 से 2 तीन लिफाफा पद्धति एवं 3 से 7 तक दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.आई.यू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ. आर. 15.09.2022 ( निविदा जारी होने दिनांक तक किये गये समस्त संशोधनों सहित ) दरों पर आमंत्रित की जाती है । निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

**ई-निविदा सूचना क्रमांक-12/2023-24 दिनांक 03.08.2023**

| सं. क्र. | टेण्डर नं. 2023_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_DHS _296619 | जिला चिकित्सालय कटनी में फायर फाइटिंग हायडेन्ट एवं फायर सेफ्टि का कार्य। | 101.31 | 101310.00 | 12500.00 | 04 माह |
| 2 | 2023_DHS _296620 | जिला चिकित्सालय बालाघाट में फायर फाइटिंग हायडैन्ट एवं फायर सेफ्टि का कार्य। | 130.78 | 130780.00 | 12500.00 | 04 माह |
| 3 | 2023_DHS _296621 | जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में फायर फाइटिंग हायडैन्ट एवं फायर सेफ्टि का कार्य। | 81.84 | 81840.00 | 10000.00 | 04 माह |
| 4 | 2023_DHS _296622 | जिला चिकित्सालय मण्डला में फायर फाइटिंग हायडैन्ट एवं फायर सेफ्टि का कार्य। | 80.84 | 80840.00 | 10000.00 | 04 माह |
| 5 | 2023_DHS _296623 | जिला चिकित्सालय सिवनी में फायर फाइटिंग हायडैन्ट एवं फायर सेफ्टि का कार्य। | 79.44 | 79440.00 | 10000.00 | 04 माह |
| 6 | 2023_DHS _296624 | जिला चिकित्सालय छिन्दवाड़ा में फायर फाइटिंग हायडैन्ट एवं फायर सेफ्टि का कार्य। | 83.67 | 83670.00 | 10000.00 | 04 माह |
| 7 | 2023_DHS _296625 | जिला चिकित्सालय डिण्डौरी में फायर फाइटिंग हायडैन्ट एवं फायर सेफ्टि का कार्य। | 80.35 | 80350.00 | 10000.00 | 04 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 07/08/2023 प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 21/08/2023 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते हैं।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।
5. उपरोक्त कार्यों हेतु विशेष शर्त लागू होगी जो ऑन-लाईन में अपलोड की गई है।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-18136/23

**कार्यपालन यंत्री,**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर**

# अभिमत

*सीधी सी बात थी, मणिपुर पर मोदी का मौन व्रत तुड़वाना था। सामूहिक बलात्कार, नरसंहार पर बेहिस-बेग़ैरत सरकार को संसद के ज़रिये एक्सपोज करना था, तो अविश्वास प्रस्ताव ही एक रास्ता बचा था, जिसपर व्यापक बहस होती। लेकिन हुआ क्या? एक ऊंट की शादी हो रही थी। शादी में गधे गीत गा रहे थे। गधों ने ऊंट के रूप की बड़ाई करते हुए कहा, 'अहो रूपम' अर्थात, 'आप क्या लग रहे हैं!' ऊंट ने भी शिष्टाचार धर्म का पालन करते हुए कहा, 'अहो ध्वनि' अर्थात 'क्या आवाज है आपकी!'*

## अहो रूपम, अहो ध्वनि!



पुष्परंजन

**सवाल तीन थे। पहला, मणिपुर में हिंसा भड़कने के तीन महीने बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर क्यों नहीं गए? दूसरा, मणिपुर पर बोलने के लिए प्रधानमंत्री को 80 दिन क्यों लगे? और तीसरा, प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को बर्खास्त क्यों नहीं किया? मोदी ने किसी का उत्तर नहीं दिया।**

बकवास करो
हर बार करो – गर बिकता है।
बेबात हँसो,
बकवास करो।

रवीन्द्र दास की शुरू की दो, और आख़िरी की दो लाइनों की याद गुरुवार शाम अनहद आती रही। संसद में थकाऊ और लंबे भाषण पर मोदी मन भाये वाले सभासद थक नहीं रहे थे। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर समर्थन कम और लानत का समां अधिक बंधा हुआ था। संसद में कभी मेज का थपथपाना, तो कभी 'मोदी-मोदी' के नारे को चुनावी मंच बना चुके थे ट्रेजरी बेंच पर विराजे महानुभाव। मणिपुर पर प्रधानमंत्री जब बोल रहे थे, उस अभागे प्रांत से एक ख़बर आई, जिसे एजेंसियों ने सत्रावसान के बाद चलने दी। ख़बर थी, सामूहिक बलात्कार की। आजकल सामूहिक बलात्कार, मॉब लिचिंग की ख़बरें सन्नाटे को चीर नहीं पाती। सुनने वालों के कानों, दिलो-दिमाग़ से गुज़र जाती हैं ऐसी ख़बरें। हमारी इंद्रियों को स्मार्ट फोन ने इंगेज कर रखा है। अधिकांश की आत्मा मर चुकी है। विगत दस वर्षों में नेटीजंस की जो पौध झाड़-झंखाड़ की तरह उग आई, उनमें संवेदना को कुंद करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों अदालत से प्रसन्न नहीं दीखते। संसद में उनके एक वाक्य से न्यायालय के प्रति उनकी जुगुप्सा यों जाहिर हुई, 'मणिपुर पर अदालत का फैसला आया। अब अदालतों में क्या हो रहा है, ये हम जानते हैं।' प्रधानमंत्री अदालत से नाखुश केवल मणिपुर में आदिवासी समुदाय को आरक्षण और उसके बाद बेकाबू दावानल से नहीं हैं, राहुल गांधी के लिए संसद में वापसी का रास्ता सुप्रीम कोर्ट के बज़रिये जिस तरह प्रशस्त हुआ, वह सबसे अधिक कष्ट का कारण है।

मोदी ने संभवत: सोचा नहीं था कि रावण, विभीषण, कुंभकरण शब्दों के माध्यम से संसद में साक्षात किये जाएंगे। ठीक से देखा जाए तो संसद में राहुल का सर्वाधिक सशक्त और मारक 'सर्जिकल स्ट्राइक' रहा है। ट्रेजरी बेंच में तिलमिलाहट से साफ नज़र आ रहा था कि राहुल के शब्दभेदी वाण से वो आहत हैं। अक्सर मुस्कुराते रहने और निश्चिंत भाव-भंगिमा वाले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पहली बार देश ने ग़ुस्से में देखा। आसन पर बेचैनी से करवटें बदलते देखकर उनकी असहज स्थिति का अंदाज़ा आसानी से लगाया जा सकता था।

गुरूवार को विश्व गुरू के बोलने से पहले पूरे देश को यही अंदाज़ा था कि 'इंडिया' और ख़ुसूसन राहुल गांधी पर वो अग्निवाण छोड़ेंगे। राहुल को शब्दों से वो वेध देंगे। मगर, मालूम नहीं क्यों मोदी के शब्द फुस्स फुलझरी साबित हुए। अब संभवत: लालक़िले के प्राचीर से प्रधानमंत्री शब्दों के गोले दागें। लेकिन कितना भी अच्छा नाचने वाला मोर जब अपने पैरों की ओर देखता है, थम जाता है। मणिपुर भी मोर के पांव की तरह पीएम मोदी के पादुका में प्रत्यारोपित हो चुका है। मोदी ने तो शायद मणिपुर पर चुप रहने की ठान ली थी, मगर विपक्ष की व्यूह रचना ने उन्हें बोलने पर विवश कर दिया। मणिपुर पर मोदी क्या विपक्ष के बायकॉट का इंतज़ार कर रहे थे?

लोकसभा में देश के प्रधानमंत्री के बयानों पर मुलाहिज़ा कीजिए, 'महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए। यह अपराध अक्षम्य है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं। जिस प्रकार से प्रयास चल रहे हैं, निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मणिपुर फिर एक बार नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। मैं मणिपुर के लोगों से भी आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं। वहां की माताओं, बहनों, बेटियों से कहना चाहता हूं- देश आपके साथ है। यह सदन आपके साथ है। हम सब मिलकर इस चुनौती का समाधान निकाल लिया, वहां शांति की स्थापना होगी। मणिपुर फिर विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़ेगा। प्रयासों में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।'

लेकिन सरकार से ग़लतियां हुईं। पूरा सिस्टम फेल कर गया। क़ानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ीं, यह क्यों नहीं स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी? म्यांमार से 1643 किलोमीटर सीमा पूर्वोत्तर के चार राज्यों अरूणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिज़ोरम साझा करते हैं। मणिपुर के पांच ज़िले 400 किलोमीटर लंबी म्यांमार सीमा से लगे हैं। इसकी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी क्या कांग्रेस के हवाले कर रखी है अमित शाह और राजनाथ सिंह ने? दंगाग्रस्त मणिपुर संभाल नहीं पा रहे हैं, ठीकरा फोड़ रहे हैं कांग्रेस पर। अमित शाह ने संसद में कहा, 'मैं विपक्ष की इस बात से सहमत हूं कि वहां हिंसा का तांडव हुआ है। हम मानते हैं कि जो हुआ है वो शर्मनाक है, लेकिन उस पर राजनीति करना उससे भी शर्मनाक है।'

सबसे बड़ी बात जवाबदेही की है। मणिपुर में फोर्स की तैनाती का आदेश जिस मंत्री ने दिया, यदि वहां शांति स्थापना में विफल हो जाता है, तो इस विफलता का जिम्मा कांग्रेस पर नहीं थोप सकते। अमित शाह का मणिपुर घूमकर आना इतना महत्वपूर्ण नहीं, जितना कि वहां शांति बहाली। फिर तो यह भी पॉलिटिकल टूरिज़्म हुआ। कल तक आपकी जो सांसद, प्रवक्ता इम्फाल में मणिपुरी नृत्य कर रहे थे, आज सीन से क्यों ग़ायब हैं? स्मृति ईरानी को राहुल गांधी की फ्लाइंग किस पर पीड़ा हो रही है, लेकिन मणिपुर में सामूहिक बलात्कार की लगातार हो रही घटनाओं से कोई कष्ट नहीं हो रहा। सत्ता के अहंकार ने स्मृति जैसी महिलाओं को कैसे काठ कलेजा कर दिया?

मणिपुर के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा पोषित-पल्लवित राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की भूमिका भी पीड़ादायक है। जनवरी 1992 में बनी इस संस्था का गठन देशभर में महिलाओं पर हो रहे ज़ुल्मों-सितम को रोकना, जेंडर जागरूकता, पीड़ित महिलाओं की खोज ख़बर लेने के उद्देश्य से किया गया था। महिलाओं के विरूद्ध हिंसा, यौन उत्पीड़न करने वालों को कहीं से नहीं बख़्शना, महिला सशक्तीकरण जैसे लक्ष्यों को लेकर बनी संस्था क्या वाकई मणिपुर के संदर्भ में कुछ कर पाई? 19 जनवरी, 2023 के बाद एनसीडब्ल्यू की किसी भी गतिविधि की सूचना इनके पोर्टल पर नहीं है।

राष्ट्रीय महिला आयोग कांग्रेस के समय जैसा था, आज भी लगभग वैसा ही है। बस, किरदार बदल गये हैं। 2 अक्टूबर, 1994 को रामपुर तिराहा रेप कांड की शिकार औरतों को ढूंढने मैं ऊखी मठ पहुंच गया था, तब राष्ट्रीय महिला आयोग की एक टीम चमोली ज़िले के पिंडर में फूलों की घाटी की सैर करने गई थी। शायद कुछ और पत्रकार अनुभव साझा करें। सालाना बजट का मोटा पैसा राष्ट्रीय महिला आयोग जैसे महकमे पर ख़र्च होता है, लेकिन उसके परिणाम निकलकर क्या आते हैं, उसकी साक्षात नज़ीर हैं मणिपुर की औरतें।

म्यांमार लंबे समय से उपद्रवग्रस्त रहा है। फरवरी 2012 से अप्रैल 2023 तक म्यांमार में 600 से अधिक हमले हो चुके है, जिसमें 6337 लोग मारे जा चुके हैं। इन इलाकों से विस्थापन सबसे पहले भारत का पूर्वोत्तर भुगतता है। लाओस, थाईलैंड, चीन से लगे म्यांमार की सीमाएं भारतीय हिस्से में जिधर से जुड़ी हैं, उसका बड़ा हिस्सा अब भी बाड़बंदी का इंतज़ार कर रहा है। हथियार, ड्रग ट्रैफिकिंग, अवैध आव्रजन इस सीमा से बड़े स्केल पर होते रहे हैं, इसका पता दिल्ली में बैठे सुरक्षा महकमों के शिखर नौकरशाहों को है।

मोरेह सीमा से इम्फाल केवल 110 किलोमीटर की दूरी पर है। मणिपुर के 160 रिलीफ कैंपों में म्यांमार से विस्थापित 30 हज़ार 500 शरणार्थी रह रहे हैं। देश के गृहमंत्री का कहना था कि जो लोग इन शरणार्थी कैम्पों में हैं, वही फितना फैला रहे हैं। यह कैसे संभव है कि सुरक्षा बलों और कैमरे की निगरानी के बावजूद शरणार्थी कैंपों के लोग दंगा-फसाद, बलात्कार करें? सच छुपाते रहिए, और ठीकरा उस पर फोड़िये जो निरीह प्राणी है, आपका वोट बैंक नहीं है। यही सब मणिपुर के प्रयोगशाला में हो रहा है।

सबसे मुश्किल फैसला केंद्रीय गृह मंत्रालय का था, जिसके तहत मणिपुर में असम राइफल्स की तैनाती की गई थी। आज उस तैनाती को लेकर मैतेई-नगा और कुकी समुदाय के विधायक आमने-सामने हैं। पहले मैतेई और नगा समुदाय के 40 विधायकों ने प्रधानमंत्री से असम राइफल्स की सभी यूनिटों को बदल कर उनकी जगह दूसरे केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की। इसके पश्चात कुकी-जोमी समुदाय से जुड़े दस विधायकों ने पीएमओ को पत्र लिखकर कहा है कि असम राइफल्स की यूनिटों को यहीं रहने दिया जाए। बीजेपी के सांसद दिल्ली में शायद एक दिखें, मगर दुर्भाग्य देखिए ये मणिपुर में बंटे हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल है कि नागरिक-प्रशासन शांति बहाली में विफल रहा है, तो मणिपुर को कुछ महीनों के लिए संपूर्ण रूप से सेना के हवाले क्यों नहीं कर देते? यह उस सिंड्रोम से बाहर नहीं निकल पा रहे कि शांति स्थापना का श्रेय प्रतिरक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को क्यों दें?

संसद में प्रतिपक्ष ने मणिपुर के हवाले से प्रधानमंत्री मोदी से जो सवाल पूछा था, क्या पीएम मोदी उसका उत्तर दे पाये? जवाब नहीं में है। सवाल तीन थे, जिसे कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने पूछा था। पहला, मणिपुर में हिंसा भड़कने के तीन महीने बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर क्यों नहीं गए? दूसरा, मणिपुर पर बोलने के लिए प्रधानमंत्री को 80 दिन क्यों लगे? और तीसरा, प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को बर्खास्त क्यों नहीं किया?

राजनीति का साधारण ज्ञान रखने वाले इस देश के नागरिक तक को पता था कि अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में गिर जाना है। सीधी सी बात थी मणिपुर पर मोदी का मौन व्रत तुड़वाना था। सामूहिक बलात्कार, नरसंहार पर बेहिस-बेग़ैरत सरकार को संसद के ज़रिये एक्सपोज करना था, तो अविश्वास प्रस्ताव ही एक रास्ता बचा था, जिसपर व्यापक बहस होती। लेकिन हुआ क्या? एक ऊंट की शादी हो रही थी। शादी में गधे गीत गा रहे थे। गधों ने ऊंट के रूप की बड़ाई करते हुए कहा, 'अहो रूपम' अर्थात, 'आप क्या लग रहे हैं!' ऊंट ने भी शिष्टाचार धर्म का पालन करते हुए कहा, 'अहो ध्वनि' अर्थात 'क्या आवाज है आपकी!'

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**5 अगस्त**
- राहुल गांधी के मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दो साल की सजा पर रोक लगाई।
- छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्य न्यायाधीश डब्ल्यू शिशांक का इम्फाल में निधन हो गया।
- एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में बाम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ के जज जस्टिस रोहित बी देव ने खुली अदालत में अपना इस्तीफा दिया।
- नाइजर के राष्ट्रपति ने मोहम्मद बैजम ने बताया कि उनको सेना ने बंधक बना लिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील की है।

**6 अगस्त**
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना मामले में इस्लामाबाद ट्रायल कोर्ट की सजा सुनाई।
- युवा भारतीय तीरंदाज अदिति और ज्योति, सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाजी में स्वर्ण व कांस्य पदक हासिल किए।
- आगरा की विशेष अदालत ने सांसद रामशंकर कठेरिया को मारपीट, बलवा मामले में दो साल की सजा सुनाई।
- कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी कंबोडिया पिपुल्स पार्टी सीपीपी जीती।

**7 अगस्त**
- राज्यसभा दिल्ली सेवा बिल विधेयक पेश किया गया।
- क्रांतिकारी गीतकार एवं नक्सली समर्थक गुम्मदी विट्ठल का निधन हो गया।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित अधिकारी घोषित किया।
- अमरनाथ यात्रा का रिकार्ड टूटा करीब 4 लाख 17 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

**8 अगस्त**
- मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा पर रोक लगा दी।
- राज्यसभा में दिल्ली सेवा बिल पास हुआ।
- मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यों की समिति बनाई।
- हरियाणा के नूंह में सरकार द्वारा उपद्रवियों के घर पर चलाए जा बुलडोजर पर रोक लगाई।

**9 अगस्त**
- सुभाषचंद्र बोस के भतीजे अर्धेन्दु बोस का मुंबई में हृदयाघात से निधन हो गया।
- बलूचिस्तान के पंतपुर प्रांत में बम विस्फोट से सात लोगों की मौत हो गई।
- रूस ने यूक्रेन के 22 युद्धबंदियों को रिहा किया।
- श्रीलंका में डेंगू के 58 हजार से अधिक मामले पाए गए।

**10 अगस्त**
- संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल गांधी बोले मणिपुर में भारत माता की हत्या हुई है।
- आयुष्मान भारत योजना में कैग ने खुलासा किया कि एक ही मोबाइल नंबर से लाखों लोगों का पंजीयन हुआ।
- भारत का चंद्रयान मिशन-3 चंद्रमा के करीब पहुंच कर कक्षा बदलने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरा किया।
- पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया।

**11 अगस्त**
- संसद में मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल राज्यसभा में पेश किया गया।
- आरबीआई ने रेपो दर में नहीं किया बदलाव। जीडीपी विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान।
- भारत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने रिपोर्ट दी कि रेलवे ने यात्री ट्रेनों से अधिक कमाई में की खर्च।

## नई नीतियों से पर्यावरण और पारिस्थितिकी को नुकसान

■ पी.सुधीर

लोगों या पर्यावरण की परवाह किये बिना देश के प्राकृतिक संसाधनों को निजी पूंजी के शोषण के लिए खोलने की अपनी घोषित नीति को जारी रखते हुए, मोदी सरकार ने संसद में दो कानून लाये हैं जिनके गंभीर परिणाम होंगे। एक वन (संरक्षण) अधिनियम (एफसीए) में संशोधन और दूसरा खान और खनिज (विकास और विनियमन) (एमएमडीआर) अधिनियम में संशोधन करना है।

1980 में पारित, एफसीए में वनों के रूप में नामित भूमि के मनमाने ढंग से आरक्षण को रोकने के लिए सख्त प्रावधान थे। इसका उद्देश्य वनों को अंधाधुंध कटाई से बचाना था। आदिवासी समुदायों को भूमि के अधिकार देने और उन्हें बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए, बाद में 2006 में, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम), जिसे एफआरए के रूप में जाना जाता है, के माध्यम से कुछ छूट शामिल की गई।

> **देश की खनिज संपदा का एक बड़ा हिस्सा वन क्षेत्रों में स्थित है। इन बदले हुए कानूनों के साथ, कोई भी कॉर्पोरेट निकाय वन क्षेत्र या क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परवाह किये बिना पूर्ण पैमाने पर विनाशकारी अन्वेषण शुरू कर सकता है। इस पहलू में, दो संशोधित कानूनों - एफसीए और एमएमडीआर- पर सरसरी नजर डालने मात्र से यह स्पष्ट हो जाता है। इसके अलावा, कुछ निर्दिष्ट मामलों को छोड़कर, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा निपटाया जाता था, खनन अधिकारों की नीलामी आमतौर पर राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में थी।**

मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये नये विधेयक में वनों की परिभाषा को कमजोर करने और सड़कों, रेलवे लाइनों, सुरक्षा बुनियादी ढांचे, रक्षा शिविरों, वायरलेस स्टेशनों, पुलों के निर्माण के लिए छूट प्रदान करके मौजूदा कानून की संपूर्ण नियामक संरचना को कमजोर करने का उपाय किया गया है। खाइयों, पाइप लाइनों और यहां तक कि चिड़ियाघरों, सफारी और पर्यावरण-पर्यटन सुविधाओं के लिए भी यह लागू होगा।

यह 1996 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित वनों की अवधारणा को फिर से परिभाषित करता है, जिसके तहत उन क्षेत्रों को वन के रूप में परिभाषित नहीं किया गया था जिन्हें 'मानित वन' माना जाता था। यह विधेयक ग्राम सभाओं और अन्य निगरानी समितियों से अनिवार्य सहमति के एफआरए प्रावधानों को खत्म कर देता है, जिससे आदिवासी समुदाय अपनी भूमि के अधिग्रहण के खिलाफ पूरी तरह से असहाय हो जाते हैं। इससे एक ही झटके में न केवल जंगल विनाश के लिए खुल जायेंगे बल्कि उनके निवासी विस्थापित हो जायेंगे।

यह स्पष्ट है कि यह वन भूमि के अधिग्रहण के लिए कानूनों और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों द्वारा लगाई गई नियामक सीमाओं से छुटकारा पाने के लिए किया जा रहा है। ये दूरगामी परिवर्तन मोदी सरकार द्वारा अपने शासनकाल के एक दशक में पर्यावरण नियामक ढांचे को लगातार खत्म करने की निरंतरता को जारी रखते हैं। पिछले उपायों (या तो संशोधन या यहां तक कि सरकारीआदेशों के रूप में पेश किये गये) में पर्यावरणीय प्रभाव आकलन नियमों, तटीय क्षेत्र नियमों आदि को कमजोर करना शामिल है।

वन संरक्षण अधिनियम संशोधन के साथ, सरकार ने जैविक विविधता अधिनियम में संशोधन भी इसी तरह से पारित कराया। यह परिवर्तन अधिनियम के तहत अपराधों को कम कर देगा, और आयुष चिकित्सकों को कानून से छूट देते हुए 'संहिताबद्ध पारंपरिक ज्ञान' की परिभाषा को धुंधला कर देगा। यह सब कॉर्पोरेट हितों, विशेषकर फार्मास्युटिकल संस्थाओं द्वारा संचालित वनस्पतियों और जीवों के बेलगाम निष्कर्षण का रास्ता खोल देगा।

इस मानसून सत्र में संसद द्वारा पारित दूसरा संशोधन कानून खानों और खनिजों के विनियमन को कमजोर और बदल देता है। मूल अधिनियम के तहत, खनिजों की खोज में कड़ी शर्तों को छोड़कर खुदाई और ड्रिलिंग जैसी विनाशकारी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि, संशोधन के बाद, प्रारंभिक सर्वेक्षण प्रक्रिया के दौरान गड्ढे, ट्रेंचिंग, ड्रिलिंग और उपरीसतह उत्खनन की अनुमति दी गई है। वन क्षेत्रों में इस प्रकृति की अन्वेषण परियोजनाएं शुरू करने के लिए अब अनिवार्य वानिकी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी।

जैसा कि सर्वविदित है, देश की खनिज संपदा का एक बड़ा हिस्सा वन क्षेत्रों में स्थित है। इन बदले हुए कानूनों के साथ, कोई भी कॉर्पोरेट निकाय वन क्षेत्र या क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परवाह किये बिना पूर्ण पैमाने पर विनाशकारी अन्वेषण शुरू कर सकता है। इस पहलू में, दो संशोधित कानूनों - एफसीए और एमएमडीआर- पर सरसरी नजर डालने मात्र से यह स्पष्ट हो जाता है।

इसके अलावा, कुछ निर्दिष्ट मामलों को छोड़कर, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा निपटाया जाता था, खनन अधिकारों की नीलामी आमतौर पर राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में थी। लेकिन संशोधित कानून ने लिथियम, कोबाल्ट, निकेल, पोटाश, टिन और फॉस्फेट जैसे रणनीतिक खनिजों के अधिकारों को केंद्रीकृत कर दिया है।

इसके अतिरिक्त, नया कानून केंद्र सरकार को सोना, चांदी, तांबा आदि सहित 29 खनिजों के लिए विशेष अन्वेषण लाइसेंस जारी करने का अधिकार देता है। छह धातुओं- लिथियम, बेरिलियम, नाइओबियम, टाइटेनियम, टैंटलम और ज़िरकोनियम - को प्रतिबंधित से हटा दिया गया है।

'परमाणु खनिज' श्रेणी सूची, निजी संस्थाओं को उनके लिए खनन और अन्वेषण करने की अनुमति देती है। नये एमएमडीआर प्रावधानों में खनिजों की औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) की गणना से विभिन्न शुल्कों और लेवी (पूर्व खदान मूल्य) को भी बाहर रखा गया है। इन सभी परिवर्तनों का उद्देश्य निजी निवेश को आकर्षित करना और प्राकृतिक संसाधनों के लाभदायक दोहन को सुविधाजनक बनाना है, जिसमें लिथियम जैसी धातुएं भी शामिल हैं जिनकी इन दिनों बहुत मांग है। मोदी सरकार का नग्न कॉर्पोरेट समर्थक रुख उसकी सभी नीतियों में व्याप्त है- कर में कटौती और रियायतें देने से लेकर मुनाफा बढ़ाने में मदद करने के लिए सुरक्षात्मक श्रम कानूनों को कमजोर करने तक, सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियों और बुनियादी ढांचे को निजी संस्थाओं को सौंपने से लेकर कोयला खनन जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को खोलने तक। अभ्रक, ऊर्जा और यहां तक कि घरेलू और विदेशी दोनों निजी पूंजी की रक्षा तक। इसी बड़े ढांचे में पर्यावरण कानूनों और नियमों में किये गये लापरवाह बदलावों को देखा जाना चाहिए। जहां एक ओर सरकार पर्यावरण की रक्षा और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई के लिए बड़ी चिंता का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर वास्तव में वह अपने लोगों की कीमत पर देश को और अधिक पर्यावरणीय विनाश की ओर ले जा रही है।

## मणिपुर के राहत शिविरों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव

■ डॉ.आनंद जकरिया व डॉ. रमानी अटकुरी

यह लेख मणिपुर में 100 से अधिक दिनों से जारी मानवीय संकट के समय चिकित्सा सुविधाओं की कमी की ओर पर आम जनता और चिकित्सा समुदाय का ध्यान तत्काल आकर्षित करने के लिए लिखा जा रहा है जो मणिपुर में काम कर रहे स्वास्थ्य पेशेवरों और स्वास्थ्य स्वयंसेवकों से प्राप्त आरंभिक सूचनाओं और गैर-सरकारी संगठनों की रिपोर्टों के आधार पर लिखा गया है। वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, स्वास्थ्य निहितार्थ और इसे सुधारने के लिए क्या किया जाना चाहिए- इस पर संक्षेप में प्रकाश डालना इसका उद्देश्य है।

मणिपुर में हिंसा, आगजनी तथा हत्याओं के परिणामस्वरूप घाटी और पहाड़ी दोनों में अस्थायी आश्रयों में बड़ी संख्या में विस्थापित लोग हैं। स्कूल, छात्रावास, गोदाम, पूजा स्थल या सामुदायिक हॉल जैसी जगहें इन लोगों का आश्रय स्थल बने हुए हैं। स्थानीय लोग और नागरिक समाज संगठन अपनी क्षमता के अनुसार विस्थापितों को राहत प्रदान कर रहे हैं लेकिन यह प्रभावितों की जरूरतों को पूरा करने में अपर्याप्त है। प्रभावित कई लोगों ने राज्य छोड़ दिया है और पड़ोसी राज्यों (नगालैंड, असम, मिजोरम आदि) या उनके परिवार या रिश्तेदार अगर हैं तो नई दिल्ली और बेंगलुरु जैसे दूर-दराज के शहरों में चले गए हैं।

मणिपुर में चल रहे संघर्ष के कारण अब घाटी और पहाड़ियों के बीच एक अनौपचारिक क्षेत्रीय विभाजन है जिसमें दोनों क्षेत्रों के बीच लोगों, सामानों और वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है। ये बातें सभी को मालूम है लेकिन डर है कि संकट की सीमा और पैमाने का पूरा अंदाज किसी को नहीं है।

> **मणिपुर का मानवीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट असाधारण है। दो समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष के कारण जान-माल का नुकसान हो रहा है। बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है। इन कारणों से स्वास्थ्य प्रणाली पंगु हो रही है और इसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रतिकूल परिणाम होंगे। सरकार सेवाएं प्रदान करने की कोशिश कर रही है।**

अस्थिर और अंशात मणिपुर में इस समय 70 हजार से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं, 142 व्यक्तियों के मारे जाने की सूचना है जबकि 6,000 से अधिक घायल हुए हैं। भारत में मानवीय एजेंसियों के राष्ट्रीय गठबंधन स्फीयर इंडिया के अनुसार, इन विस्थापितों ने मणिपुर के 10 जिलों में स्थित 253 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। यह रिपोर्ट अंतर-एजेंसी समन्वय समिति (राहत में शामिल एजेंसियां) की बैठकों और यूनाइटेड रिस्पांस स्ट्रैटेजी (यूआरएस) मैट्रिक्स का उपयोग कर 100 से अधिक स्थानीय संगठनों की प्रतिक्रिया के आधार पर बनाई गई है।

मणिपुर में कार्यरत या वहां का दौरा कर चुके डॉक्टरों के अनुसार, शिविरों में साफ-सफाई की स्थिति गंभीर है खासकर बुजुर्ग और कमजोर लोगों के लिए। वहां भीड़-भाड़ है और स्वच्छता नहीं है। प्लास्टिक के बड़े टैंकों में पानी संग्रहित किया जाता है जो बाहर एक नल या बोरवेल से भरा जाता है। पानी कीटाणुरहित नहीं किया जाता है। अपशिष्ट जल की निकासी की व्यवस्था भी अपर्याप्त है। मानसून की शुरुआत होने के साथ ही स्वच्छता और जल निकासी बदतर हो गयी है। ऐसी भीड़-भाड़ वाली स्थिति में पर्याप्त सुविधा न होने के कारण बीमारी के प्रकोप का खतरा है। कुछ विस्थापित व्यक्तियों को मच्छरदानियां उपलब्ध कराई गई हैं। विस्थापितों को भोजन के रुप में सुबह-शाम मुख्य रूप से दाल और चावल दिया जाता है। कभी-कभी बहुत कम मात्रा में सब्जियां या मांस दिया जाता है। छोटे बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं व बुजुर्गों की देखभाल के लिए न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं। महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व देखभाल तथा नियमित टीकाकरण सेवाएं बाधित हो गई हैं। एंटी-हाइपरटेंसिव या एंटी-डायबिटिक दवाओं की बहुत कम आपूर्ति है। बहुत कम सुविधाओं वाले इन शिविरों में प्रसव कराए जा रहे हैं। गंभीर रूप से बीमार रोगियों को अस्पताल ले जाना मुश्किल है। राहत शिविरों में ऐसे कई लोग हैं जिन्हें नशीली दवाओं की लत है और जिन्हें देखभाल और पुनर्वास सेवाओं की आवश्यकता है। विकलांग लोगों के लिए कोई सुविधा नहीं है। शिविरों में रह रहे लोगों के पास कोई काम नहीं है इस वजह से लोगों को किसी भी तरह बाहर से दवा खरीदने के लिए पैसा नहीं मिल सकता। शिविरों में रहने वाले और विशेष रूप से संघर्ष क्षेत्रों के रोगियों को अस्पताल पहुंचने में दिक्कत होती है।

रेफरल स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही शैक्षिक सुविधाएं घाटी में स्थित हैं और इसलिए हाल-फिलहाल पहाड़ियों में बने शिविरों में रहने वाले लोगों के लिए यह सुविधा दुर्गम हैं। हालांकि पहाड़ी क्षेत्रों में अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे भी मौजूद हैं लेकिन वहां घाटी की तुलना में कर्मचारियों के खाली पदों की संख्या बहुत अधिक है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विशेषज्ञों, दवाओं और उपभोक्ता सामग्रियों की भारी कमी है। मौजूदा संघर्ष ने पहले से ही कमजोर स्वास्थ्य प्रणाली की समस्या को और बढ़ा दिया है।

अन्य राज्यों की तुलना में मणिपुर के स्वास्थ्य संकेतक, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर और 5 वर्ष से कम आयु के कुपोषण के अखिल भारतीय औसत (एसआरएस 2020) से बेहतर हैं। यदि राज्य में अशांति का वर्तमान माहौल जारी रहता है तो इनमें से कुछ स्वास्थ्य संकेतक खराब हो सकते हैं।

मणिपुर के नागरिक अपने परिवार के सदस्यों की मृत्यु के साथ अपनी संपत्ति और आजीविका के नुकसान से भी दुखी हैं। भीड़भाड़ वाले शिविरों में तीन महीने से रहना तनावपूर्ण है। दोनों समुदायों में एक-दूसरे के खिलाफ गुस्सा और नाराजगी है। विस्थापन और कभी-कभी माता-पिता या भाई-बहन की मौत से बच्चे तनावग्रस्त और सदमे में हैं। अनिश्चित भविष्य और घर वापसी की अनिश्चितता ने तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को और बढ़ा दिया है। संघर्ष से कृषि गतिविधियां प्रभावित हुई हैं क्योंकि लोग बचाव के लिए अपनी जमीनें छोड़कर भाग हैं। स्कूली बच्चे, कॉलेज के छात्र और पेशेवर पाठ्यक्रम करने वाले लोग अपनी पढ़ाई फिर से शुरू नहीं कर पा रहे हैं। हमलों के डर से कुकी छात्र घाटी के अपने कॉलेजों में वापस नहीं जा सकते। उन्हें अपना भविष्य अनिश्चित लगता है।

मणिपुर का मानवीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट असाधारण है। दो समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष के कारण जान-माल का नुकसान हो रहा है। बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है। इन कारणों से स्वास्थ्य प्रणाली पंगु हो रही है और इसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रतिकूल परिणाम होंगे।

सरकार सेवाएं प्रदान करने की कोशिश कर रही है लेकिन निरंतर हिंसा और लोगों के लगातार विस्थापन को देखते हुए व्यापक चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य समुदाय के लिए इन सेवाओं की व्यवस्था और पूरा करना महत्वपूर्ण है।

तत्काल स्वास्थ्य आवश्यकताएं चिकित्सा आपूर्ति के साथ-साथ वहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी जरूरी है। वहां अभी जिन बातों की आवश्यकता है, उनमें प्रमुख हैं- गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारी से पीड़ित लोगों को वरीयता के साथ प्राथमिक देखभाल प्रदान करने के लिए चिकित्सा पेशेवरों को स्वयंसेवा करनी चाहिए, ऐसे स्वयंसेवक वहां तैनात हों जो दु:ख और सदमे की स्थिति से उबरने के लिए परामर्श प्रदान कर सकते हैं या फिर इसे प्रदान करने के लिए स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित कर सकते हैं, स्थानीय स्वयंसेवकों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य प्रशिक्षण जिससे वे छोटी बीमारियों का इलाज करने, प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने और रोग निगरानी कर सकें और इलाज के लिए स्वास्थ्य किट का प्रावधान हो, दवाएं, आपूर्ति आदि।

इसमें संदेह नहीं कि दोनों समुदायों के साथ विश्वास बहाली के उपायों को शुरू करके यथाशीघ्र शांति बहाली सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार को बिना किसी भेदभाव के राहत और पुनर्वास सुनिश्चित करना चाहिए।

निम्नलिखित प्राथमिकताओं की पहचान करते हुए उम्मीद करनी चाहिए कि ये प्रथमिकताएं पूरी की जानी चाहिए : सरकार उचित पोषण, सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता के प्रावधान सहित सभी शिविरों को चलाने की पूरी जिम्मेदारी ले, सभी शिविरों में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत बनाना, जिन लोगों ने अपने पहचान पत्र खो दिए हैं उन लोगों के पहचान दस्तावेजों को बहाल करने की आवश्यकता है, महिलाओं की सुरक्षा, यौन उत्पीड़न की रोकथाम और यौन हिंसा के मामले में त्वरित कार्रवाई करना, स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सा आपूर्ति के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराना और रोगियों और सुविधाओं दोनों तक पहुंचने की अनुमति दी जानी चाहिए, चिकित्सा, नर्सिंग और स्वास्थ्य विज्ञान से संबद्ध छात्रों को राज्य के भीतर या बाहर अपनी पढ़ाई फिर से शुरू करने में सक्षम बनाना, प्रभावित व्यक्तियों का यथाशीघ्र पुनर्वास आदि। मणिपुर में चल रहे संघर्ष का समाधान केवल निरंतर राजनीतिक प्रयास और अंतर-सामुदायिक सुलह के माध्यम से ही हो सकता है लेकिन यह जरूरी है कि चिकित्सा बिरादरी के सदस्य होने और भारतीय नागरिकों के रूप में स्थायी शांति स्थापित होने तक मणिपुर के लोगों की पीड़ा कम करने के लिए काम करें।

# फिर से तपने लगी धूप, पारा सामान्य से 3 डिग्री बढ़ा



## अगले चौबीस घंटे में संभाग के जिलों में कहीं-कहीं पर बूंदा-बांदी के आसार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मौसम का मिजाज बदल गया है। अब ठंडक की जगह फिर से धूप और गर्मी का एहसास महसूस किया जा रहा है। तापमान भी बढ़ रहा है, इसमे दिन के साथ रात में भी हल्की उमस वाली गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। अगले चौबीस घंटे में कहीं हल्की वर्षा की संभावना जताई गई है। इसके कारण अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने लगा है।

बीते एक सप्ताह जिस तरह बारिश की झड़ी लगी थी, उससे लोग कहने लगे थे कि अब बारिश थम जाये। इसके बाद 6 अगस्त से बारिश पर विराम लग गया है। मानसून के बादल गायब हो गये हैं। आसमान में पहले की तरह सूर्य की किरणों धरती पर असर दिखाने लगी हैं। जिससे लोगों की बेचैनी भी बढ़ी है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 11 अगस्त को अधिकतम तापमान 33.0 जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा वहीं न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस आंका गया। बीते साल 26.2 और 23.6 डिग्री सेल्सियस था। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि इस साल गर्मी ज्यादा है। अभी पश्चिम की ओर चलने वाली हवाएं 6 किमी प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं।

अभी बारिश का कुल आंकड़ा करीब 37 इंच के पास पहुंचा है। वहीं गत वर्ष अब तक 611.2 मिलीमीटर यानी 24 इंच वही वर्षा हुई थी।

जिले में बारिश पचास से पचपन इंच होती है। जिसके बाद कहा जा सकता है कि बारिश पंद्रह से सत्रह इंच और होनी चाहिये तब प्रति साल होने वाली बारिश का कोटा पूरा माना जायेगा। इस बीच बीते दिनों होने वाली झमाझम बारिश से ग्रामीण अंचल में खेत पूरे तरह भर गये हैं। जो धान की फसल के लिये अच्छे संकेत माने जा सकते हैं।

# पीएससी 2019 भर्ती प्रक्रिया में दखल से हाईकोर्ट का इंकार

## अप्रात्र व योग्यता रैकिंग से कम की नियुक्ति पर ले सकते है न्यायालय की शरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएससी 2019 की भर्ती प्रक्रिया में दखल देने से हाईकोर्ट ने इंकार कर दिया है। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। अप्रात्र व योग्यता रैकिंग से कम की नियुक्ति को याचिककर्ता चुनौती देने स्वतंत्र होंगे।

यह मामले शिवपुर निवासी शिखा सिंघल तथा अतुल तिवारी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि पीएससी परीक्षा 2019 में नियुक्ति के लिए सरकार द्वारा 87:13 का फार्मूला लागू किया गया है। ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किये जाने की वैधानिकता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। इसलिए 13-13 प्रतिशत के दो अलग-अलग वर्ग के व्यक्तियों को नियुक्यिां प्रदान की जायेगी। न्यायालय का फैसला जिस वर्ग के पक्ष में आता है नियुक्तियां उस वर्ग को प्रदान की जायेगी। आवेदकों की ओर से कहा गया कि उक्त फॉर्मूला पीएससी 2019 की प्रारंभिक परीक्षा से लागू किया गया है। हाईकोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि प्रारंभिक परीक्षा सिर्फ अभ्यार्थियों को शॉर्ट लिस्ट करने आयोजित की जाती है। इस फॉर्मूले को मुख्य परीक्षा से लागू किया जाना चाहिये था। याचिका में कहा गया है कि पीएससी 2019 के साक्षात्कार की प्रकिया 9 अगस्त से प्रारंभ हो गई है। युगलपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।



किसी को नियुक्ति प्रदान नहीं की गयी है। किसी अपात्र तथा कम रैकिंग वाले व्यक्ति की नियुक्ति को चुनौती देने के लिए भविष्य में याचिकाकर्ता स्वतंत्र है। वर्तमान परिस्थितियों में याचिका हस्तक्षेप आयोग्य है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता हिमांशु मिश्रा ने बताया कि पूरी नियुक्ति प्रकिया दूषित है। जिससे चयन सूची भी दोषी होगी। उक्त आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर की जायेगी।

## विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ता के गायब होने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**जबलपुर, देशबन्धु।** भोपाल की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ता के 6 माह से गायब होने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा है। जिसमें कहा गया है कि शिकायत के बाजवूद पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। चीफ जस्टिस रवि मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने गृह सचिव, डीजीपी, एसपी भोपाल और कोलार थाना प्रभारी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है। भोपाल निवासी यश शर्मा की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उसकी बहन 16 फरवरी से रहस्यमय तरीके से गायब है। याचिकाकर्ता ने 17 फरवरी को भोपाल के कोलार पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि सूचना के अधिकार के तहत पुलिस से जांच के संबंध में जानकारी चाही गई। पुलिस ने कहा कि मामला जांच में है, इसलिए कोई जानकारी नहीं दे सकते। दावा किया गया कि परिवार वाले लगातार पुलिस के संपर्क में हैं, लेकिन अभी तक युवती का कोई सुराग नहीं लगा है। मामले में शंका जाहिर की गई है कि कोई जबरन युवती को अगवा कर ले गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# रोटरी प्रांतीय सदस्यता कार्यशाला कल

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 जिसमें पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं पश्चिमी उड़ीसा के 105 रोटरी क्लब आते हैं, उनकी प्रांतीय सदस्यता कार्यशाला दिनांक 13 अगस्त को प्रात: 9 बजे से होटल गुलजार महानद्दा जबलपुर में होगी। आयोजक रोटरी क्लब जबलपुर साउथ अध्यक्ष रवि वैश्य ने जानकारी दी कि रोटरी जो की 220 से ज्यादा देश में अपने सेवा प्रकल्पों के माध्यम से स्थापित है, इस संस्था के विश्व सदस्यता चेयरमैन कमल संघवी तीनों राज्यों के 200 से ज्यादा डेलिगेट्स को सदस्यता विषय पर गुरु मंत्र देंगे। प्रांतीय सदस्यता कार्यशाला के चेयरमैन पूर्व अध्यक्ष दिनेश कालवे एवं सचिव रोहित माटा ने कार्यशाला के सात प्रमुख विषयों पर जानकारी देते हुए बताया की प्रांतपाल मनजीत सिंह अरोरा (राउरकेला उड़ीसा) विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यशाला के विशेष वक्ताओं में असिस्टेंट रोटरी कोऑर्डिनेटर (डिस्ट्रिक्ट 3261एवम 3262) सुनील फाटक, प्रांतीय सदस्यता चेयरमैन पूर्व प्रांतपाल शशांक रस्तोगी, बालाघाट से पूर्व प्रांतपाल डॉक्टर निखिलेश त्रिवेदी, निर्वाचित प्रांतपाल अखिल मिश्र, इंदौर के सुधींद्र मोहन शर्मा उपस्थित रोटेरियंस को सदस्यता पर विस्तार से बताएंगे।

रोटरी क्लब जबलपुर साउथ सचिव कुमारी सोनम केसरवानी, पूर्व अध्यक्ष अरुण कांत अग्रवाल, डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ. पवन स्थापक, डॉ. बीके पांसे, पीके वैश्य, डॉक्टर संजीव चौधरी आदि वरिष्ठ सदस्यों ने जबलपुर के समस्त रोटेरियंस से अपना पंजीकरण करा इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में सम्मिलित हो लाभ प्राप्त करने की अपील की है।



## लाठी चार्ज करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की, इस दौरान गत दिवस कांग्रेसियों पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिस जवानों पर कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर कांग्रेस के अध्यक्ष एवं महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक विनय सक्सेना, डॉ. आलोक चंसौरिया, आलोक मिश्रा, सम्मति सैनी आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

# इन्वर्टर, इलेक्ट्रिक मीटर व सोलर पैनल के कारोबारी पर जीएसटी की कार्यवाही जारी

## खरीद-बिक्री लाखों की पर स्टॉक कम, ई-वे बिल में भी गड़बडी के मिल रहे संकेत

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा कर संबंधी अनियमितताएं और गड़बड़ी की जांच के लिये लगातार जांच की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जीएसटी संभाग 1 की टीम द्वारा शहर में मंगलवार को इन्वर्टर, इलेक्ट्रिक मीटर व सोलर पैनल का कारोबार करने वाले एक कारोबारी के यहां

छापामार कार्रवाई बुधवार को की गई थी, जांच की कार्रवाई चौथे दिन भी जारी रही। सूत्रों के मुताबिक जांच टीम को पड़ताल के दौरान न सिर्फ खरीद बिक्री व स्टॉक में गड़बड़ी के संकेत मिल रहे हैं बल्कि ई-वे बिल में भी गड़बड़ी की आशंका लगाई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक सीयू एनर्जी फर्म जो इन्वर्टर, इलेक्ट्रिक मीटर व सोलर पैनल का कारोबार कर रही है। सीयू एनर्जी के कारोबार के प्रिसिपल प्लेस सुख सागर ब्लू, शताब्दीपुरम और कटंगा स्थित जगहों पर जांच टीम पहुंची थी, लेकिन कटंगा में एक साल पहले ही जगह को खाली कर दिया गया है। कार्रवाई में फर्म द्वारा सोनल पैनल के अलावा इलेक्ट्रिक मीटर का कारोबार होना पाया गया है। जांच में पता चला है कि फर्म के एमडी विशाल दुबे हैं। साथ ही डायरेक्टर शिवानी श्रीवास्तव, उमा दुबे और शिल्पा दुबे हैं। साथ ही इसकी सहायक फर्म का भी पता चला है। जिसकी प्रोपराइटर नंदनी दुबे हैं। इस फर्म द्वारा भी सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक और इनवेटर का कारोबार करना पाया गया है। फर्म के द्वारा लाखों का कारोबार करना पाया गया है। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान यह भी पता चला है कि कारोबारी का सबसे अधिक कारोबार महाराष्ट्र मे हुआ है। दस्तावेजों सबसे अधिक खरीद और बिक्री महाराष्ट्र की दिखाई गई है। संचालकों से खरीद बिक्री के मांगे गये हैं और उनका मिलान स्टॉक से किया जा रहा है, इसी आधार पर कर और पैनाल्टी की राशि तय की जायेगी। बताया जाता है कि दस्तावेजों की जांच अभी जारी है सम्भवत: जल्द पूरी होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान टीम को यह भी पता चला है कि परिवहन के लिए बड़े वाहनों का उपयोग किया गया है लेकिन ई-वे बिल में बाईक एवं कार के नम्बर मिल रहे हैं।

# एडवोकेट खरे एवं शिक्षा की अलख जगा रहे विद्वानों का किया सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा 12 वे वर्ष में शहर के विधि विशेषज्ञ एडवोकेट आर पी खरे एडवोकेट का जमुना सभागृह गोल बाजार में स्वागत सम्मान शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, साथ ही शिक्षा की अलख जगा रहे ब्राह्मण विद्वानों का सम्मान किया चरण वंदन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, अनिल खरे, राजेंद्र नामदेव, रवि दुबे, विनय उपाध्याय, सचिन अग्रवाल एडवोकेट सहित डॉक्टर सुधीर अग्रवाल उपस्थित थे।

## 1950 पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिये कलेक्ट्रेकट स्थित जिला संपर्क केन्द्र शासकीय अवकाश शनिवार एवं रविवार को भी संचालित रहेगा। प्रभारी अधिकारी द्वारा कहा गया है कि उक्ते केन्द्र के सभी कर्मचारी प्रात: 11 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर 1950 पर प्राप्तक शिकायतों का निराकरण एवं सुझावों को नोट करेंगे।

## शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस को रेल मंत्रालय ने दी हरी झंडी

**शहडोल, देशबन्धु।** नगर के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि नागपुर के लिए एक सीधी ट्रेन चलाई जाए। आखिरकार रेलवे ने शहडोल के लोगों की मांग पर अपनी मोहर लगा दी है। रेल मंत्रालय ने शहडोल से नागपुर के बीच एक साप्ताहिक ट्रेन शुरू करने का आदेश जारी कर समय सारणी भी जारी कर दी है।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस नागपुर से सोमवार को 11.45 बजे चलेगी और 00.20 बजे शहडोल पहुंचेगी। यह ट्रेन सौंसर, छिंदवाड़ा, सिवनी, नैनपुर, जबलपुर, कटनी साउथ और उमरिया स्टेशन पर रुकेगी। शहडोल इसका आखिरी स्टेशन होगा।

इसी प्रकार यह ट्रेन शहडोल से मंगलवार को 05.00 बजे रवाना होकर निर्धारित स्टेशनों में रुकते हुए 18.30 बजे नागपुर पहुंचेगी। शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस में जनरल 4, सेकण्ड क्लास के 11, क्लास 3 एसी के 4 मिलाकर 22 कोच होंगे। जैसे ही इस ट्रेन के प्रारंभ होने की जानकारी यहां लोगों तक पहुंची अब नेताओं में इस ट्रेन को प्रारंभ कराए जाने का श्रेय लेने की होड़ मच गई है। सत्तापक्ष से जुड़े हुए बड़े नेता अब इस बात को प्रचारित करने में जुट गए हैं कि उनके प्रयासों के कारण ही यह ट्रेन प्रारंभ हो सकी है।

# जबलपुर अटारी, बनारस, हरिद्वार के लिये फिर शुरू किया जाये ट्रेनों का संचालन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में रेल यात्री सुविधाओं को बढ़ाने, स्टेशन में ट्रेनों के स्टॉपेज एवं कोरोना काल में बंद ट्रेनों के पुर्नचालन हेतु सांसद राकेश सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दिल्ली में भेंट कर पत्र सौपा।

सांसद श्री सिंह ने बताया जबलपुर मध्य भारत का मुख्य रेलवे स्टेशन है और यहां विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट स्थित है जिसे देखने बड़ी संख्या में पर्यटक आते है साथ ही केंद्र की रक्षा इकाइयों के मुख्यालय भी यहाँ स्थित है जबलपुर से विभिन्न दिशाओं की गाड़ियों का संचालन किया जा रहा था जिनमे से कोरोना के समय कुछ ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया है जिन्हें पुन: प्रारम्भ किया जाना आवश्यक है उनमें जबलपुर - अटारी सुपरफास्ट, जबलपुर - हरिद्वार सुपरफास्ट, जबलपुर - टीईएन एक्सप्रेस, कटनी - जबलपुर इटारसी एक्सप्रेस, जबलपुर - बनारस एक्सप्रेस का संचालन पुन: किया जाना है।

श्री सिंह के अनुसार जबलपुर के अंतर्गत आने वाला सिहोरा स्टेशन जो अत्यंत महत्वपूर्ण स्टेशन है जिसे अमृत भारत स्टेशन योजना में भी शामिल किया गया है और यह स्टेशन ग्रामीण क्षेत्र की आबादी से घिरा है और रेल यातायात ही उनके लिए सुगम साधन है यहां के निवासियों को इलाज एवँ आवश्यक कार्य हेतु नागपुर, मुंबई, बनारस जाने हेतु जबलपुर या कटनी जाना होता है जिससे उनके



## सांसद ने रेल मंत्री के समक्ष उठाया जबलपुर के रेल यात्रियों का मामला

समय और धन का व्यय होता है इसीलिए सिहोरा स्टेशन पर रीवा इतवारी ट्रेन का स्टापेज किये जाने से लोगो को अपने गन्तव्य जाने में सुविधा मिलेगी।

श्री सिंह ने रेल मंत्री से आग्रह करते हुए बताया जबलपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पहरुआ (छपरा) को क्षेत्रवासियों की मांग पर नए स्टेशन बनाये जाने का आग्रह किया था जिसकी स्वीकृति हो चुकी है किन्तु कार्य प्रारम्भ नही हुआ है शीघ्र कार्य प्रारंभ हो इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देने का कष्ट करें।

# भाजपा ने दिया संत रविदास को मान गांव-गांव निकली यात्रा, हो रहा मंदिर निर्माण

**जबलपुर, देशबन्धु।** सुशासन का मूलमंत्र देश को देने वाले संत रविदास जी के मंदिर निर्माण के लिए मध्य प्रदेश में 25 जुलाई से 18 दिवसीय समरसता यात्रा की शुरूआत हुई। यात्रा का समापन 12 अगस्त को सागर में होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संत रविदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समर्पित मंदिर और संग्रहालय की आधारशिला रखेंगे।

प्रदेश की जनहितैषी भाजपा सरकार ने 8 फरवरी 2023 को इस देवतुल्य कार्य के विषय में घोषणा की थी। संकल्प सिद्ध करने पांच स्थानों - नीमच, मांडव जिला धार, श्योपुर, बालाघाट एवं सिंगरौली से एक साथ यात्रा दिनांक 25 जुलाई को प्रारम्भ हुई। यात्राएं 12 अगस्त तक प्रदेश के हर गांव से मिट्टी एवं सभी विकासखण्डों की 313 नदियों से जल का सांकेतिक संग्रहण एवं जनजागरण करते हुये आज सागर पहुँच जाएंगी।

सागर के पास बड़तूमा में सौ करोड़ रूपए की लागत से संत शिरोमणि सदगुरु श्री रविदास जी का विशाल और भव्य मंदिर का निर्माण का देवतुल्य कार्य सरकार कर रही है। मंदिर की दीवारों पर संत रविदास जी के दोहे और शिक्षाएं अंकित होगी। मंदिर परिसर में संत रविदास जी के जीवन की महान घटनाएं और उनकी अमर रचनाएं जीवंत दिखेगी। इस अतुलनीय कार्य से संत रविदास जी की वाणी से लोग प्रभावित होंगे। उनकी सामाजिक समरसता की सीख जनमानस तक पहुंचेगी और पर्यटन की अपार संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

## 18 दिवसीय समरसता यात्रा का सागर में होगा समापन

संत रविदास जी सुशासन के लिए कहा करते थे 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ो सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न।' यानि संत रविदास जी सुशासन के रूप में ऐसे राज्य की कामना करते थे, जहां कोई छोटा-बड़ा न हो, जहां प्रसन्नता पूर्वक सब जीवन यापन करें, सभी को अन्न प्रचुर मात्रा में मिलें। यह यात्रा संत शिरोमणि के इन्हीं विचारों को चरितार्थ कर रही है।

समरसता यात्रा 5 रूटों से प्रदेश के 45 जिलों से होकर गुजरी। मुख्य यात्रा के साथ ही विभिन्न ग्रामों/नगरों में 1661 उपयात्राएं/कलश यात्राएं भी आयोजित हुई। यात्रा के दौरान 352 जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

यात्रा के अंतर्गत पांचों रूटों में 25 लाख से अधिक लोगों द्वारा सहभागिता की गई। यात्रा में प्रदेश के 20,641 ग्रामों से मिट्टी और 313 नदियों का जल सांकेतिक रूप से एकत्र किया गया।

पत्रकारवार्ता को भाजपा प्रदेश मंत्री आशीष दुबे ने संबोधित किया। पत्रकारवार्ता में नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक अशोक रोहाणी, नगर महामंत्री रत्नेश सोनकर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रशान्त तिवारी गोलू, शिवराम बेन, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवा चौधरी, रविन्द्र पचौरी, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा उपस्थित थे।


ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
FREE FREE FREE FREE
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।



आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496


## सड़कें खराब होने पर मोबाईल नंबर 94795-19827 में व्हाट्सएप करें

**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-1 ने बताया कि लोक निर्माण विभाग जबलपुर के अंतर्गत आने वाले मार्गों में यदि कोई गड्ढा (क्षतिग्रस्त) भाग पाया जाता है। तो सड़क का सुधार कार्य हेतु कोई भी नागरिक नोडल अधिकारी उमाशंकर सिंह मोबाईल नंबर- 95795-19827 में सूचित या व्हाट्सएप कर सकता है जिससे क्षतिग्रस्त सड़क निर्माण का कार्य दुरूस्त किया जा सके।

## महाप्रबंधक सहित कई अधिकारी सागर रवाना

**जबलपुर,देशबन्धु।** पमरे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता, प्रमुख वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सागर रवाना हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सागर-बीना खण्ड पर तीसरी लाइन को स्थापित करेंगे। इसके चलते सुधीर गुप्ता अपनी तकनीकी टीम के साथ इस लाइन का निरीक्षण करेंगे भोपाल मंडल रेल प्रबंधक श्री त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भोपाल रश्मि बघेल और अन्य अधिकारी भी इस निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहेंगे।


सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 110
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112
छोटा ब्रॉयलर - रु. 114
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 118
मुर्गा मीडियम - रु. 116
मुर्गा बड़ा - रु. 114
मुर्गा जम्बो - रु. 114
मो.-9039925000, 9425800409





इंटरनेशनल यूथ डे आज

# सामाजिक, सांस्कृतिक, कला क्षेत्र में दिखा रहे योग्यता




**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा शब्द का उल्टा शब्द होता है वायु। वायु बदलाव लाती है। इसी तरह से शहर के युवा भी बदलाव की बयार ला रहे हैं। वे अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। सिर्फ समाज सेवा ही नहीं, बल्कि कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं। ऐसे ही युवाओं की योग्यता को सलाम करने के लिए हर साल 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के मौके पर आइए मिलते हैं शहर के ऐसे ही युवाओं की सफल कहानियों से जिन्होंने अपने काम से नाम कमाया।

**वीगन जागरुकता को लेकर काम** - हर्षा दाते उन युवाओं में से हैं जो सरोकार की पहल खुद करती हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से सामाजिक कार्यों में रुचि थी। कॉलेज में पहुंची तो एनसीसी जॉइन किया। यहां डिसिप्लिन के साथ सामाजिक गतिविधियों से जुड़ने का मौका मिला। समय बीतता गया तो स्ट्रीट चिल्ड्रन के लिए फ्री एजुकेशन के साथ भगवत गीता का सार पढ़ाने की शुरुआत की। बच्चों को इससे काफी प्रेरणा मिलती थी। इसके साथ ही वीगन अवेयरनेस को लेकर शहर में कई कैम्पेन चलाए, ताकि लोग शाकाहार की तरफ झुकाव महसूस करें।

**राष्ट्र स्तर पर किया शहर का प्रतिनिधित्व** - सुयश श्रीवास्तव पढ़ाई के साथ सोशल वर्क के क्षेत्र में बदलावों के साथ काम करते रहे। कॉलेज में एनएसएस जॉइन किया जो समाज सेवा के साथ देश सेवा का जज्बा भी जागा। इसके चलते सुयश को स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में दो बार मप्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी मिला। जबलपुर संभाग में सुयश को स्वयंसेवक समाजसेवी का गौरव सम्मान से नवाजा जा चुका है।

**कर्तव्यपथ पर राष्ट्रपति से मुलाकात** - एनएसएस के वॉलेन्टियर अंकित लखेरा कम उम्र में ही कई बड़ी उपलिब्ध अपने नाम करने वालों में से हैं। उन्होंने बताया कि एनएसएस में कई बार यूथ एक्सचेंज से जुड़ने का मौका मिला, जहां जबलपुर की संस्कृति को अन्य राज्यों से दो चार किया। अंकित को कर्तव्यपथ की परेड में शामिल होकर राष्ट्रपति से मिलने का अवसर भी मिल चुका है। हार ही में उन्हें स्वामी विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार का सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

# शक्ति भक्ति आराधना ओम नमः शिवाय भगवान शिव का ही प्रतिबिंब है



**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान आरती के पश्चात शिव भगवान की महिमा का वर्णन किया गया पंडित राजकुमार दुबे एवं रावेंदतिवारी द्वारा बताया गया भगवान शिव शक्ति भक्ति और आराधना सहज सरल भावनाओं से याद करने पर अपने भक्तों को अपने धाम बुला लेते हैं भूत भावन भगवान महाकाल रूद्र रूप 108 नामों से 12 ज्योतिर्लिंग हलाहल विष पीने वाले से उनकी महिमा अपरंपार है बेलपत्र धतूरा भगवान शिव को प्रिय है बाघ अंबर वस्त्र है, अपने भक्तों के लिए कहीं भी कभी भी कब सहायता कर देते हैं भक्ति के बस में है भगवान शिव की अनेक परंपरा भगवान शिव भगवान राम के भगवान परशुराम के गुरु हैं, संपूर्ण शक्ति के धनुर परंपरा के जनक हैं सावन माह की विशेष आरती में उपस्थित धनंजय बाजपेई डॉक्टर अरुण मिश्रा सुधाकर मिश्र प्रशांत तिवारी माधव पांडे अंकित तिवारी आदि उपस्थित थे कन्या पूजन प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम को विराम दिया।

## श्री गुप्तेश्वर महादेव का सोमनाथ ज्योतिर्लिंग श्रृंगार

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग ,स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव जी का संध्या आरती में श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग श्रृंगार किया गया।



श्री गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास जी महाराज ने कहा कि शिव ज्योतिर्लिंग में सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ धरती पर सौराष्ट्र में आए थे, श्रावण में पुरूषोत्तम मास के संयोग पर गुप्तेश्वर महादेव का श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। पूजन अर्चन आरती में जमुना प्रसाद गुप्ता , वसंत मिश्रा, कमलेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## श्री गुप्तेश्वर महादेव का सोमनाथ ज्योतिर्लिंग श्रृंगार

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग ,स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव जी का आज संध्या आरती में श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग श्रृंगार किया गया, श्री गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास जी महाराज ने कहा कि शिव ज्योतिर्लिंग में सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ धरती पर सौराष्ट्र में आए थे, श्रावण में पुरूषोत्तम मास के संयोग पर गुप्तेश्वर महादेव का श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। पूजन अर्चन आरती में जमुना प्रसाद गुप्ता , वसंत मिश्रा, कमलेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



## बच्चों का करवाया निशुल्क परीक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद पारस समिति के तत्वावधान में 40 बच्चों का निशुल्क दंत परीक्षण करवाया गया। इस दौरान उन्हें ब्रश करने के तरीके और दांतों की स्वच्छता संबंधित तरीके बताए। इस मौके पर चेलना संभाग अध्यक्ष साधना जैन, सचिव सविता जैन, शाखा सचिव सीमा, कोषाध्यक्ष रचना, डॉली जैन, नम्रता जैन, मनीषा जैन मौजूद रहीं।

## प्रयोग से बढ़ाया विज्ञान के प्रति लगाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान में विज्ञान शाला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के व्यावहारिक भौतिकी विभाग, भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद्, महाकोशल विज्ञान परिषद विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में 130 विज्ञान के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता वीणा वाजपेयी, डॉ. पीके दुबे मौजूद थे। कार्यक्रम में डॉ. कमल कुशवाह ने ऑप्टिक्स, मैकेनिक्स, इलेक्ट्रोस्टेटिक, मार्डन भौतिकी के कम लागत पर तैयार किए गए प्रयोग मॉडल ने विज्ञान की रोचकता बढ़ाई। इस मौके पर प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ. एसके महोबिया, संस्कृति राठौर, अक्षिता झिगरन, नक्षिता शर्मा, अंसल यादव मौजूद थे।

## औद्योगिक क्रांति के सूत्रधार थे आचार्य प्रफुल्ल चंद्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** रसायन विज्ञान के क्षेत्र में आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, वे देश में औद्योगिक क्रांति के सूत्रधार थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश राय ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर उनसे जुड़े ऐसे ही तथ्यों पर प्रकाश डाला। महाकौशल विज्ञान परिषद, सीएम राइस स्कूल गढ़ा और मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन हुआ। कार्यक्रम आचार्य राय के जीवन संघर्ष और प्रेरक कहानी ने युवाओं को प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. मुक्ता भटेले, अशोक मिश्रा, प्राचार्य किरण राव, शैलेश पाठक, डॉ. हीरा कुमारी मौजूद रहीं।



# रामनामी से शीघ्र प्रसन्न होते हैं शिव: स्वामी अशोकानंद

**जबलपुर, देशबन्धु।** शिव अविनाशी है जन्म जन्मांतर के काल चक्र का निर्धारण स्वंय ही करते हैं । राम नाम का निरंतर जाप करते हुए भगवान शिव श्रीराम को आराध्य मानते हैं। शिव भक्त को राम नाम जप करते हुए शिवाराधना करने से त्रिलोकी नाथ अभय वरदान देते हैं , रामनामी से भगवान शिव बहुत ही शीध्र प्रसन्न होते हैं, उक्त उद्गार स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने हिन्दू श्रावण पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर नर्मदा मैया की गोद में भक्ति धाम ग्वारीघाट में व्यासपीठ से श्रीशिव महापुराण के तृतीय दिवस कहे। वेदांत शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से शिव महापुराण की कथाओं का श्रवण करायेगे । महाराज जी के सानिध्य में वैदिक आचार्यों के व्दारा वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है, देव आवाहन, नवग्रह, षोणश मातृका कलश स्थापना धार्मिक वैदिक अनुष्ठानों में पूजन अर्चन पंडित वेदांत शर्मा, पुष्प तिवारी,अभिलाष पाँडे , वेदप्रकाश शर्मा , विजय पंजवानी , पप्पू लालवानी , रमेश मंगतानी,उमेश पारवानी, आशीष लालू महाराज, पुष्पराज तिवारी सहित भाक्तिधाम सेवा समिति ने की ।



## नर्सिंग कॉलेज मां और शिशु का जुड़ाव है स्तनपान




**जबलपुर, देशबन्धु।** शिशु और मां का जुड़ाव स्तनपान करवाने से बढ़ता है। इससे जहां मां और शिशु को स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं नहीं होती, वहीं मातृत्व की अनुभूति भी होती है। स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत रानी दुर्गावती नर्सिंग कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. नीना श्रीवास्तव, सचिव डॉ. कावेरी शॉ का सहयोग रहा। कॉलेज की छात्राओं को रंगोली प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। वीडियो आइकन लगाएं

## डिजिटल लाइब्रेरी ने बढ़ाई मैनेजमेंट की चुनौती



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुस्तकालय अध्यक्ष की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए लाइब्रेरियंस को ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान मास्टर ट्रेनर केन्द्रीय ग्रंथालय के ग्रंथपाल वीरेन्द्र पटेल ने प्रतिभागियों को लाइब्रेरी के व्यवस्थाओं और रखरखाव से रूबरू करवाया। उन्होंने कहा कि समय के साथ ग्रंथपाल का काम चुनौतीपूर्ण हो चुका है। अब उन्हें लाइब्रेरी के साथ डिजिटल लाइब्रेरी ऑपरेट करने की योग्यताओं में भी खरा उतरना है। केन्द्रीय ग्रंथालय में आयोजित चार दिवसीय पुस्तकालय अध्यक्ष क्षमता संवर्धन प्राशिक्षण कार्यक्रम के समापन के बाद सर्टिफिकेट जारी किए गए। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी, घनश्याम सोनी, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सुनील गुप्ता, एमएलबी स्कूल प्राचार्य प्रभा मिश्रा का सहयोग रहा।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 12 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की एकादशी। नक्षत्र-मृगशिरा।**

मेष -आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। हालांकि आपके विचारों में स्थिरता का अभाव रहने से कुछ मामलों में उलझन का अनुभव होगा। नौकरी या व्यवसाय में प्रतियोगिता का वातावरण रहेगा।

वृषभ -मन की कमजोर स्थिति महत्वपूर्ण अवसरों से आपको दूर कर सकती है। आज नए काम का आरंभ करना उचित नहीं है। बातचीत में आपका लापरवाही पूर्ण व्यवहार संघर्ष खड़ा करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन -आज का दिन ताजगी और स्फूर्ति से परिपूर्ण रहेगा। उत्तम भोजन सुंदर वस्त्रालंकार और मित्रों- स्वजनों से आपका दिन खूब आनंद में गुजरेगा। **क.-269-990**

कर्क -परिवार में मनमुटाव के अवसर आएंगे, इसलिए मानसिक बेचैनी रहेगी। मन में दुविधा का अनुभव होगा, इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय टालना हितकर है। किसी के साथ गलतफहमी या वाद-विवाद होने की संभावना है।

सिंह -आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा, परंतु मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। मित्रों से मुलाकात और लाभ होगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। घर में मांगलिक काम होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी।

कन्या -नए काम की शुरुआत करने के लिए बनाई योजनाएं साकार होंगी। पिता से आत्मीयता बढ़ेगी। उनसे लाभ भी होगा। व्यापारी और नौकरीपेशा लोगों को अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने का योग है। धन, मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

तुला -बुद्धिजीवियों या साहित्य प्रेमियों के साथ मुलाकात से आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। अच्छा समय व्यतीत करेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा या तीर्थस्थान जा सकते हैं। विदेशगमन के लिए अवसर निर्मित होंगे।

वृश्चिक -वाणी और व्यवहार पर आज संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कामों के अतिरिक्त नए काम हाथ में लेना उचित नहीं है। बीमार पड़ने के योग है। खान-पान में ध्यान रखें। अचानक धन लाभ होगा।

धनु -पार्टी, पिकनिक, प्रवास, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान आज के दिन की विशेषता होगी। मनोरंजन की दुनिया में विहार करेंगे। अपोजिट सेक्स के दोस्तों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। दांपत्यजीवन में उत्तम सुख की प्राप्ति होगी।

मकर -आज आपके व्यापार- धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरल रहेगी। परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सहकर्मियों तथा अधीनस्थ लोगों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ -आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के संबंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशानी होगी। विचारों में तेजी से परिवर्तन के कारण मानसिक स्थिरता में खलल होगी। आज नए कामों का आरंभ न करना हितकर है।

मीन -शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद होगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आ सकती है। **मा. 469-146**

2,4,6,7,26,45,69,37,74,12,83,91

## लोक कल्याण की भावना से चल रहा द्राक्षार्चन: ब्र. चैतन्यानन्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के पावन पर्व पर हरिहर महोत्सव प्रसंग के अवसर पर पाराम्बा भगवती बगलामुखी की कृपा प्राप्त करने के लिए लोक कल्याण की भावना से भाविक होकर के पीतांबरा बगलामुखी माता का सवालाख द्राक्षा (किशमिश) से लक्षार्चन से अर्चन किया जा रहा है ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज श्री ने बताया कि माँ बगलामुखी की उपासना, साधना और अर्चन करने से व्यक्ति के बिगड़े काम स्वत: बन जाते हैं तथा राजकीय बाधा,अनेक प्रकार की विघ्न बाधाएं दूर हो जाती है, जो द्राक्षा से अर्चन करता है भगवती उसे भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करती हैं उसके जीवन को सुखमय बनाती हैं, इसकी बाहरी शत्रुओं के साथ-साथ भीतरी शत्रुओं का भी नाश करते हैं मां भगवती साम्राज्य दायिनी है। इस शुभार्चन में मधु यादव पवन बागोरिया श्याम चौदह, आयुष गुप्ता, प्रशांत नागाइच, प्रकाश द्विवेदी, अजय खरे एवं वंदना खरे आदि भक्तगण उपस्थित रहे।





## बीसीएम की हरकतों से परेशान हैं कोरोना योद्धा

**जबलपुर,देशबन्धु।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि आकांक्षा साहू बीसीएम सामु स्वा केन्द्र शहपुरा के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें पद से तत्काल हटाया जाये आकांक्षा साहू बीसीएम द्वारा लगातार शासकीय कार्य में लापरवाही करती है एवं बिना सूचना के कभी भी अनुपस्थित रहती है। बीसीएम आशा कार्यकर्ताओ, आशा सहयोगियों और कर्मचारियों से अभद्रतापूर्ण व्यवहार करती है इसकी शिकायत आपके पूर्व में भी कर्मचारियों एवं आशा सहयोगियों द्वारा की गई है। श्रीमती आकांक्षा अपने कार्य के प्रति उदासीन एवं लापरवाह भी हैं, उनके द्वारा राष्ट्रीय योजनाओं एवं प्रादेशिक योजनाओं के दायित्व निर्वहन में रूचि नहीं ली जाती है वे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की रिपोर्ट भी समय पर नहीं भेजती। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मिर्जा मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, सतीश देशमुख, ब्रजेश मिश्रा, दुर्गेश पाण्डे, वीरेन्द्र चंदेल आदि ने डॉ संजय मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही निलंबित करते हुए अन्यत्र पदस्थ करने की मांग की है।

## आर्थिक नुकसान से परे रख कर मिले उच्च पद प्रभार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया जारी है जो कि अब पूर्णत: स्वैच्छिक है परंतु यदि किसी भी षिक्षकों के द्वारा उच्च पद प्रभार गृहण करने में अस्वीकृती जतायी जाती है तो ऐसे में किसी भी षिक्षक का आर्थिक नुकसान नही होना चाहिए। क्योंकि यदि अस्वीकृती की स्थिति में यदि शासन द्वारा किसी भी प्रकार से आर्थिक दंड दिया जाता है जैसे कि क्रमोन्नति न देना या रोकना तो इससे षिक्षकों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। इसलिए उच्च पद प्रभार अस्वीकृती की स्थिति में षिक्षकों को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान न हो इसका वरिष्ठ कार्यालयों एवं अधिकारियों को विषेष ध्यान रखना होगा।

संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, एनोस विक्टर, विनोद सिंह, गुडविन चार्ल्स, रऊफ खान, धनराज पिल्ले, सुधीर अवधिया, ओमप्रकाष झारिया, उमेष सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, राजेष सहारिया, गोपीषाह, रामकुमार कतिया, विजय झारिया, भास्कर गुप्ता, सुधीर अवधिया, मनीष मिश्रा, राजकुमार यादव, फिलिप अन्थोनी, सुधीर पावेल, क्रिस्टोफर नरोन्हा, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, प्रदीप पटेल, रामकुमार कतिया, सरीफ अहमद अंसारी, आषीष कोरी, मनीष मिश्रा, संतोष चैरसिया, एस.बी.रजक, सुखराम विष्वकर्मा आदि ने शासन से मांग की है कि उच्च पद प्रभार प्रक्रिया में षिक्षकों द्वारा अस्वीकृती की स्थिति में किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान न हो।



## इमरान वहिद का इंतकाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़ी ओमती नया मुहल्ला निवासी इमरान वहिद का इंतकाल बीमारी के उपचार के दौरान अपोलो होस्पिटल इंदौर मे हो गया है। वे वरिष्ठ पत्रकार अनवारुल वहिद के भाई थे। जिनकी मैय्यत शनिवार सुबह 11 बजे उनके निज निवास कोहिनूर टॉवर नये मुहल्ले से रानीताल कब्रिस्तान जाएगी।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती सुशीला जैन**- नेशनल कॉलोनी रामपुर निवासी श्री छोटे लाल जैन की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला जैन (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सोमवती यादव**- तिलहरी निवासी श्री राम कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सोमवती यादव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप कुमार कोचर**- राइट टाउन निवासी श्री प्रदीप कुमार कोचर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री महेश खरे**- फूटाताल लाल स्कूल के पास निवासी श्री महेश खरे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई चौधरी**- तुलसीदास का बगीचा चेरीताल निवासी श्री चुन्नी लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई चौधरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मनोज कुमार कुशवाहा**- मां नर्मदा होम्स फेस 1 कजरवारा निवासी श्री आनंदी लाल कुशवाहा के पुत्र श्री मनोज कुमार कुशवाहा (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुंजी लाल भूमिया**- कांचघर डॉ. बैनर्जी के पीछे निवासी श्री कुंजी लाल भूमिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण स्वामी**- गोरा बाजार मेन रोड केंट निवासी श्री नारायण स्वामी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश रैकवार**- वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री राजेश रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कुलदीप पटेल**- मांडवा रामपुर निवासी श्री जगना प्रसाद पटेल के पुत्र श्री कुलदीप पटेल (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमर कुमार चंदेल**- ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री श्याम लाल चंदेल के पुत्र श्री अमर कुमार चंदेल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई मिश्रा**- महाकौशल नगर अधारताल निवासी श्री गणेश प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई मिश्रा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिनेश विश्वकर्मा**- झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री दिनेश विश्वकर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जीरा देवी शर्मा**- छुई खदान मड़ैया जीसीएफ राम मंदिर के पीछे निवासी श्री रसीले शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती जीरा देवी शर्मा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दशरथ सोनकर**- हनुमानताल थाने के पीछे खेरमाई वार्ड निवासी श्री दशरथ सोनकर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री करन कुशवाहा**- संजय नगर टीवी टावर के पास कटंगा केंट निवासी श्री करन कुशवाहा (83) का निधन हो गया।

# सना खान की जबलपुर में हत्या, नागपुर की भाजपा नेत्री को मारकर शव हिरन नदी में फेंका





**जबलपुर,देशबन्धु।** नागपुर से जबलपुर के लिए निकलने के बाद गायब हुई भाजपा अल्पसंख्यक सेल नागपुर की महामंत्री सना उर्फ हिना खान की हत्या हो गई है। इस मामले में आरोपित को जबलपुर की गोराबाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित अमित उर्फ पप्पू साहू ने सना की हत्या कर शव को हिरन नदी में फेंकने की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस ने पप्पू को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो उसने सना की हत्या करना स्वीकार किया, परंतु शव नहीं मिल पाया है।

सीएसपी तुषार सिंह ने बताया कि सना ने छह माह पूर्व ढाबा संचालक अमित उर्फ पप्पू साहू से शादी की थी, वह अपनी मां को जानकारी देकर एक अगस्त को जबलपुर के लिए नागपुर से रवाना हुई थी, दो अगस्त को उसने अपने रिश्तेदार इमरान को फोन पर जबलपुर पहुंचने व कुछ समय बाद पप्पू साहू द्वारा मारपीट करने की सूचना दी थी, जिसके बाद से सना गायब थी। उसके मोबाइल फोन भी बंद थे, सना के स्वजन ने नागपुर पुलिस से घटना की शिकायत की थी। जिसके बाद जांच के लिए नागपुर से पुलिस टीम जबलपुर पहुंची परंतु सना का पता नहीं चल पाया। स्वजन ने पप्पू साहू पर सना की हत्या करने का आरोप लगाया था।

**शव बरामद करने की जा रही कोशिश**

सीएसपी सिंह ने बताया कि जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय सना और पप्पू दोनों पहले से शादीशुदा हैं। सना का एक बच्चा है जिसे छोड़कर वह पप्पू के पास जबलपुर आ गई थी। इधर, सना से नजदीकी का पता चलते ही पप्पू का उसकी पत्नी से विवाद होने लगा था, जिसके बाद वह अपनी पत्नी से अलग रहने लगा था, इधर, सना के स्वजन का कहना है कि वह नागपुर से जबलपुर रवाना होते समय लाखों रुपये कीमती सोने के जेवर पहनी थी। सीएसपी सिंह ने बताया कि पप्पू से पूछताछ कर सना का शव बरामद करने की कोशिश की जा रही है।

**नौकर को कार से मिले थे खून के निशान**

इसके पहले पुलिस ने आरोपित पप्पू के ढाबे में काम करने वाले नौकर जितेंद्र को भी हिरासत में लिया था। जिसके बाद जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन अमित साहू कार से ढाबा आया था।

उसने कार को साफ करने के लिए कहा था. नौकर ने पुलिस को यह भी बताया कि जब वह कार साफ कर रहा था, तो उस दौरान कार की डिक्की में खून के निशान मिले थे। उसने निशान के बारे में पूछा तो अमित ने उसे डांट कर शांत करवा दिया था।

# 9 टीआई की एसपी ने की नियुक्ति, कई थाने अभी भी प्रभारी विहीन

**जबलपुर,देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के ठीक पहले जबलपुर के थानों में 9 नए टीआई की पदस्थापना की गई है। एसपी ने 9 टीआई की लिस्ट जारी है। सभी टीआई की पोस्टिंग पुलिस लाइन से थानों में की गई है, प्रवीण कुमार कुमरे को गोरखपुर थाना का टीआई बनाया गया है, जबकि पहले भी जबलपुर में रह चुके विपिन ताम्रकार को माढोताल की कमान सौंपी गई है।

एसपी तुषारकांत विद्यार्थी ने विजय कुमार विश्वकर्मा को अधारताल, अजय बहादुर सिंह को पनागर, प्रसन्न कुमार वर्मा भेड़ाघाट, प्रवीण धुर्वे गढ़ा, राजपाल सिंह बघेल गोहलपुर, नेहरू सिंह खंडाते ग्वारीघाट, विपिन ताम्रकार माढ़ोताल , निलेश कुमार दोहरे रांझी थाना प्रभारी बनाए गए है। जबलपुर जिले में 9 थाना प्रभारियों की तैनाती के बाद अभी भी घमापुर, हनुमानताल, खमरिया, बरगी, पाटन, कटंगी, खितोला, सिहोरा थाना खाली पड़े हुए है जिसमें टीआई की पोस्टिंग होना बाकी है।

## स्कूटी सवार की टक्कर से बाईक चालक घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना सिहोरा में छोटू चक्र वर्ती उम्र 24 वर्ष निवासी बड़खेरा ने बताया कि शाम लगभग 6 बजे वह मोटर सायकल में पेट्रोल भरवाने के लिये कंकाली मोहल्ला सिहोरा रिलायंस पेट्रोल पम्प सिहोरा जा रहा था, जैसे ही बड़गैया एसटीडी के पास पहुॅचा तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की स्कूटी के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये पीछे से टक्कर मार दी। जिसके चलते गिरने पर कंधे में चोट आयी है। स्कूटी चालक मौके से स्कूटी से भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## विधायक कप कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जबलपुर,देशबन्धु।** तीन दिवसीस कुश्ती प्रतियोगिता बाई का बगीचा घमापुर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन में संभागीय स्तर की ओलम्पिक पद्धति के अनुसार कुश्ती मेट पर आयोजित की जा रही है, पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया ने अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू आलोक चंसौरिया, आलोक मिश्रा, सतीश उपाध्याय, दिनेश यादव, चिंटू चौकसे, सम्मति सैनी, सौरभ शर्मा, शिव यादव, कल्लन गुप्ता, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, मतीन अंसारी, कलीम खान, प्रमोद पटेल, असित यादव, आजम खान, अभिषेक चंदेल, शिव यादव, साथ ही खलीफा हीरालाल, रामकुमार यादव, पुरूषोत्तम लाल आदि का पगड़ी बंधन कर स्वागत किया। इसके पश्चात जय घनघोरिया, यश घनघोरिया ने खिलाड़ियों अतिथिजनों को मेट पर पहलवानों का परिचय कराया तत्पश्चात कुश्ती प्रारम्भ हुई इस कड़ी में 50 किलो ग्राम आशीष ने कार्तिक चौधरी को मोहम्मद अख्तर ने हिमांशु को सत्या ने अक्षय को पराजित किया 40 किलो में महिला वर्ग में अंशिका ने दीपिका को परिदिती ठाकुर ने नैना को पराजित किया 60 किलो अवध केशरवानी ने सनी को शाहिल न अरूण को पराजित कर इन सभी पहलवानों ने अगले चक्र में प्रवेश किया निर्णायक मंडल में प्रवीण पांडे, विनय चक्रवर्ती, जितेन्द्र राजपूत पवन चक्रवर्ती, रंजीत राम, चंदीप यादव, मनीष सोनकर, अनुराग चौबे ने निभाया। जिला कुश्ती संघ के सचिव राजीव राजपूत नगर निगम कुश्ती संघ के अध्यक्ष राम दत्त शुक्ला ने मंच संचालन मध्यप्रदेश तैराकी संघ सहसचिव सुनील पटेल ने किया ज्ञात रहे कल कुश्ती 3 बजे प्रारम्भहो जायेगी इस प्रतियोगिता में लगभग 200 खिलाड़ियोंनेबढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# बाईक सवारों में टक्कर, चार लोग हुये घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में अलग-अलग सड़क हादसों में मोटर साईकिल सवार घायल हो गये हैं। थाना पनागर में रात लगभग अच्छेलाल गोंड़ उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम खापा थाना धूमा जिला सिवनी के अनुसार कि वह मजदूरी करता है उसके मामा का लड़का कंधीलाल तथा उनका दोस्त नारायण लोधी दोनों त्रिवेणी रैकवार को लेकर मोटर सायकल से त्रिवेणी बाई रैकवार के भांजे अमित रैकवार से मिलने सिहोरा जा रहे थे दोपहर लगभग 11-15 बजे जैसे ही रूद्राक्ष ढाबा के पास नेशनल हाईवे के पास पहुॅचे, तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 7009 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये इनकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी।

जिससे तीनों मोटर सायकल सहित गिर गये, तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं, भीम गिरी गोस्वामी एवं बड्डू ठाकुर ने तीनों घायलों के उपचार हेतु आटो से जबलपुर भिजवाया। वहीं थाना गोरखपुर में शाम शिवांस गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी पुरवा झण्डा चौक गढ़ा ने बताया कि वह एवं अंकित सोनकर एक साईकिल में थे तथा नीरज सोनकर एवं सरोज बर्मन दूसरी साईकिल में थे, गढ़ा पुरवा से गुप्तेश्वर मंदिर होते हुये बादशाह हलवाई मंदिर काम से जा रहे थे, रामपुर चौक के आगे पहुॅचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एमके 9385 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये नीरज सोनकर की साईकिल में टक्कर मार दी,जिसमें उन लोगों को चोट पहुंची है। पुलिस ने शिकायत पर मामलाा दर्ज कर लिया है। बताया गया कि नीरज सोनकर एवं सरोज बर्मन को हाथ पैर में चोंटें आयीं हैं उसने दोनों घायलों को उपचार हेतु मेडीजोन अस्पताल में भर्ती कराया है।

# एक बार फिर ठगा गया प्रदेश का ट्रांसपोर्टर्स

**जबलपुर,देशबन्धु।** कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पान्धे ने कहा है कि सत्ताधारी सरकार ने एक बार फिर मप्र के ट्रांसपोर्टर्स को गुमराह किया है। दिसम्बर माह में बैरियर हटाने की बात ट्रांसपोर्टर्स को कहीं है, इनसे मुलाकात करने और निर्णय लेने वाले ट्रांसपोर्टर्स नेताओं में अधिकांश भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी हैं, ऐसे में ये सोची समझी साजिश नजर आ रही है कि किसी तरह से ट्रांसपोर्टर्स की नाराजगी को मप्र में होने वाले विधानसभा चुनाव तक दबाया जा सके। जिसे ट्रांसपोर्ट नेताओं और बीजेपी सरकार की मिलीभगत से खूबसूरत ढंग से अंजाम दे दिया गया।

श्री पांधे के अनुसार आरटीओ बैरियर बंद करने की मांग कभी भी ट्रांसपोर्टर्स ने नहीं की, ट्रांसपोर्टर्स की मांग तो अवैध वसूली और भ्रष्टाचार को समाप्त करने की है इस मांग को तो तत्काल प्रभाव से अगर वर्तमान शिवराज सरकार चाहती तो कर सकती थी मगर इन्हीं की पार्टी के अधिकांश पदाधिकारी ट्रक यूनियन इटोटा यूनियन में होने के कारण ट्रांसपोर्टर्स को गुमराह करने का निर्णय मिली भगत से लिया गया, जिसे भोलेभाले ट्रांसपोर्टर्स नहीं समझ सके और उपरोक्त निर्णय भी आनन-फानन में इसलिए लिया गया क्योंकि 28/8/23 को जो बैठक भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ उनके निवास पर ट्रांसपोर्टर्स की हुई थी उसमे कमलनाथ ने घोषणा की थी कि मप्र में कॉंग्रेस की सरकार आने पर ट्रांसपोर्टर्स की मांगे मानी जाएंगी और भ्रष्टाचार दूर किया जाएगा, और इसी कमलनाथ जी की घोषणा के बाद ये गुमराह करने वाला निर्णय लिया गया जो कि ट्रांसपोर्टर्स के साथ एक धोखाधड़ी जैसा निर्णय है, शिवराज सरकार ईमानदार निर्णय लेती तो ट्रांसपोर्टर्स को तत्काल भ्रष्टाचार से मुक्ति दिला सकती थी।

## एपीएन हायर सेकेण्डरी स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन




**जबलपुर,देशबन्धु।** एपीएन हायर सेकण्ड्ररी स्कूल में विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारम्भ का मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात शाला नायक, शाला नायिका, हाउस प्रभारी एवं क्लास कैप्टेन को शपथ दिलवाई इस अवसर पर शाला अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने सभी कप्तानों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा, कि जब हम शपथ लेते है, तो हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है शपथ लेने के बाद हमारा आचरण व्यवहार भी के प्रति अच्छा होना चाहिए। हमें हमेशा अनुशासन में रहना चाहिए, तभी हमारी शपथ लेने का उददेश्य पूर्ण हो पायेगा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाला प्रबंधक तुलसीदास द्रविड महाविद्यालय के रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, महाविद्यालयकी प्राचार्य डा. सोनल खेर, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, उप प्राचार्य मुन श्रीवास्तव सीबीएसई प्राचार्य महेश मोरे उपस्थित थे।

# फर्जी पत्नी-पुत्र बनकर धोखाधड़ी

**जबलपुर,देशबन्धु। पुलिस ने छलपूर्वक संपित्त की खरीद फरोख्त के मामले में बिल्डर समेत अन्य लोगों के खिलाफ धारा 420 एवं षणयंत्र रचने का मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने एसपी के पास शिकायत दर्ज कराई थी। जिसक बाद पुलिस ने सीएसपी कोतवाली को उक्त मामले की तह तक जाने के निर्देश दिये थे।**

पुलिस अधीक्षक जबलपुर तुषार कांत विद्यार्थी से सीताशरण विश्वकर्मा उम्र 70 वर्ष निवासी मनप्रीत अपार्टमेट कृपाल चौक गुप्तेश्वर रोड ने लिखित शिकायत की कि उसके व्दारा 31.08.2016 को बक्शीश चंद्र वर्मा पिता जी सी वर्मा निवासी 425 आर्दश सरस्वती शिशु मंदिर के पास शिवाजी वार्ड पोद्दार कालोनी सागर केन्ट म.प्र. से रजिस्ट्र्ड विक्रय अनुबंध पत्र विक्रित सम्पत्ति मौजा मदन महल नरसिह वार्ड स्थित खसरा न.628/1 का हिस्सा न.ब. 605 प्लाट क्र.14 रकबा 8424 वर्ग फुट (782.90 वर्ग मीटर) मे से पश्चिम दिशा की ओर का भाग रकबा 2160 वर्ग फुट ( 200.74 वर्ग मीटर ) जो कि छोटी लाईन से मदन महल चौक जाने वाले रास्ते पर स्थित है, को क्रय किये जाने कर रजिस्ट्र्ड अनुबंध किया था। उक्त सम्पत्ति




विक्रेता बक्शीशचंद वर्मा को उनकी मां के निधन के उपरांत पारिवारिक बटवारे मे प्राप्त हुई थी, उनके द्वारा उसके साथ विक्रय हेतु रजिस्ट्र्ड अनुबंध किया गया था जिसमे बी.सी.वर्मा की पत्नि सीमा मरवाह व पुत्र अमित मरवाह सहमति दाता व साक्षी है। उक्त अनुबंध मे रकबा 2160 वर्ग फुट का 5600 रू. प्रति वर्ग फुट की दर से क्रय किया जाना तय हुआ था।

बिल्डर संदीप जैन उर्फ गप्पू एवं नरेश चावला व्दारा करोडो की अनुबंधित सम्पत्ति को छल एवं धोखाधडी पूर्वक फर्जी पत्नि एवं पुत्र से अपने पक्ष मे रजिस्ट्री बैनामा करा लिया गया है।

एसी पी द्वारा शिकायत की जांच कर विधि सम्मत कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया। इसके बाद नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली ने मामले की पताशाजी की, इसके बाद प्राप्त शुरूआती तथ्यों के सामने आने के बाद आरोपी संदीप जैन उर्फ गप्पू पिता पदमचंद जैन निवासी बंगला न.5 नर्मदा रोड थाना केन्ट, नरेश चावला पिता चतुर्भुज चावला गोरखपुर, विमला मरवाहा पति स्व. बी.सी.मरवाहा, सचिन मरवाहा पिता स्व. बी.सी. मरवाहा दोनो निवासी म.न.99/1500 केलो बिहार कालोनी रायगढ छ.ग.,सौरभ मरवाहा पिता कैलाशचंद मरवाहा निवासी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मझगवां मोटर साईकिलों में भिडंत: दो घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना मझगवां में आसीफखान उम्र 39 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 41 बरेला ने बताया कि वह फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता है। सुबह अपनी मोटर सायकल से बरेला से ग्राम मढ़ा बंजर थाना मझगवां क्षेत्र में कपड़ा बेचने आया था, तभी गांव के पास रहने वाला विजय कुमार बैगा एवं विजय की पत्नी पूजा बैगा ग्राम हिनौतिया खैरी बैरागी बरेला भी मोटर सायकल से ग्राम कुम्ही सतधारा मंदिर दर्शन करने के लिये जा रहे थे, तभी चाय की दुकान के पास मेन रोड के समीप दूसरी दिशा से आने वाले वाहन चालक टक्कर मार दी। जिससे कई जगह चोट लगी है। शिकायत मिलने पर जहां पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है वही, घायलों को उपचार के लिये सरकारी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। इस तरह के हादसे आये दिन हो रहे हैं। इसके पीछे वाहन चालक जहां तेज गति से




वाहन चला रहे हैं, वहीं यातायात संबंधी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसकी अनदेखी हो रही है जो लोगों के घायल होने और मौत का कारण बन रहा है।

रोड के साईड में विजय कुमार बैगा एवं उनकी पत्नी पूजा बैगा खड़े थे तभी मझगवा तरफ से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन क्यू 0373 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये विजय बैगा एवं पूजा बैगा को टक्कर मार दिया जिससे दोनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं है टक्कर मारकर मोटर सायकल चालक मोटर सायकल से भाग गया।

## आज अगस्त भजन शिरोमणि शिवप्रसाद शुक्ल शिब्बू दादा की प्रथम पुण्य तिथि

**जबलपुर,देशबन्धु।** आर्केस्ट्रा की चकाचौंध करने वाली लाईटों और फिल्मी गीतों के दौर में भजनों को नगर ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय एवं कर्ण प्रिय बनाने का श्रेय पंडित शिव प्रसाद शुक्ला शिब्बू दादा को बहुत कुछ जाता है सीधा सादा, सरल आवाज में मिठास लिये हुए लाल कुरते पैजामे में नगर वासी उन्हें दूर से ही पहचान लेते थे, जादूगर एस के निगम ने बताया कि 9 फरवरी 1993 शिवरात्रि के दिन शिव की नगरी बनारस की लोकप्रिय शिक्षाविद डॉ कृष्णा निगम के निवास पर जैसे ही वैदिक क्रांति के सूत्रधार महर्षि महेश योगी को वाराणसी से हालैण्ड स्थिति मुख्यालय में महर्षि जी को हॉट लाईन पर बताया गया, उस समय मोबाईल, ईमेल चलन में नही था, शिब्बु दादा महर्षि महेश के आदेश से शिव की नगरी में शिवरात्रि पर अपने साथी रविशंकर श्रीवास्तव एवं मंडली ने रात्रि 2 बजे हॉलैण्ड में रात्रि 9 बजे महर्षि ने कहा हमें भी सुनने की प्रबल इच्छा हो रही है, महर्षि जी ने इंटरनेशनल सेट्रलाईज जो करीब विश्व के 200 देशों से जुड़ा था और जैसे ही सेट्रलाइज चालू हुआ तो दुनिया के 200 देशों ने महर्षि पर तैयार किया गया, विशेष भजन लवली हैवन ऑन दी अर्थ फॉर फीस माई मेडीटेशन महर्षि ने भजन सुनकर बहुत आर्शीवाद दिया। 88 वर्ष की उम्र में भगवान के दरबार में उनको भजन सुनने के लिए बुलावा आ गया था।

## सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा का आयोजन 14 को

**जबलपुर,देशबन्धु।** सेम सीनियर सिटीजन कल्ब द्वारा स्वाधीनता की पूर्व संध्या में साउथ एवेन्यु मॉल में सारे जहां से अच्छा हिन्दस्ता हमारा राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत गीत गायन का आयोजन 14 अगस्त को सांयकाल 4 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम में संयोजक, एस के निगम, विंग कमाण्डर चंदन शर्मा, जसवीर चौपड़ा ने सीनियर सिटीजन से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## डीजीपी से मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

**जबलपुर, देशबंधु।** मानेगांव की 44 एकड़ जमीन फर्जी दस्तावेज पर बिक्री पुलिस कार्यवाही नही हुई है। महर्षि महेश योगी संस्थान की 44 एकड़ जीमान फर्जी दस्तावेजों पर कूटरचित कागजों पर भू माफियों द्वारा बेच दी गई, संस्था के जिम्मेदार लोगों ने सीएम हेल्पलाइन, बरगी थाने में शिकायत दर्ज करवाई, एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज नही हुई है। संस्था के प्रतिनिधि मण्डल भोपाल जाकर पुलिस महानिदेशक से शीघ्र भेंट करेगा।

# शिक्षक के निलंबन पर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने एकलव्य स्कूल में कार्यरत शिक्षक को निलंबित किए जाने के मामले में जवाब-तलब किया है। जस्टिस नंदिता दुबे की एकलपीठ ने मामले में राज्य शासन, आदिवासी विभागए आदिवासी कल्याण आवासीय व आश्रम शैक्षणिक संस्थाएं सोसाइटी सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

यह मामला जगेंद्र सराठे की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि वे एकलव्य विद्यालय छिंदवाड़ा में कार्यरत थे। याचिकाकर्ता को निलंबित करने की अधिकारिता को मामले में चुनौती दी गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि संभागीय उपायुक्त जनजाति व अनुसूचित जाति विकास जबलपुर को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। याचिकाकर्ता की नियुक्ति सोसायटी द्वारा संचालित एकलव्य विद्यालय छिंदवाड़ा में आयुक्त आदिवासी विकास के आदेश से हुई थी। संभागीय उपायुक्त याचिकाकर्ता का नियुक्तिकर्ता अधिकारी नहीं है। वह




अपेक्षाकृत कनिष्ठ अधिकारी है। राज्यपाल ने केवल कलेक्टर को यह अधिकारिता दी है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## ईडब्ल्यूएस संबंधी मामले में अब सुनवाई 16 को

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में ईडब्ल्यूएस आरक्षण की अधिसूचना की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में 16 अगस्त को सुनवाई होगी। एडवोकेट यूनियन फॅार डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस ने जनहित याचिका दायर कर बताया कि इस संबंध में 2 जुलाई 2019 को अधिसूचना जारी की गई थी। इसके तहत मध्य प्रदेश शासन द्वारा ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों को शिक्षा एवं रोजगार में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है। याचिका में कहा गया क उक्त आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 15 (6) एवं 16 (6) के प्रावधान का उल्लंघन है।

## अतिक्रमणों पर 30 दिन में करें कार्रवाई,सैनिक सोसायटी का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने सैनिक सोसायटी जबलपुर के अतिक्रमणों के मामले में 30 दिन के भीतर याचिकाकर्ता की शिकायत दूर करने के निर्देश दिये है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने निगामायुक्त स्वप्निल बानखड़े को एक अवसर प्रदान करते हुए उक्त निर्देश दिये।

यह अवमानना का मामला भरतीपुर जबलपुर निवासी अधिवक्ता संजय सोनकर की ओर से दायर किया गया है। आवेदक ने स्वयं अपना पक्ष रखते हुए दलील दी कि पूर्व में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने इस निर्देश के साथ निराकरण किया था कि सैनिक सोसायटी के अतिक्रमण व अवैध निर्माण 90 दिन के भीतर हटाए जाएं, लेकिन ऐसा नहीं किया गया, जिस पर यह अवमानना का मामला दायर किया गया है। याचिकाकर्ता ने सैनिक सोसायटी में मकान खरीदा है। उक्त मकान सात लोगों की हत्या के जुर्म में जेल में बंद सुनील सेन से क्रय किया गया है। दरअसल सुनील ने अतिक्रमण व अवैध निर्माण न हटाए जाने से तंग आकर अवसाद व तनाव की हालत में हत्याकांड को अंजाम दे दिया था। इससे परेशान होकर एक दशक पूर्व पहले तो अपने परिवार के छह सदस्यों को मार दिया और फिर नगर निगम में कार्यरत राजकुमार गौतम की हत्या कर दी। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। लेकिन बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है। आलम यह है कि सड़क व नाली में ऊपर अतिक्रमण व अवैध निर्माण काबिज हैं।

# आई फ्लू की चपेट में बच्चे, बुजुर्ग और युवा

## हाइवे व ग्राम की सड़क पर धूल का प्रदूषण घोल रहा जहर, नीम-हकीमों के भरोसे 20 हजार की आबादी का क्षेत्र

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** नीम हकीम खतरे जान, वर्तमान समय में गांधीग्राम सहित आसपास के क्षेत्र में आई फ्लू का संक्रमण बढ़ गया। इस बीच नर्मदा पाईप लाईन के लिए गांधीग्राम के बायपास से बंजारी माता होते हुए पुरानी एनएच 7 मार्ग के दोनों ओर खोदी जा रही नालियों से निकली मुरम और मिट्टी को घरों के सामने व सड़क पर बिखेर दिया गया है। वाहनों की आवाजाही से अब उड़ रही धूल आई फ्लू पीड़ितों के लिए जले में नमक छिड़कने का काम कर रही है।

आई फ्लू की वजह से गांधीग्राम, रामपुर, धमधा, बम्होरी, धमकी, बेला, कुशनेर , मोहनियां, माल्हा, डूंडी, मिढासन, देवनगर, हरदयनगर में शालाओं में पढ़ने वाले प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्र-छात्राएं, ग्रामीण जन, वृद्धजन आई फ्लू की चपेट में आ गए है। पहले तो लोग इसे सामान्य तरह से समझ रहे हैं लेकिन परेशानी बढ़नेफ्लू में अचानक आंख लाल हो जा रहा है, आंख में जलन और गड़ने की समस्या भी होती है। युवाओं, बुजुर्गों के साथ बच्चे भी इसकी चपेट में हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में पहुंचने पर पता चल रहा है कि लोग आई फ्लू से संक्रमित हैं। प्राइवेट , सरकारी के सभी




अस्पतालों की आई ओपीडी, मेडिकल स्टोर्स में आने वाले 75-80ब मरीज आई फ्लू के आ रहे हैं। सरकारी अस्पताल समेत अन्य निजी नेत्र अस्पतालों में मरीजों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। आई फ्लू से संक्रमित लोगों को बचाव और इलाज के बारे में स्वास्थ विभाग भी कुछ नहीं कर रहा है।

बताया जा रहा है कि आई फ्लू में अचानक आंख लाल हो जा रहा है, आंख में जलन और गड़ने की समस्या भी होती है। युवाओं, बुजुर्गों के साथ बच्चे भी इसकी चपेट में हैं।*हाईवे फोरलेन बाईपास सड़क बन जाने के बाद भी वर्तमान समय में गांधीग्राम बस्ती के अंदर से मुरम,मिट्टी,ब्लूडस्ट हाइवा, डंफर, दस्चक्का में भरकर गाँधीग्राम के कूड़ा कंजई तिराहे, बस स्टैंड एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला गांधीग्राम, सेंट जोंस पब्लिक स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधीग्राम वा शासकीय प्राथमिक शाला रामपुर सड़क मार्ग के सामने से बेखौफ ले जाइ जा रही है। आवासीय बस्ती के अंदर से बेकाबू दौड़ रहे इन खनिज भारयुक्त हाइवा से उड़ रही धूल से न केवल वाशिंदों को वायु प्रदूषण का शिकार होना पड़ रहा है अपितु स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं शिक्षकों राहगीरों दो पहिया वाहन चालकों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

हाईवे फोरलेन बाईपास सड़क बन जाने के बाद भी वर्तमान समय में गांधीग्राम बस्ती के अंदर से मुरम, मिट्टी, ब्लूडस्ट हाइवा, डंफर, दस चक्का में भरकर गाँधीग्राम के कूड़ा कंजई तिराहे, बस स्टैंड एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला गांधीग्राम, सेंट जोंस पब्लिक स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधीग्राम वा शासकीय प्राथमिक शाला रामपुर सड़क मार्ग के सामने से बेखौफ ले जाइ जा रही है। आवासीय बस्ती के अंदर से बेकाबू दौड़ रहे इन खनिज भारयुक्त हाइवा से उड़ रही धूल से न केवल वाशिंदों को वायु प्रदूषण का शिकार होना पड़ रहा है अपितु स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं शिक्षकों राहगीरों दो पहिया वाहन चालकों को भी परेशान होना पड़ रहा है, जल जीवन मिशन ठेकेदार निशा आशुतोष उपाध्याय जबलपुर की तानाशाही से राहगीरों और स्थानीय निवासियों की परेशानी और बढ़ गई है।आंखे जैसे नाजुक और अति संवेदनशील अंगों का इलाज नीम हकीमों के भरोसे हो रहा है, क्षेत्र में नीम हकीमो की भरमार है जो मरीजों से इलाज के नाम पर अच्छा खासा पैसा ऐठ रहें हैं। सारी जानकारी होने के बावजूद स्थानीय खंड चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी की टीम द्वारा इन नीम हकीमों के ऊपर कभी कोई कार्रवाई नहीं की जाती।जिससे स्वास्थ्य विभाग भी संदेह के दायरे में आता है।

### इनका कहना है

क्षेत्र से रोजाना 10 से 15 आई फ्लू के मरीज गोसलपुर शासकीय चिकित्सालय में आ रहे हैं, क्षेत्र में सक्रिय नेम हकीमी की जानकारी यदि मिलती है तो सीएमएचओ जबलपुर के निर्देश पर कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. अर्शिया खान,** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सिहोरा



## शहीद स्तंभ के निर्माण हेतु स्थान चयनित करने एसडीएम ने किया निरीक्षण

**पाटन, देशबन्धु।** मातृ-भूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिये बलिदान हुए वीरों की याद में प्रदेश की प्रत्येक नगर पालिका एवं नगर परिषद में शहीद स्तंभ का निर्माण होना शासन स्तर पर प्रस्तावित किया गया है उसी तारतम्य में पाटन अनुविभागीय अधिकारी मानवेंद्र सिंह के द्वारा नगर परिषद पाटन के पार्षद-गणों की मौजूदगी में वार्ड न छः में आने वाले नाग तालाब का निरीक्षण किया गया जिसमें आगामी समय में शहीद स्तंभ का निर्माण होना है। चर्चा के दौरान मीडिया को बताया कि एक-एक दिन,समय का प्रत्येक क्षण,जीवन का प्रत्येक कण, मातृभूमि के लिए जीना और तभी आजादी के दीवानों को सच्ची श्रद्धांजलि देने नगर परिषद क्षेत्र में शहीद स्तंभ का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे भाजपा नेता देव कुमार यादव, पार्षद ठाकुर महेंद्र सिंह,प्रदीप पटेल,शेख अमजद,दीपक जैन, सत्यम झारिया सहित नगर परिषद का प्रशासनिक अमला मौजूद था।

## सार-समाचार

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत विविध परिधान प्रतियोगिता का आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में सांस्कृतिक एकता विषय पर विविध परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव जी के शुभकामनाओं एवं सरस्वती वंदना से शुरू किया गया विभिन्न प्रतिभागियों ने वीर वीरांगनाओं के वेशभूषा में अपनी बात प्रकट की। किसी ने देवी अहिल्याबाई, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई,शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के वेशभूषा में स्वतंत्रता के वीर सेनानियों को नमन किया।प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रतिभागी के रूप में बी. एस. सी.तृतीय वर्ष की छात्रा अंशिका चौबे, द्वितीय वर्ष की छात्रा सौम्या चौबे, बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्राएं ऋतु,रंजना चौधरी, राशि जैन, आंशी , अनामिका आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री गार्गी भट्टाचार्य और अतिथि विद्वान डॉ अपूर्वा चौरसिया के साथ साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

### झांसी (बेला) सबस्टेशन का हुआ भूमि-पूजन

**गोसलपुर, देशबन्धु।** झांसी (बेला) सबस्टेशन भूमि-पूजन कार्यक्रम में सिहोरा विधायक श्रीमती नंदनी मरावी ने कहा कि आर डी एस एस प्रस्तावित नवीन 33/11 के.व्ही. झांसी ( सबस्टेशन का निर्माण होने पर ग्राम-झांसी, बला, सिलुआ, किरिया पडकला बने मह, मद, रामनगर, खमरिया, रानीताल, निन्दौरा, बेली, पचडी कंवलारी कुड़वा पिपरसरा, भीरखा, खजरी, सहित कुल 19 ग्रामों के 1025 कृषि पंप उपभोक्ताओं एवं 2450 घरेलू उपभोक्ताओं की गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही रखिरिया, सबस्टेशन का भार कम होने से देवरी, खम्हरिया (देवरी), घुटना, भटम भदमकला, भदमसानी, रमखिरिया, संजयनगर अलगांड़ा, रिटरी, खागामऊ कटवा सिमरिया, मानगांव, कुँआखंड, झांझा बंधा पोलीटोरिया शहपुराहार हिनोतिया सहित कुल 21 ग्रामों में 912 कृषि पंप उपभोक्ताओं एवं 1929 घरेलू उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

**ये रहे उपस्थित**-मुख्य अतिथि सिहोरा विधायक श्रीमती नंदनी मरावी, संतोष बरकड़े अध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर, श्रीमती सोनू पुष्पराज बघेल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जनपद पंचायत सिहोरा, धर्मेंद्र सिंह राजपूत जनपद सदस्य,दिलीप पटेल प्रहलाद उपाध्याय सरपंच उपस्थित रहे।



### भेड़ाघाट निकाय में आयोजित हुआ, मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम

**पाटन, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत् मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अन्तर्गत नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति उद्यान में शिला-फलकम (स्मारक) स्थापित किया उसके पश्चात निकाय अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी की अध्यक्षता में वीरों को नमन करते हुए झंडा वंदन करते हुए निकाय परिषद सदस्य संध्या सिह ठाकुर पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे, उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया की उपस्थिति में राष्ट्रगान गाया गया। साथ ही अमृत महोत्सव के अवसर पर %दीनदयाल% स्मृति उद्यान-के एक हिस्से में नवनिर्मित अमृत वाटिका में निकाय सीएमओ विक्रम सिंह झारिया,उपयंत्री सुश्री निधि परोहा, सुनील बेरागी के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी सम्मानीय सदस्यों, अधिकारी-कर्मचारियों से उद्यान प्रभारी लक्ष्मी नारायण दुबे द्वारा वृहद वृक्षारोपण करवाया गया इस अवसर पर उपस्थित सम्मानीय सदस्य अनिकेत आदिवासी,सजल तिवारी, लक्ष्मण यादव,आलोक जैन की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा भेड़ाघाट में आयोजित की गई। इस अवसर पर विजय कोरी, ओभी मुखर्जी,विशांत त्रिपाठी, मधुर यादव,अंजू तिवारी, संतोष पुरी,शेख रमजान, डालचंद सेन, शुभम ठाकुर सहित सभी कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## बदुआ बांध बांधने से 40 गांव का रास्ता हो गया बंद

**कुडम ,देशबन्धु।**बदुआ बांध बांधने से 40 गांव का रास्ता हो गया बंद 40 गांव के लोगों का आना-जाना जैसे सिलौंडी घूघरा बड़कुर से कुंडम कुंडम से तिलसनी बघराजी आना लगभग 65 किलोमीटर का घेर पड़ता है रास्ता ग्रामीण जनों का कहना है जब बदुआ बांध नहीं बंधा था तब बघराजी बदुआ होते हुए घूघरा के लिए 20 किलोमीटर हमें आने जाने को गांव जाने के लिए पढ़ता था लेकिन अब हमें 65 से 70 किलोमीटर का रास्ता हो गया है बांध के नीचे वाले गांव पश्चिम की ओर बदुआ कल्याणपुर करणपुरा आमाहाटोला लहसर पटना रोरिया टिकरिया नारायणपुर जमुनिया कुंदवारा गुरैया डबराकला डबरा मड़ाहाबंजर डमडमा विजयाईया बंदरकुला पिंकूही फिफरी इतनी गांव पड़ते हैं

बांध के ऊपर-जंगल के पूर्व दिशा की ओर के गांव जैसे मसूरीकछार घुघरा बड़कुर आमाहा कोसमडोंगरी हल्का बोढ्ढा बसेहरा खुदारगवा झिलमिला विलसरा लादबार संग्रामपुर कचनारी टिटहाकला आमाटिटहा तुरमादर दादरगवा यह इत्यादि गांव प्रभावित हो चुके गए हैं रास्ता से धर्म सिंह मरावी जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 रमेश सिंह मरावी बड़ाकुर राममिलन बदुआ सरपंच सरपंच संघ अध्यक्ष एवं समस्त घुघरा



बड़ाकुर के ग्रामीण जनों का कहना है कि एक रास्ता हमारे 4 से 6 किलोमीटर का जंगल से है बदुआ आने का मुख्य मार्ग बघराजी से जुड़ने के लिए जिस रास्ता में हम 8 महीने पैदल एवं गाड़ी बाइक से चल कर आ जाते हैं बद्दुआ लहसर बघराजी के लिए लेकिन बारिश के मौसम होने पर रास्ता मैं परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि वहां पर जंगल से गुजरना पड़ता है।

जंगल से यदि हमें रास्ता मिल जाए तो हमारा 70 किलोमीटर का आना-जाना केवल 6 से 10 किलोमीटर के अंदर हो जाएगा मुख्य मार्ग से हम जोड़ सकते हैं 12 महीना चलता है यह रास्ता लेकिन चार महीना बारिश होने से हम ग्रामीण जनों के लिए हो रही है बहुत बड़ी परेशानी हम मध्य प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री जी से एवं जिला कलेक्टर महोदय से और हिरण डिवीजन के अधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल से निवेदन करेंगे कि मौके पर आकर इसका रास्ता का जायजा लेने की कृपा करें ग्रामीण जनों की अर्जी विनती स्वीकार करें ग्रामीण जनों के बताए अनुसार आप लोग आकर मौके पर निरीक्षण कर सकते हैं हमें बहुत दूर रास्ता से सफर करना मुश्किल हो गया है 70 किलोमीटर के आसपास तो ऐसा रास्ता हमें ना मिले हमें 4 से 10 किलोमीटर के अंदर जंगल से रास्ता है उस रास्ता को पक्की रोड बनाने की कृपा कर हमें रास्ता दी जाए हम लोग बहुत परेशान हो रहे हैं इस रास्ता बनाने के लिए शासन प्रशासन ध्यान देकर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र का रास्ता बनाने की कृपा करें।

## अधिकारियों ने बना दिया मुख्यमंत्री की घोषणा को पत्थर की लकीर, जो सात साल में एक इंच भी नहीं बढीं

**बरेला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रांतीय उपाध्यक्ष शहजाद सिंह द्विवेदी ने बताया प्रदेश के मुख्यमंत्री जी हर जगह मन्च से घोषणा कर कहते हैं कि मैं जो घोषणा करता हूँ वह पत्थर की लकीर होती हैं इसी तरह की माननीय मुख्यमंत्री जी ने सात साल पहले सहायक शिक्षकों कि अनार्थिक माँग को पूरा करने का पूरा करने का भरोसा देकर कहा था कि सहायक शिक्षकों को एकमुश्त उच्च श्रेणी शिक्षक बनाया जाऐगा में जो कहता हूँ वह पत्थरों कि लकीर होता है इस कहावत को भोपाल में बैठे अधिकारियों ने चरितार्थ कर दिखाया कि सहायक शिक्षकों कि फाइल अधिकारियों के पास वर्षों से पडी है कर्मचारी संघों द्वावारा अनेकों बार अधिकारियों को विधायक मन्त्रीओ को माँग पत्र सोंपा लेकिन फाइल एक इन्च आगे नहीं बढीं इसको कहते हैं पत्थर की लकीर संघ माननीय मुख्यमंत्री जी से पुनः माँग करता है कि सहायक शिक्षक जो आपनी 35 से 40 कि एक ही पद पर रहते हैं हजारों शिक्षक प्रतिमाह रिटायर हो रहें हैं सहायक शिक्षकों कि पीड़ा को समझते हुए सभी सहायक शिक्षकों को उच्च पदनाम देकर अपनी घोषणा को पूण करें ।माँग करने वालो में संघ के अजय दुबे रजनीश पान्डे दाल चन्द पासी उमेश द्विवेदी सतीश उपाध्याय आर के लखेरा जयप्रकाश गुप्ता प्रदीप मिश्रा बृजेश दीझित देवी सिंग मनोज सिंह शेर सिंह आनंद पटेल अशुल साहू सुरेन्द्र चौवे मोहित नाथ आदि ने सहायक शिक्षकों को एकमुश्त पदनाम का लाभ देने की मांग की है।

## आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर खितौला बस्ती तक भ्रमण की। जागरूकता रैली 'हर घर तिरंगा' भारत की आज़ादी के 76वें वर्ष के उपलय में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'आज़ादी के अमृत' महोत्सव के तत्वावधान में चलाया जा रहा एक अभियान है। आज़ादी के 77वें वर्ष के दौरान एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है। जागरूकता रैली में महाविद्यालय के एन सी सी और एन एस एस के वालंटियर सहित लगभग 300 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव के निर्देशन में और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ अजय कोस्टा, डॉ अनंदी लाल कुर्मी, अखिलेश कुर्मी, जागेश्वर प्रजापति, डॉ पूजा चौकसे, डॉ अपूर्वा चौरसिया और महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और कर्मचारियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

## कार से एक लाख रुपए की कफ सिरप जब्त, एक गिरफ्तार

### नशामुक्ति अभियान के तहत थाना कोटर पुलिस की कार्यवाही

**सतना, देशबन्धु।** कोटर थाना पुलिस ने शामुक्ति अभियान के तहत कार्रवाही करते हुए एक कार से एक लाख रुपए का नशीला कफ सिरप जब्त किया हे। इसके साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे कफ सिरप के बारे में पूछताछ की गई है। एसपी आशुतोष गुप्ता, एशिनल एसपी शिवेश सिंह बघेल एवं डीएसपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाही थाना प्रभारी कोटर उप निरीक्षक रविन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में की गई है। बताया गया है कि 10



अगस्त को मुखबिर से खबर मिली कि कार में कफ सिरप लेकर एक व्यक्ति सतना से टिकुरी तरफ जा रहा है। खबर पाते ही टीम गठित कर थाना के सामने स्टॉपर लगाकर चेकिंग शुरू की गई। जांच के दौरान कार एमपी 19 सीसी 3452 को रोकने की कोशिश की गई तो कार चालक साइड से उतार कर तेजी से अबेर तरफ भागा। पीछा करने पर रजरवार में रोड किनारे उसकी गाड़ी रुकी। पकड़ने पर आरोपी ने खुद को मानसिंह पिता धीरेन्द्र सिंह (26) निवासी देवरा बताया। उसकी कार को जांचा तो कार से 550 सीसी ऑनरेक्स कफ सिरफ मिली। जिसकी कीमत करीब एक लाख 10 हजार रुपए आंकी जा रही है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, 5/13 मप्र ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम 1949 का अपराध कायम किया है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रविन्द्र व्दिवेदी, साइबर सेल से उप निरीक्षक अजीत सिंह, कार्यवाहक उप निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह तोमर, एएसआइ बीरेन्द्र चौबे, रामजियावन रावत, प्रधान आरक्षक विपेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सेन, बाबू सिंह, धीरज यादव, राजकुमार गिरी, मिथिलेश व्दिवेदी, देवदत्त व्दिवेदी की अहम भूमिका रही।

## शहर से लापता हुईं तीन नाबालिग छात्राएं

### शहर से ढाई सौ किमी दूर शहडोल के टॉकीज में गदर-2 देखते मिलीं

**रीवा देशबन्धु।** आज शुक्रवार की सुबह 7 बजे तीन नाबालिग छात्राएं कोचिंग पढ़ने के लिए निकलीं और लापता हो गई. शाम को पता चला की तीनों रीवा से 250 किमी दूर शहडोल जिले के टॉकीज में गदर-2 देख रही हैं. जानकारी के मुताबिक़, रीवा शहर के सिविल लाइन थानांतर्गत बृजमोहन धाम कॉलोनी से एक साथ पढ़ने वाली तीन बच्चियां कोचिंग के लिए शुक्रवार की सुबह घर से निकली लेकिन घंटो बाद भी कोचिंग नहीं पहुंची. तीनों बच्चों के कोचिंग न आने की जानकारी टीचरों ने परिजनों को दी. इसके बाद बच्चियों की तलाश शुरू हुई. दोपहर तक कुछ पता नहीं चल सका. परिजनों को संदेह हुआ की बच्चियां संदिग्ध हालत में लापता हो गई. छात्राओं के अचानक लापता होने के चलते शहर में हड़कंप मच गया. इसके बाद परिजन सिविल लाइन थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई.

आनन फानन पुलिस ने खोजबीन शुरू की, सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला



कि छात्राएं अपने-अपने घर से निकलने के बाद पड़रा स्थित जेपी गेट के पास एकत्रित हुईं. इसके बाद वे ढेकहा स्थित राजपूत गन फैक्ट्री के सामने संचालित कोचिंग सेंटर की तरफ पैदल रवाना हो गईं. सीसीटीव्ही के माध्यम से जानकारी हुई कि तीनों जब रॉयल सिनेमा के सामने पहुंची इसके बाद वहां से गुजर रही ऑटो रिक्शा को रोका और उस पर एक एक करके बैठ गई

**शहडोल के टॉकीज में फिल्म देखते मिलीं तीनों छात्राएं**

शहर के सेंट्रल एकेडमी स्कूल में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत हैं. वे ढेकहा और रीवा न्यू बस स्टैंड के पास लगे ष्टष्टञ्जङ्क में कैद हुई हैं. इसके बाद वे खुद ही शहडोल की तरफ जाने वाली बस में बैठीं. इसके बाद रीवा एसपी विवेक सिंह ने शहडोल पुलिस को खबर दे दी और पीछे से एक टीम रवाना कर दी. बच्चियां 250 किमी दूर शहडोल के एक टॉकीज में आज ही रिलीज हुई फिल्म गदर-2 देखते हुए मिलीं. पुलिस की टीम सकुशल बच्चियों को रीवा ले आ आई और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।द्व अपहरण जैसी किसी बात से पुलिस ने इंकार किया है.तीनों छात्राओं के पास मोबाइल था, जिसे उन्होंने स्विच ऑफ करके रखा हुआ था. लेकिन शहडोल पहुँचते ही उन्होंने मोबाइल ऑन कर लिया, जिससे पुलिस उन्हें ट्रेस भी करती रही ।

## पनागर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**बरेला, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जबलपुर जिला ग्रामीण पनागर विधानसभा मे दिनांक 12 अगस्त 2023 दिन शनिवार दोपहर 1बजे से स्थान गोयल फार्म हाऊस पेलेटिड होटल में पनागर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजित किया जाएगा जिसमें सांसद राकेश सिंह विधायक सुशील तिवारी एवं जिला अध्यक्ष सुभाष तिवारी की गरिमामय उपस्थित में संपन्न होगा।इस सम्मेलन में पनागर विधानसभा क्षेत्र के सभी सातों मंडल के पदाधिकरी,बूथअध्यक्ष,बीएलए,महामंत्री एवं बूथ समिति,पन्ना प्रभारी,पन्ना समिति सभी मोर्चो,प्रकोष्ठ, सभी पार्षद गण,सरपंच,जनपद सदस्य कार्यकर्ता बंधुओ से उपस्थिति की अपील की हैं.।

## संदिग्ध अवस्था में युवक लापता

**रीवा, देशबन्धु।** जिले के बिछिया थाना अंतर्गत कुठुलिया मोहल्ले से एक युवक संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया। पुलिस का कहना है कि गुरुवार की सुबह घर से निकला युवक शाम तक नहीं लौटा। ऐसे में परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिवार के लोगों का कहना है कि दोपहर में अंतिम बार बैसा गांव से गुजरने वाली नहर के पास दिखा था। गहरे पानी में डूबने की आशंका को लेकर पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के बाद पहुंची बिछिया पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद कंट्रोल रूम से एसडीआरएफ के गोताखोर बुलाए गए। शुक्रवार की सुबह 8 बजे से स्टीमर बोट की मदद से पांच सदस्यीय टीम बाणसागर नहर में उतरी है।

## यूट्यूब चैनलों पर सामग्री के दुरुपयोग को रोकने के लिए नए कानून पर विचार कर रहा केरल

**तिरुवनंतपुरम**, (एजेंसियां)। यूट्यूब चैनलों पर अपमानजनक और भड़काऊ सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए एक विशेष नोडल अधिकारी को नियुक्त करने की घोषणा करते हुए केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को राज्य विधानसभा को सूचित किया कि चूंकि यह एक गंभीर मुद्दा है, नए कानून के जरिए इस पर कैसे लगाम लगाई जा सकती है, यह देखना जरूरी है। विजयन ने यह बात सदन में ट्रेजरी बेंच के विधायक पी. वी. अनवर द्वारा उठाए गए सवाल पर कही। विजयन ने कहा, 'राज्य आईटी सचिव नोडल अधिकारी हैं, जिन्हें यूट्यूब की सामग्री के बारे में शिकायतों की जांच के लिए नियुक्त किया गया है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'न्यायालय के निर्देशों के आधार पर नोडल अधिकारी संबंधित अधिकारी को ऐसी सामग्री को ब्लॉक करने की सिफारिश भी कर सकते हैं।' हाल ही में, केरल में यूट्यूब चैनलों में भारी उछाल आया है, जो कई विषयों पर सामग्री प्रसारित करते हैं और कभी-कभी तो स्थिति बदतर भी हो गई है।

## उत्तर कोरियाई नेता ने सैन्य क्षमता को बढ़ाने के लिए आदेश पर किए हस्ताक्षर



■ कोरियाई प्रायद्वीप और उसके आसपास की मौजूदा स्थितियों का विश्लेषण किया गया

**प्योंगयांग**, (एजेंसियां)। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कोरियाई प्रायद्वीप पर सैन्य क्षमता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक लिखित आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य संचालित कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट में बताया गया कि नेता ने उत्तर कोरिया की वर्कर्स पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग की एक विस्तृत बैठक में 'कोरियाई प्रायद्वीप में व्याप्त गंभीर राजनीतिक और सैन्य स्थिति को देखते हुए युद्ध के लिए सेना को और अधिक मजबूत बनाने' के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए निर्देशित किया है।

केसीएनए ने बताया कि बैठक में कोरियाई प्रायद्वीप और उसके आसपास की मौजूदा स्थितियों का विश्लेषण किया गया। जिसके बाद, दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूर्ण युद्ध की तैयारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान, नेता ने प्योंगयांग के खिलाफ बल प्रयोग के संभावित प्रयासों को रोकने के लिए और अधिक मजबूत सेना तैयार करने के लिए' आक्रामक तरीके से कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) की युद्ध तैयारियों को और आगे बढ़ाने' के लिए लिखित आदेश पर हस्ताक्षर किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री किम ने यह भी आदेश दिया कि युद्ध सामग्री निर्माण संयंत्र 'विभिन्न हथियारों और उपकरणों के बड़े पैमाने पर उत्पादन को आगे बढ़ाएं' और हथियारों की उत्पादन क्षमता का विस्तार किया जाए।

## राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली को किया भंग



**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर नेशनल असेंबली को उसके पांच साल के कार्यकाल के पूरा होने से तीन दिन पहले भंग कर दिया है। डॉन समाचार पत्र की आज जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि बुधवार आधी रात से ठीक पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा, राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री की सलाह पर अनुच्छेद 58(1) के तहत नेशनल असेंबली को भंग कर दिया है। इसके अनुमोदन के बाद संघीय मंत्रिमंडल भी भंग हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अब्दुल कुदूस बिज़ेंजो ने उन रिपोर्टों का खंडन किया कि जिसमें कहा गया है कि गवर्नर मलिक अब्दुल वली काकर ने उन्हें प्रांतीय विधानसभा को भंग करने के लिए सार भेजा है। श्री बिजेंजो ने बुधवार देर रात इस्लामाबाद से फोन पर डॉन समाचार पत्र को बताया, मैं बलूचिस्तान विधानसभा को भंग करने की सलाह भेजने की जल्दी में नहीं हूं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह 12 अगस्त (शनिवार) को एक सार पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस बीच सिंध विधानसभा का सत्र जारी है।

## बेलारूस की सीमा पर दो हजार सैनिकों को तैनात करेगा पोलैंड

**वारसा,** (एजेंसियां)। पोलैंड सरकार बेलारूस के साथ देश की सीमा पर स्थिरता बनाए रखने के लिए दो हजार सैनिकों को तैनात करेगी। उप आंतरिक मंत्री मासीज वासिक ने स्थानीय मीडिया को यह जानकारी दी। बुधवार को पोलिश प्रेस एजेंसी (पीएपी) से बात करते हुए, वासिक ने कहा कि पोलैंड के सीमा रक्षक के कमांडर ने मूल रूप से अतिरिक्त 1,000 सैनिकों की मांग की थी, लेकिन रक्षा मंत्री मारियस ब्लास्ज़क और सुरक्षा समिति ने संख्या दोगुनी करने का फैसला किया। पीएपी के अनुसार, वर्तमान में लगभग 2,000 पोलिश सैनिक पोलैंड-बेलारूस सीमा पर तैनात हैं, जो सैकड़ों पुलिसकर्मियों और सीमा रक्षकों की मदद करते हैं। उप आंतरिक मंत्री के अनुसार, अतिरिक्त सैनिकों को दो सप्ताह के भीतर तैनात किया जाएगा। यह घटनाक्रम दोनों पड़ोसी देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच हुआ है। इस महीने की शुरुआत में, वारसॉ में अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि दो अगस्त को प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दो बेलारूसी हेलीकॉप्टरों ने पोलिश हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया था। यह घटना बियालोविज़ा के पूर्वी सीमा क्षेत्र में हुई, जो सुवालकी गैप के दक्षिण में



स्थित है - पोलैंड और लिथुआनिया के बीच भूमि की एक पतली पट्टी, जो कलिनिनग्राद के रूसी एन्क्लेव को बेलारूस से जोड़ती है और यह बाल्टिक राज्यों और शेष यूरोपीय संघ के बीच एकमात्र भूमि संपर्क है। लेकिन बेलारूस ने इसका पुरजोर खंडन किया और आरोप को दूर की कौड़ी बताकर खारिज कर दिया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसी भी खबरें थीं कि वैगनर भाड़े के समूह के सैनिक बेलारूस से सुवाल्की गैप की ओर बढ़ रहे थे।

### आज का इतिहास

1765- इलाहाबाद संधि के तहत भारत में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की शुरुआत।
1831- नीदरलैंड और बेल्जियम ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1851- आइजैक मेरिट सिंगर ने सिलाई मशीन का पेटेंट करवाया।
1833- अमेरिका में शिकागो शहर की स्थापना।
1908- हेनरी फोर्ड की कार कंपनी ने पहला कार मॉडल बनाया।
1914- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन ने ऑस्ट्रिया-हंगरी पर हमले की घोषणा की।
1919- भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक वैज्ञानिक विक्रम साराभाई का जन्म।
1920- पोलैंड और रूस के बीच वारसॉ की लड़ाई शुरू हुई।
1953- यूनान के लोनियन द्वीप में भूकंप से 435 लोगों की मौत हुई।
1960- नासा ने अपना पहला सफल संचार उपग्रह ईको-ए प्रक्षेपित किया।
1962- पहली बार दो लोग एक साथ अंतरिक्ष में गये।
1964- दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक खेलों से प्रतिबंधित किया गया।
1971- सीरिया ने जॉर्डन से राजनयिक संबंध तोड़े।
1981- आईबीएम ने अपना पहला पर्सनल कंप्यूटर पेश किया।

### सुडोकू 6284

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 7 | | 6 | |
| 2 | | | 9 | 5 | 6 | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| 8 | | 2 | 4 | | | 6 | | 7 |
| 4 | | | | 6 | | | | 3 |
| 5 | | 1 | | | 3 | 2 | | 4 |
| | | | | | | 3 | 1 | |
| | | 4 | 8 | 1 | 9 | | | 6 |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## संसद से

### कलावती कहानी: कांग्रेस के मनिकम टैगोर ने शाह के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर ने गुरुवार को महाराष्ट्र की महिला कलावती बंदुरकर के मामले में संसद को गुमराह करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव पेश किया। शाह ने बुधवार को लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही चर्चा के दौरान महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में एक विधवा कलावती के घर 2008 में राहुल गांधी की बहुप्रचारित यात्रा का जिक्र किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए अपने विशेषाधिकार प्रस्ताव पत्र में, टैगोर ने कहा, 'मैं केंद्रीय गृह मंत्री शाह द्वारा संसदीय विशेषाधिकार के उल्लंघन की ओर आपका ध्यान आकर्षित करने और एक नोटिस लाने के लिए लिख रहा हूं।' उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि लोकसभा के नियमों के अनुसार, सदन को संबोधित करते समय सटीक और सच्ची जानकारी की पवित्रता बनाए रखना मंत्री का कर्तव्य है।

### मणिपुर मुद्दे से भाजपा सरकार के निपटने के तरीके से एमएनएफ नेता नाखुश

**आइजोल।** लोकसभा में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के एकमात्र सदस्य सी. लालरोसांगा ने गुरुवार को कहा कि जातीय हिंसा से निपटने पर केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकारों के रवैये से उनकी पार्टी 'बेहद नाखुश' है। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। लालरोसांगा की टिप्पणी तब आई जब एनडीए के सबसे पुराने सहयोगियों में से एक एमएनएफ ने 'मणिपुर संकट से गलत तरीके से निपटने' को लेकर लोकसभा में विपक्षी इंडिया ब्लॉक द्वारा प्रायोजित अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का फैसला किया है। मणिपुर मुद्दे से बेहद नाराज लालरोसांगा और मिजोरम से एमएनएफ के एकमात्र राज्यसभा सदस्य के. वनलालवेना, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हाल ही में हुई एनडीए सांसदों की बैठक में शामिल नहीं हुए थे।

### यूपी के विधायकों ने विधानसभा में मोबाइल फोन पर बैन का विरोध किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधायक नई नियम पुस्तिका में प्रस्तावित राज्य विधानसभा में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध के खिलाफ हैं। विधायकों ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सोमवार को सदन में पेश मसौदा नियम पुस्तिका में संशोधन पेश किया है। उन्होंने प्रश्नकाल की अवधि बढ़ाने, हर साल विधानसभा की बैठक 90 दिन करने, पूरक प्रश्नों की संख्या बढ़ाने, सदन के कामकाज में महिला सदस्यों की बड़ी भूमिका, और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जो सदस्यों द्वारा की गई कॉल को रिकॉर्ड करके इसे सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं।

## हवाई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग

■ मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हुई

**वाशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिका के हवाई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है, साथ ही लोकप्रिय पर्यटन शहर लाहिना सहित कई बस्तियां भी नष्ट हो गई हैं। यह जानकारी मीडिया ने गुरुवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से दी। इससे पहले की खबरों में आग के कारण छह लोगों के मारे जाने की जानकारी दी गई थी। हवाई न्यूज नाउ प्रसारक के अनुसार, माउ काउंटी के अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। अधिकारियों ने कहा, अमेरिका में भंयकर तूफान के साथ हवाई द्वीप समूह में आए बवडंर की वह से यहां लगी जंगल की आग और भड़क गयी है। आग के कारण लाहिना शहर तबाह हो गया है। वहीं कई लोग फंसे हुए हैं जिनकी की खोजबीन की जा रही है। हवाई के माउई द्वीप में भयंकर तूफान के चलते जंगल की आग और बढ़ी है।

## संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने सूडान में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र,** (एजेंसियां)। अफ्रीका के लिए संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने सूडान में सैन्य संघर्ष को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया है और बातचीत के जरिए समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया है। सुश्री पोबी ने बुधवार को एक ब्रीफिंग में सुरक्षा परिषद से कहा, कोई अन्य विकल्प नहीं है। सैन्य जीत हासिल करने के लिए युद्ध जारी रखने के लिए कुछ लोगों का आह्वान केवल देश को नष्ट करने में योगदान देगा। यह युद्ध जितना लंबा चलेगा, उतना ही अधिक देश के विखंडन, विदेशी हस्तक्षेप और संप्रभुता के क्षरण का खतरा होगा और सूडान के भविष्य, विशेष रूप से उसके युवाओं के नुकसान का खतरा होगा। उन्होंने कहा कि अब इस 'मूर्खतापूर्ण' युद्ध को समाप्त करने और बातचीत पर लौटने का समय आ गया है।

अप्रैल के मध्य में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच लड़ाई शुरू होने के बाद से सौ से अधिक दिन बीत चुके हैं। सुश्री पोबी ने कहा कि इन पार्टियों के बीच देश के विभिन्न हिस्सों, खासकर खार्तूम, बहरी, ओमडुरमैन और दारफुर में झड़पें जारी हैं, लेकिन किसी भी पक्ष को जीत हासिल नहीं हुई है और न ही कोई महत्वपूर्ण लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि खार्तूम राज्य संघर्ष का केंद्र बना हुआ है, जिसमें प्रमुख लड़ाई एसएएफ जनरल कमांड मुख्यालय सहित प्रमुख एसएएफ प्रतिष्ठानों के आसपास केंद्रित है।

उत्तरी और दक्षिणी कोर्डोफान तथा ब्लू नाइल राज्यों में लगातार सैन्य कार्रवाइयों और लगातार सड़कों के बंद होने से हालात खराब हैं। उन्होंने कहा कि देश का पूर्वी भाग अपेक्षाकृत शांत है, एसएएफ के समर्थन में सक्रिय सैन्यीकरण के प्रयासों के संकेत हैं जो चिंताजनक है और इससे पूर्व में जातीय आधार पर संघर्ष होने का खतरा है, जो क्षेत्र की नाजुकता को और उजागर करता है। सूडान में संघर्ष का देश और उसके लोगों पर भारी असर पड़ रहा है। मानवीय और सुरक्षा संबंधी जरूरतें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं और राहत का कोई संकेत नहीं दिख रहा है।

## वेनेजुएला ने कोलंबिया में शांति प्रक्रिया कमजोर करने की कोशिश की निंदा की

**कराकस,** (एजेंसियां)। वेनेजुएला ने कोलंबियाई सरकार और विद्रोही समूह नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) के बीच शांति प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिशों की निंदा करते हुए गहरी चिंता व्यक्त की है।



वेनेजुएला ने यह चिंता कोलंबिया के अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के उस बयान के बाद व्यक्त की जिसमें कहा गया है कि वेनेजुएला में अटॉर्नी जनरल फ्रांसिस्को बारबोसा डेलगाडो के खिलाफ तैयारी की जा रही है और वेनेजुएला ने अपने क्षेत्र का उपयोग इस कार्य के लिए करने की संभावना को खारिज कर दिया। यह जानकारी वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने कहा, वेनेजुएला कुछ हलकों द्वारा आज प्रसारित की गई निंदनीय सूचना पर गहरी चिंता व्यक्त करता है जो वर्तमान में कोलंबिया गणराज्य में चल रही शांति प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिश है। संदिग्ध इरादों के साथ कोलंबिया में प्रसारित अफवाहों और अस्थिरता एवं आतंकवादी कार्रवाइयों के लिए हमारे क्षेत्र का उपयोग जैसी राय बनाने की कोशिशों को ध्यान में रखते हुए, एक विस्तृत और पारदर्शी जांच का आदेश दिया गया है जिससे सच्चाई सामने आ सके। मंत्रालय ने कहा कि कराकस कोलंबिया में शांति प्रक्रिया में शामिल सभी पक्षों के साथ-साथ कोलंबियाई सरकार और ईएलएन के बीच वार्ता के गारंटर देशों और संगठनों से आह्वान करता है कि वे सार्वभौमिक शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को जारी रखें और इसे नुकसान पहुंचाने के किसी भी प्रयास को विफल करें। कोलंबिया के अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने खुफिया सूत्रों का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा था कि पांच वरिष्ठ ईएलएन कमांडरों की मुलाकात जुलाई में वेनेजुएला में हुई थी, जहां ईएलएन शहरी मोर्चा के नेता यानी एल रोलो के नेतृत्व में अटॉर्नी जनरल पर स्नाइपर हमला करने के लिए एक समूह तैयार किया जा रहा था। जुलाई 2023 की शुरुआत में, कोलंबिया सरकार ने 03 अगस्त, 2023 से 29 जनवरी, 2024 तक ईएलएन के साथ एक अस्थायी युद्धविराम का आदेश जारी किया था।

## इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या पर 60 दिनों का आपातकाल

**क्विटो,** (एजेंसियां)। इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की हत्या के सिलसिले में गुरुवार को पूरे देश में 60 दिनों के लिए आपातकाल की घोषणा की। श्री लासो ने राष्ट्रपति प्रशासन के चैनल पर प्रसारित एक संबोधन में कहा, मैं 60 दिनों के लिए आपातकाल की घोषणा कर रहा हूं। अब से, नागरिकों की सुरक्षा, देश की शांति और स्वतंत्र और लोकतांत्रिक चुनावों की गारंटी के लिए सशस्त्र बल पूरे देश में तैनात हैं। गौरतलब है कि इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में एक रैली के दौरान राष्ट्रपति पद के उम्मीद्वार विलाविसेंशियो की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### वर्ग पहेली 6284



**बायें से दायें:-**
१. कम पढ़ा-लिखा, कट्टर अक्षर पूजक, मुल्ला का मौलवी
३. पहाड़ के नीचे की भूमि
५.पति (उर्दू)
६. विवाह विच्छेद (उर्दू)
७. वैद्यों को मिलने वाली एक उपाधि९.
९. दिखलाना
१०.गुत्थी, फंसाव या किसी समस्याका दूर हो जाना
१२. कमल
१३. जिसके पास कोई हथियार न हो, निशस्त्र
१४. नशे में अंट-शंट बकना, पथ भ्रष्ट होनाॉ
१६. झुका हुआ
१८. जिसमेंमन न लगे, अरुचिकर (उर्दू)
२०. सरस्नती, दुर्गा
२१. किसी भाषा के अक्षरों की क्रमबद्ध सूची
२३.भारत में स्थित एक विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारत

**ऊपर से नीचे:-**
१.हथेली
२. वीणी (उर्दू)
३. आवेश में आना,, क्रुद्ध होना
४. कातिल
५. क्रय करना, मोल लेना (उर्दू)
८. पेचीदगी, कठिनता, घुमावदार होना
१०. संधि, मेल, समझौता
११. पेड़ के पत्तों का टूटकर गिरना, या बालों का गिरना, बरसना
१२. उठना, उठाना, बढ़ती, उन्नति
१३. ममतारहित, निष्ठुर
१४. ताकतवर
१५. वर देना वाला
१७. अनुवाद (उर्दू)
१८. पत्नी (उर्दू)
१९. नया, नवीन
२२. मुंह से निकलने वाला लसदार तरल पदार्थ

### वर्ग पहेली-6283

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दु | स्सा | २ ह | स | ■ | ■ | ३ वै | धा | ४ नि | क |
| र्व | ■ | म | ■ | ५ अ | व | ज्ञा | ■ | र्झ | ■ |
| ६ च | टु | ला | ल | स | ■ | ७ नि | हा | र | ८ ना |
| न | ■ | व | ■ | ९ गं | ध | क | ■ | ■ | ना |
| ■ | १० न | र | ११ मे | ध | ■ | ■ | १२ उ | त्त | म |
| ■ | वा | ■ | म | ■ | १३ इ | त्या | दि | ■ | ह |
| १४ प | सा | १५ र | ना | ■ | जा | ■ | १६ त | १७ क | ■ |
| रा | ■ | क्त | ■ | १८ बा | रा | १९ त | ■ | लं | ■ |
| २० म | ना | ही | ■ | ज | ■ | २१ रू | चि | क | २२ र |
| र्श | ■ | २३ न | ट | रा | ज | ■ | ■ | ■ | व |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## अर्थव्यवस्था

### चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने जारी किया बयान

# अमेरिका के नए निवेश प्रतिबंधों से चीन निराश

**वाशिंगटन,** 10 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर चीन में उन्नत प्रौद्योगिकी उद्योगों में निवेश पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने बुधवार देर रात एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें चीन के कुछ प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों में अमेरिकी निवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, नए नियम अमेरिकी निजी इक्विटी और वेंचर कैपिटल कंपनियों के साथ-साथ चीनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स में संयुक्त उद्यमों के निवेश पर प्रतिबंध लगाएंगे।



चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रतिबंध व्यापार निर्णय लेने की सामान्य गति, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा को बाधित करता है। प्रवक्ता ने कहा, यह आदेश बाजार अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के सिद्धांतों से गंभीर भटकाव है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करता है। प्रस्तावित नियम सैन्य उन्नति के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को लक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि बाइडेन-कमला हैरिस प्रशासन अगली पीढ़ी के सैन्य नवाचार के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों की रक्षा करके अमेरिका को सुरक्षित रखने और देश की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी सरकार ने कहा, सीमा पार निवेश प्रवाह ने लंबे समय से अमेरिकी आर्थिक जीवन शक्ति में योगदान दिया है। हम खुले निवेश के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए संकीर्ण रूप से लक्षित कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।बाइडेन ने सैकड़ों हितधारकों, उद्योग के सदस्यों और विदेशी सहयोगियों तथा भागीदारों के साथ व्यापक और गहन परामर्श के बाद कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। नए उपाय, जो हांगकांग और मकाऊ की कंपनियों पर भी लागू होते हैं, अगले साल से प्रभावी होंगे।

पिछले साल अक्टूबर में, बाइडेन प्रशासन ने निर्यात नियंत्रण के एक व्यापक सेट की घोषणा की थी जो चीनी कंपनियों को बिना लाइसेंस के उन्नत चिप्स और चिप बनाने वाले उपकरण खरीदने से प्रतिबंधित करता है।

### अमेरिका ने चीन में तकनीकी निवेश को प्रतिबंधित किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन में अमेरिकी उच्च-तकनीकी निवेश पर रोक लगाने वाले आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। अमेरिका हालांकि, बार-बार कहता रहा है कि उसे चीन से अलग होने में को दिलचस्पी नहीं है। अमेरिका के वित्त विभाग के अनुसार बुधवार को आदेश पर हस्ताक्षर हुए। चीन को 'चिंता वाले देश' के रूप में नामित करते हुए आदेश का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा प्रौद्योगिकियों की तीन श्रेणियों सेमीकंडक्टर और माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, क्वांटम सूचना प्रौद्योगिकी और कुछ कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली में अमेरिका के निवेश को सीमित करना है।

# खेल जगत

## मरे पेट की चोट के कारण कैनेडियन ओपन से हटे

**टोरंटो ( कनाडा )।** तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी मरे पेट की चोट के कारण यानिक सिनर के खिलाफ 16वें राउंड के मुकाबले से पहले कैनेडियन ओपन से हट गए हैं। लोरेंजो सोनेगो और मैक्स परसेल के खिलाफ अपनी शुरुआती जीत के दौरान कोर्ट पर लगभग पांच घंटे बिताने के बाद, मरे को सिनर का सामना करना था, लेकिन वह हट गए। मरे ने स्टेडियम की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, मेरे पेट (मांसपेशियों) में समस्या है इसलिए दुर्भाग्य से मैं आज शाम नहीं खेल पाऊंगा। मुझे वास्तव में खेद है। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है जैसे मैंने आपको निराश किया है। मैं अपने करियर में शायद ही कभी इस स्थिति में रहा हूं और मुझे बहुत बुरा लग रहा है। मरे ने अपने लंबे करियर में सातवीं बार वॉकओवर दिया है। कनाडा में एटीपी मास्टर्स 1000 (2009, 2010, 2015) में तीन बार का चैंपियन, 36 वर्षीय खिलाड़ी विशेष रूप से परेशान थे।



# बराबरी के लिए भारत को बल्ले से प्रदर्शन जारी रखना होगा



**लॉडरहिल।** वेस्टइंडीज से पहले दो टी-20 मैच हारने के बाद, भारत ने उप-कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा के शानदार प्रयासों की बदौलत तीसरे गेम में सात विकेट की शानदार जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला को जीवित रखा। अब श्रृंखला की कार्रवाई अंतिम दो मैचों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए के लॉडरहिल में स्थानांतरित होने के साथ, भारत उम्मीद कर रहा होगा कि अन्य बल्लेबाज शनिवार को होने वाले चौथे टी20 में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

वेस्टइंडीज अभी भी सीरीज में 2-1 से आगे है। हालांकि सूर्यकुमार ने तीसरे टी20 में अपनी लय वापस पा ली, लेकिन भारत को यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, कप्तान हार्दिक पांड्या और निचले क्रम के बाकी बल्लेबाजों से आवश्यकता होगी कि वे आगे बढ़ें और रन बनाने में बड़ी भूमिका निभाएं। गिल तीनों पारियों में एकल अंक पर आउट हुए हैं और श्रृंखला में अब तक दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए हैं। ईशान किशन की जगह शीर्ष पर लाए गए जायसवाल अपने पहले टी20 मैच में सस्ते में आउट हो गए।

चूंकि हार्दिक ने अभी तक बल्ले से अपना चरम फॉर्म हासिल नहीं किया है और भारत की टीम आठवें नंबर से शुरुआत कर रही है, इसलिए समय की मांग है कि बल्लेबाजी विभाग एकजुट होकर बड़ा योगदान दे। गेंदबाजी विभाग में, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल स्पिन टीम के रूप में प्रभावशाली रहे हैं, जबकि अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार अच्छा काम कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के लिए, अगले साल घरेलू मैदान पर होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी में, अगर वे शनिवार को भारत को हराने में कामयाब होते हैं, तो उनके लिए 2017 के बाद पहली बार लगातार टी20 श्रृंखला जीतने का मौका है। भारत की तरह, वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भी एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, निकोलस पूरन शानदार फॉर्म में हैं और कप्तान रोवमैन पॉवेल कुछ हद तक बड़े हिट प्रदान कर रहे हैं। अगर वेस्टइंडीज को भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो काइल मेयर्स, शिमरोन हेटमायर और ब्रैंडन किंग को बल्ले से बेहतर करने की जरूरत है। दोपहर में कुछ बारिश होने का अनुमान है क्योंकि तीन सप्ताह तक एमएलसी का भव्य आयोजन देखने के बाद अमेरिका भारत की कुछ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधियों को देखने के लिए खुद को तैयार कर रहा है।

दोनों टीमों ने लॉडरहिल में अपने आमने-सामने छह टी20 मैच खेले हैं, जिनमें से भारत ने चार मैच जीते हैं, वेस्टइंडीज ने सिर्फ एक बार, जबकि एक अन्य मैच बारिश की भेंट चढ़ गया।

टीमें : **भारत:** इशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (कप्तान), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, आवेश खान, मुकेश कुमार

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मेयर्स (उप-कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, शिमरॉन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, ओबेड मैकॉय, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), रोमारियो शेफर्ड , ओडियन स्मिथ, ओशेन थॉमस

## जडेजा के बारे में कोई क्यों नहीं पूछता : रोहित शर्मा

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज से अपनी और सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली की अनुपस्थिति को वर्क लोड मैनेजमेंट बताया है। वेस्टइंडीज दौरे पर गई टीम इंडिया लगातार चर्चा में बनी हुई है। हालांकि इसकी वजह उनका शानदार खेल नहीं बल्कि टीम कॉम्बिनेशन को लेकर प्रयोग है। वेस्टइंडीज के खिलाफ लिमिटेड ओवर की सीरीज से रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर्स गायब हैं। उनकी जगह युवा खिलाड़ियों और एशिया कप के साथ ही विश्व कप के लिए बैकअप प्लेयर्स को लगातार आजमाया जा रहा है। रोहित शर्मा ने पहला वनडे खेला लेकिन अगले दो मैचों और उसके बाद वेस्टइंडीज में टी-20 सीरीज में नहीं खेल रहे। उनके आराम के साथ, हार्दिक पांड्या ने श्रृंखला के अगले दो एकदिवसीय मैचों में टीम का नेतृत्व किया, जिसे भारत ने 2-1 से जीता और वर्तमान में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जिसमें मेन इन ब्लू 2-1 से पीछे है। रोहित ने अब इस पर खुलकर बात की है और कहा है कि श्रृंखला से उनकी अनुपस्थिति रणनीति का हिस्सा थी क्योंकि उन्होंने 2022 में टी-20 विश्व कप से पहले भी यही किया था। रोहित ने कहा कि वे सफेद गेंद की श्रृंखला से बाहर बैठे हैं क्योंकि वे टी-20 में युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहते थे और उन दोनों ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप के बाद से टी-20 प्रारूप नहीं खेला है। पिछले साल भी हमने यही किया था। वो साल टी-20 विश्व कप था, इसलिए हमने वनडे क्रिकेट नहीं खेला। रोहित ने कहा, अब भी हम वही कर रहे हैं, वनडे विश्व कप है, इसलिए हम टी20 नहीं खेल रहे हैं।

# जापान को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा स्वीडन



**ऑकलैंड।** स्वीडन ने फीफा महिला विश्वकप 2023 के एकतरफा क्वार्टरफाइनल में पूर्व विश्व विजेता जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ईडन पार्क पर खेले गये दूसरे क्वार्टरफाइनल में अमांडा इलेस्टेड (32वां मिनट) और फिलिपा एंजलडेल (51वां मिनट) के गोलों से स्वीडन ने 2-0 की मज़बूत बढ़त बना ली। होनोका हयाशी ने 87वें मिनट में जापान का खाता खोला, हालांकि इससे सिर्फ एशियाई टीम की हार का अंतर ही कम हो सका। सेमीफाइनल में स्वीडन का सामना स्पेन से होगा।

प्री-क्वार्टरफाइनल में मौजूदा चैंपियन अमेरिका को पछाड़ने के बाद स्वीडन पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरा। स्टिना ब्लैकस्टेनियस ने पहले हाफ में यूरोपीय टीम के लिये खेल की पहली वास्तविक शुरुआत की, लेकिन उनकी कोशिश गोल से चूक गयी। स्वीडन को कुछ ही क्षण बाद सफलता मिली और डिफेंडर इलेस्टेड ने पेनल्टी-बॉक्स में कुछ क्षणों के संघर्ष के बाद टूर्नामेंट में अपना चौथा गोल किया। स्वीडन हाफ टाइम से पहले इस बढ़त को दोगुना कर सकता था लेकिन अयाका यामाशिता ने कोसोवरे असलानी के कॉर्नर को रोककर यह खतरा टाल दिया। हाफ टाइम के छह मिनट बाद जापान के बॉक्स में एक डिफेंडर के हाथ में गेंद लगने के कारण स्वीडन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। एंजलडेल ने इस बार पेनल्टी को गोल में बदलकर स्वीडन की बढ़त दोगुनी कर दी। जापान को इसके बाद वापसी की दो मौके मिले। मैच के 76वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर रिको यूकी का प्रयास क्रॉसबार से लगकर छिटक गया, जबकि कुछ देर बाद मिली फ्री-किक पर आओबा फुजीनो भी गोल नहीं कर सकीं। हयाशी ने निर्धारित समय खत्म होने से तीन मिनट पहले फील्ड गोल किया लेकिन वह जापान को जीत दिलाने के लिये नाकाफी रहा।

जापान के कोच फुटोशी इकेडा ने हार के बाद कहा, जब हमने उन पर दबाव बनाने की कोशिश की, तो वे पीछे हटे या अपने कद का इस्तेमाल किया। हम उनके मजबूत पक्ष जानते थे, लेकिन हम हमला करने के लिये और अधिक समय चाहते थे। हमने दूसरे हाफ में लड़ने की भावना दिखाई और एक गोल किया। मुझे हार न मानने और अंत तक लड़ने के लिये खिलाड़ियों पर गर्व है।

# एशिया कप, विश्व कप में शाकिब करेंगे बंगलादेश की कप्तानी

**ढाका।** शाकिब अल हसन सितंबर में होने वाले एशिया कप और उसके बाद अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिये वनडे क्रिकेट में बंगलादेश की कप्तानी करेंगे। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। नजमुल ने अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, हमने शाकिब को एशिया कप और विश्व कप के लिये कप्तान नियुक्त किया है। विश्व कप और एशिया कप टीम की घोषणा कल की जायेगी। चयनकर्ता 17 सदस्यों की टीम चुनेंगे।

गौरतलब है कि तीन अगस्त को तमीम इक़बाल के कप्तानी छोड़ने के बाद से यह पद खाली पड़ा है। नजमुल ने इससे पहले कहा था कि बोर्ड शाकिब को कप्तान नियुक्त करने से पहले उनकी उपलब्धता पर स्पष्ट होना चाहता है। उन्होंने आज संवाददाताओं से कहा कि शाकिब को पूर्णकालिक कप्तान बनाने पर अभी फैसला नहीं किया गया है। नजमुल ने कहा, हमने उनसे लंबी अवधि की कप्तानी के संबंध में बात नहीं की है और हम उनके (लंका प्रीमियर लीग से) आने के बाद इस बारे में कह सकते हैं क्योंकि हमें उनकी उपलब्धता के बारे में स्पष्टता चाहिये होगी। तीनों प्रारूपों में कप्तानी करना उनके लिये दबाव भरा हो सकता है इसलिए हमें उनसे बात करनी होगी।

उन्होंने कहा, अभी वह देश से दूर हैं और एक टीम के लिये (एलपीएल में) खेल रहे हैं। हम उन्हें परेशान नहीं करना चाहते थे क्योंकि आज उनका मैच भी है। हमने जो फैसला किया है वह विश्व कप तक है जहां वह खेल रहे हैं। उस समय तक शाकिब ही कप्तान हैं। नजमुल ने पुष्टि की कि लिटन दास उप-कप्तान बने रहेंगे और शाकिब की अनुपस्थिति टीम की कमान संभालेंगे।

# चीन को हराकर पाकिस्तान ने हासिल किया पांचवां स्थान

**चेन्नई।** पाकिस्तान ने एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में पांचवें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में शुक्रवार को चीन को 6-1 से रौंदकर अपने अभियान का विजयी अंत किया। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर पाकिस्तान के लिये मोहम्मद सुफयान खान (11वां, 12वां मिनट) और मोहम्मद अम्माद (10वां, 52वां मिनट) ने दो-दो गोल किये, जबकि अब्दुल शाहिद (15वां मिनट) और अब्दुल राणा (55वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। चीन का सांत्वना गोल चेन बेन्हाई ने 35वें मिनट में किया।



सुफयान और अम्माद ने पहले क्वार्टर में चार गोल जमाकर पाकिस्तान की जीत की राह आसान की। पाकिस्तानी फॉरवर्ड पंक्ति ने चीन के डिफेंस पर लगातार हमले किये, जबकि सुफयान और अम्माद ने दबाव बनाकर अर्जित किये गये पेनल्टी कॉर्नरों को भुनाने में कोई चूक नहीं की। अम्माद ने अपना पहला गोल 10वें मिनट में एहतिशाम असलम की मदद से किया। अहतिशाम ने दाहिने फ्लैंक से गेंद को गोल की तरफ खेला। चीनी डिफेंडर कायू वांग ने गेंद को रोकना चाहा लेकिन मोहम्मद अम्माद ने सही समय पर गेंद को नेट में धकेल दिया। सुफयान ने अपनी ड्रैग फ्लिक की धाक जमाते हुए अगले दो मिनटों में दो गोल और दागे। क्वार्टर के आखिरी क्षणों में राणा ने चीनी सर्किल के बाईं ओर खड़े अम्माद को गेंद पास की। अम्माद ने कुशलता के साथ शाहिद तक गेंद को पहुंचाया और गोल के ठीक सामने खड़े शाहिद ने पाकिस्तान का स्कोर 4-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी पाकिस्तान ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखा, हालांकि इस दौरान चीन ने अपने सर्किल में डिफेंस पर ज़ोर दिया और हाफ टाइम तक स्कोर में कोई बदलाव नहीं आया। तीसरे क्वार्टर में चीन ने अधिक एकजुटता दिखाई। चीन ने कई मौकों पर गेंद को पाकिस्तानी अर्द्ध में पहुंचाकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। चीन ने 35वें मिनट में सर्किल के अंदर सुफयान की गलती का फायदा उठाते हुए पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, जिसे चेन ने गोल में तब्दील कर दिया।

यह हालांकि मुकाबले में चीन का एकमात्र गोल साबित हुआ। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने से पहले चैंगलियांग लिन ने गेंद को दाहिनी ओर से खेलते हुए चेन को गोल करने का मौका दिया लेकिन उनके हवाई शॉट को रेफरी ने अवैध करार दिया। पाकिस्तान ने अंततः 52वें मिनट में चीन की लय तोड़ते हुए पेनल्टी कॉर्नर अर्जित की, जिसे अम्माद ने गोल में बदलकर अपनी टीम को पुनः चार गोल की बढ़त दिलाई।

# सलमा के गोल से सेमीफाइनल में स्पेन

**वेलिंगटन।** स्पेन ने अतिरिक्त समय में सलमा पैरालुएलो के निर्णायक गोल की बदौलत फीफा महिला विश्व कप 2023 के क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में मारियोना काल्डेंटी ने 81वें मिनट में पेनल्टी पर स्पेन का पहला गोल किया, लेकिन स्टेफनी वैन डर ग्रैट (90+1वां मिनट) ने नीदरलैंड के लिये गोल जमाकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया। अंततः, सलमा ने 111वें मिनट में फील्ड गोल दागकर स्पेन को सेमीफाइनल में पहुंचाया, जहां उसका सामना स्वीडन से होगा। टूर्नामेंट के पहले क्वार्टरफाइनल में स्पेन और नीदरलैंड के बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद थी, हालांकि स्पेन ने 80 मिनट तक मैच पर दबदबा बनाकर रखा। अगर स्पेन ने नीदरलैंड के अर्द्ध में गलतियां न करता तो पहले हाफ में ही मज़बूत बढ़त बना सकता था।



निर्धारित समय समाप्त होने से 10 मिनट पहले वैन डर ग्रैट का हाथ गेंद से लगने के कारण स्पेन को अपना पहला गोल करने का मौका मिला। काल्डेंटी ने इस मौके का फायदा उठाया और पेनल्टी को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। वैन डर ग्रैट ने इसके बाद सेंटर बैक की जगह फॉरवर्ड पंक्ति में जगह ली और जल्द ही अपनी गलती को सुधारते हुए नीदरलैंड के लिये स्कोर बराबर कर दिया। स्टॉपेज टाइम में वैन डर ग्रैट के गोल के कारण नीदरलैंड को एक जीवनदान मिला, हालांकि सलमा स्पेन को एक बार फिर बढ़त दिलाने में कामयाब रहीं। नीदरलैंड ने अतिरिक्त समय में अधिक आत्मविश्वास दिखाया और लिनेथ बीरेन्स्टेन की बदौलत कई मौके भी बनाये। बढ़त हासिल करने की कोशिश में हालांकि नीदरलैंड का डिफेंस कमज़ोर पड़ गया और सलमा ने बाईं ओर से डच गोल की ओर जगह बनाते हुए निर्णायक गोल किया।

स्पेन के कोच जॉर्ज विल्डा ने कहा, आप हमेशा ऐसे पल का सपना देखते हैं। हम पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। हम दुनिया की चार सर्वश्रेष्ठ टीमों में से हैं, लेकिन हम रुकने वाले नहीं। आज, हम ज़रूर जश्न मनाएंगे, लेकिन कल हम सेमीफाइनल की तैयारी करेंगे क्योंकि हम फाइनल खेलना चाहते हैं।

## हैरी केन बायर्न म्यूनिख में जल्द हो सकते हैं शामिल : रिपोर्ट

**लंदन।** इंग्लैंड और टॉटनहम हॉटस्पर के स्ट्राइकर हैरी केन कथित तौर पर जर्मन चैंपियन बायर्न म्यूनिख के साथ चार साल के अनुबंध पर सहमत हो गए हैं और शुक्रवार को मेडिकल के लिए जर्मनी जाएंगे। कई हफ्तों की लंबी बातचीत के बाद, बायर्न और स्पर्स ने स्टार स्ट्राइकर के लिए 100 मिलियन यूरो से अधिक के सौदे पर सहमति व्यक्त की। यूरोस्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, केन कथित तौर पर उत्तरी लंदन में रहने के इच्छुक थे, लेकिन अब एक बड़ी रकम मिलने के बाद बायर्न म्यूनिख में शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं और बायर्न एफसी के साथ चार साल का करार किया है। 30 वर्षीय यह खिलाड़ी चाहता था कि उसका भविष्य रविवार को ब्रेंटफोर्ड में स्पर के सीज़न-ओपनिंग प्रीमियर लीग गेम से पहले तय हो जाए। केन पूरी गर्मियों में जर्मन चैंपियन के प्रमुख लक्ष्य रहे हैं और गुरुवार को एक समझौते पर पहुंचने से पहले उनकी कई बोलियां खारिज कर दी गई थीं। उम्मीद है कि स्ट्राइकर नंबर-9 जर्सी पहनेगा। इससे पहले यह नंबर, रॉबर्ट लेवांडोवस्की का था जो अब बार्सिलोना का हिस्सा हैं। यह खिलाड़ी 435 मैचों में 280 गोल के साथ टोटेनहम का टॉप स्कोरर है। 320 प्रीमियर लीग मैचों में 213 गोल के साथ, वह वर्तमान में प्रीमियर लीग के इतिहास में सर्वोच्च स्कोरर के रूप में एलन शियरर के रिकॉर्ड को तोड़ने से 48 गोल दूर हैं।

## सार संक्षेप

### एशियाई खेलों से पहले प्रशिक्षण के लिए रोमानिया रवाना हुए भारतीय पहलवान

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के लिये जाने वाले छह पहलवान केन्द्रीय खेल मंत्रालय की एनएसएफ सहायता योजना के तहत तीन सहायक स्टाफ सदस्यों के साथ एक विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिये रोमानिया रवाना हो गये हैं। मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रोमानिया यात्रा के दौरान टीम 18 से 20 अगस्त तक इओन कॉर्नियानू और लैडिस्लाऊ साइमन कार्यक्रम में भी भाग लेगी। मंत्रालय ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय दौरा 15 दिनों की अवधि तक चलेगा, जिसमें मंत्रालय प्रशिक्षण लागत, हवाई किराया, वीजा लागत और जेब से बाहर के भत्ते (ओपीए) सहित अन्य खर्चों को पूरा करेगा। रोमानिया गये छह ग्रीको-रोमन पहलवान = ज्ञानेन्द्र (60 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नरिंदर चीमा (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)

### विलियमसन विश्व कप के लिए कीवी टीम में होने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए फिट होने को लेकर आशान्वित हैं। घुटने की चोट से उबर रहे विलियमसन ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के प्रशंसकों को यह बताकर कुछ उम्मीद जगाई कि उनकी रिकवरी तय समय से पहले हो गई है और अगले महीने विश्व कप टीम के चयन के लिए चयन की राह पर हैं। माउंट मौंगानुई में बे ओवल में अन्य ब्लैक कैप्स के साथ नेट सत्र के बाद विलियमसन ने शुक्रवार को आगे कहा, अगर घुटना उस स्तर पर है जहां यह वास्तविकता हो सकती है, तो यह बहुत अच्छा है, लेकिन यह इसे ठीक करने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है।

## सुडोकू 6284 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 3 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 5 |

# सरदार सिंह लड़कों व रानी भारत की सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी टीम के कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै। भारत में जमीनी स्तर पर हॉकी को मजबूत करने के लिए पूर्व हॉकी ओलंपियन और कप्तान सेंटर हाफ सरदार सिंह को हॉकी इंडिया ने भारत के लड़कों की सब जूनियर (अंडर 16) लड़कों और पूर्व कप्तान रानी रामपाल को सब जूनियर (अंडर 16) लड़कियों का कोच नियुक्त किया है। सरदार सिंह के साथ सब जूनियर लड़कों को प्रशिक्षित करने के लिए लाजारूस बारला को हॉकी इंडिया ने जोड़ा ही है पूर्व ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह भी ओडिशा में जूनियर बच्चों को ड्रैग फ्लिक लगाने की कोचिंग दे रहे हैं।। सरदार सिंह सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता की भी जिम्मेदारी पहले की तरह संभालते रहेंगे। वही सब जूनियर लड़कियों की कोच के लिए रानी रामपाल के साथ असुंता लाकरा और लिलिमा मिंज को भी जोड़ा है। यह घोषणा हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की और महासचिव भोला नाथ सिंह ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए दी। दिलीप तिर्की और भोला नाथ ने कहा कि उन्होंने सरदार और रानी को यह जिम्मेदारी इन दोनों से बात करने के बाद उनकी सहमति से दी। रानी रामपाल और सरदार सिंह फिलहाल सब जूनियर लड़कों और लड़कियों के राउरकेला में लगने वाले शिविर में संभालेंगे। फिलहाल सरदार सिंह और रानी रामपाल 45 दिन के लिए सब जूनियर राष्ट्रीय कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। सब जूनियर लड़कों और सब जूनियर लड़कियों का राष्ट्रीय शिविर सरदार और रानी रामपाल की देखरेख में 21 अगस्त से राउरकेला में शुरू होगा। दिलीप तिर्की और भोला



नाथ सिंह ने कहा कि एक सुर में कहा कि वे सरदार सिंह और वे इन दोनों को तीन बरस तक के लिए यह जिम्मेदारी देना चाहते हैं।दिलीप टिर्की ने कहा, पहली बार अंडर 17 टीम बनाने जा रहे हैं। हमारी कोशिश अपने खिलाडियों को सब जूनियर स्तर से एक ही पद्धति से खिलाने में है जिससे कि उन्हें आगे मौका मिले और उन्हें खुद को इसके मुताबिक ढालने में कोई दिक्कत न हो। हमारी कोशिश मजबूत सब जूनियर राष्ट्रीय टीम तैयार करे की।सब जूनियर बच्चों को अच्छा कार्यक्रम और एक्सपोजर हमारा यह सब जूनियर कार्यक्रम अंडर 17 से अंडर 21 बरस के लड़कों के लिए होगा। हमारा मकसद

### ■ तिर्की बोले, मजबूत सब जू. राष्ट्रीय टीम तैयार करने की कोशिश

सब जूनियर स्तर से बेहतर ढंग से सुविधाओं । हॉकी इंडिया चाह रहा पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाडियों आने वाली पीढी के नए खिलाडियों के तैयार करने के लिए कोच की जिम्मेदारी सभाले। हमारी कोशिश देश म अपने कोच तैयार कर विदेशी खिलाडियों पर अपनरी निर्भरता कम करने की है। 13 से 17 बरस दरअसल सब जूनियर लड़के में खेल कर भीड़ में खो जाता था। लड़कों और लड़कियों की ओडिशा में सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद हमने 40-40 लड़कियों भारतीय सब जूनियर लड़को और लड़कियों के शिविर के लिए चुना है। हमारी अपनी सब जूनियर लड़कों और लड़कियों की टीमों को विदेशी एक्सपोजर के लिए नीदरलैंड, बेल्जियम और दक्षिण में खेलने भेजने के लिए बात चल रही है। हमारी एक और कोशिश देश में सब जूनियर स्तर से ड्रैग फ्लिकरों और गोलरक्षकों को तैयार करने की है। हम सब जूनियर खिलाड़ियों को सीनियर खिलाड़ियों की तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। सरदार सिंह ने कहा, हमारी कोशिश बहुत कम उम्र से खिलाड़ियों को सीनियर खिलाड़ियों के खेलने के सिस्टम से खिलाने की है। हमारे बच्चे यदि मान ले यदि 13 बरस से खेलना शुरू कर देंगे तो यदि हमें सब जूनियर या फिर जूनियर और सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ी की जरूरत पड़ती है तो हमारे पास इसके लिए पर्याप्त विकल्प जमीनी या निचले स्तर से उपलब्ध होंगे।

| SENSEX | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 65322.65 ▼ 365.53 | NSE | 19428.30 ▼ 114.80 | MCX | Gold 58924 ▲ 71 | silver 70153 ▲ 169 | देशबन्धु |

# अर्थ जगत

## प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अबतक 15.73 प्रतिशत बढ़कर 6.53 लाख करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 10 अगस्त तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 15.73 प्रतिशत बढ़कर 6.53 लाख करोड़ रुपये रहा है। आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि रिफंड समायोजित करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.84 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 17.33 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा,प्रत्यक्ष कर संग्रह का 10 अगस्त, 2023 तक का अस्थायी आंकड़ा बताता है कि कर संग्रह में अच्छी वृद्धि हुई है। कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 के प्रत्यक्ष कर संग्रह के बजटीय अनुमान का 32.03 प्रतिशत है।



## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लुढ़का, सेंसेक्स 366 अंक टूटा

**मुंबई।** ग्लोबल मार्केट से मिल कमजोर रुझानों के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर बंद हुए। आज के कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 360 से अधिक अंक टूटा। हस्थ्व के निफ्टी में भी लगभग 115 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। नेगेटिव ग्लोबल सेंटीमेंट के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा में बैंकों से अतिरिक्त नकदी लेने की अप्रत्याशित घोषणा का असर आज दूसरे दिन भी बैंकिंग शेयरों पर दिखा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 365.53 अंक यानी 0.56 फीसदी की गिरावट के साथ 65,322.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,727.80 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 65,274.61 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 114.80 अंक यानी 0.59 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,428.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,557.75 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,412.75 तक आया। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में केवल 7 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। एचसीएल टेक, टाइटन, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा एचसीएल टेक के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.86 फीसदी तक चढ़े। इसके अलावा रिलायंस और एसबीआई लाभ में रहे।

# रिलायंस डिजिटल फिर लेकर आ गया 'डिजिटल इंडिया सेल'

*मुंबई/जबलपुर, देशबन्धु। रिलायंस डिजिटल अपने बहुप्रतीक्षित डिजिटल इंडिया सेल के साथ लोगों को टेक्नोलॉजी के साथ सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह मेगा इवेंट 15 अगस्त तक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स की एक विशाल रेंज पर शानदार डील्स और डिस्काउंट्स देने का वादा करता है।*

डिजिटल इंडिया सेल ग्राहकों को उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर भारी भरकम 10 प्रतिशत इंस्टंट डिस्काउंट देता है, रू. 5000 तक। इतना ही नहीं! ग्राहक सभी डेबिट और क्रेडिट काईस पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत के इंस्टंट डिस्काउंट का भी लाभ उठा सकते हैं। रू. 3000 तक और अपनी अगली खरीदारी पर पा सकते हैं 10 प्रतिशत का सुनिश्चित डिस्काउंट वाउचर, जिसे अगली ख़रीदारी पर रीडिम किया जा सकता है, जिससे यह सेविंग्स डबल फायदेमंद बन जाती है, और जो लोग यूपीआई ट्रांज़ेक्शन्स का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं, वे 10 प्रतिशत का इंस्टंट डिस्काउंट भी पा सकते हैं, इन कैश डिस्काउंट्स के अलावाए रिलायंस डिजिटल के पास विभिन्न श्रेणियों में कुछ शानदार ख़ास ऑफर्स ऑफर भी हैं, इन शानदार ऑफर्स के साथ ही बहुत कुछ का लाभ उठाने के लिए अपने नज़दीकी रिलायंस डिजिटल स्टोर, माय जियो स्टोर पर जाएं, या

### इंडिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स सेल में लेटेस्ट टेक, बेस्ट क़ीमतों पर




रिलायंसडिजिटल.एन पर लॉग इन करें और एक सरल और सुविधाजनक खरीदारी के अनुभव के साथ एक्सपर्ट असिस्टेंस का लाभ पाएं।

**परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बढ़ाएं** - 75-इंच टूएसडी गूगल टीवी के साथ अपने मनोरंजन को बनाएं और बेहतर, अब सिर्फ़ रू. 69,990/- से शुरू, कैशबैक के बाद, सैमसंग एनईओक्यू एलईडी टीवी की दुनिया में आएं, रु. 99,990/- की शुरुआती क़ीमत में, कैशबैक के बाद और चुनिंदा सैमसंग नीईओ क्यू एलईडी मॉडल के साथ, आपको रु. 44,990/- तक का एक कॉम्प्लीमेंट्री साउंडबार भी मिलेगा।

**पूरी दुनियाए बस एक टैप की दूरी पर** - ओप्पो रेनो 10 सीरीज़ को ख़रीदकर इनोवेशन की दुनिया में रखें कदम और बोनस के रूप में पाएं रु. 4999/- का शानदार ब्लूटूथ इयरफोन पाने का मौका, सिर्फ़ रु. 499/- की अविश्वसनीय क़ीमत पर, इस मौके का भरपूर लाभ उठाएं और आज ही अपना ओप्पो रेनो 10 सीरिज़ घर ले आएं!

**प्रॉडक्टिविटी कभी भीए कहीं भी** - ऐप्पल, आईपैड की दुनिया में शामिल हो जाएंए अब रु. 1167/- प्रति माह से शुरू अविश्वसनीय रूप से कम क़ीमत पर, चाहे यह काम के लिए होए क्रिएटिविटी के लिए हो, या मनोरंजन के लिए, ये अत्याधुनिक डिवाइसेस एक शानदार और बेहतरीन अनुभव देते हैं।

**काम बन जाए और भी मज़ेदार** - लैपटॉप पर शानदार ऑफर के साथ अपने कम्प्यूटिंग अनुभव को और बेहतर बनाएं। एचपी एन्वी क्रिएटर लैपटॉप सिर्फ़ रु. 57,499/- से शुरू (एक्सचेंज लाभ, कैशबैक और प्रोमो के बाद की क़ीमत) दमदार परफॉर्मेंस और स्लीक डिज़ाइन, जो आपके काम और मस्ती करने के तरीके को देगा एक नई परिभाषा, आज ही एचपी एन्वी में अपग्रेड करें!

**ताज़गी को फ्रीज करें** - साइड.बाय.साइड रेफ्रिजरेटर रेंज के साथ सुविधा और स्टाइल की नई दुनिया में आ जाएं, जो अब उपलब्ध है सिर्फ़ रु. 51,990/- के शुरुआती दाम में, भरपूर स्टोरेजए एडवांस्ड फीचर्स और मॉडर्न डिज़ाइन का अनुभव करें, जो आपकी लाइफस्टाइल पर पूरा खरा उतरे।

**पहले कभी न मिला होगा म्युज़िक का ऐसा एहसास** - ले आएं शानदार ऐप्पल एयरपॉड्स प्रो 2एनडी जनरेशन, जिसकी ओरिजनल क़ीमत है रु. 26,900/- जो अब उपलब्ध है सिर्फ़ रु. 23,999/- में, कैशबैक को मिलाकर, ख़ुदको लाजवाब साउंड और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की ऐसी दुनिया में ले जाएं जो सिर्फ ऐप्पल ही दे सकता है।

**अपनी फिटनेस पर रखें नज़र** - ख़ास वीयरेबल ऑफर के साथ फिटनेस की दुनिया में कदम रखें! शानदार ऐप्पल वॉच एस8 के साथ अपनी फिटनेस और स्टाइल को बनाएं और भी बेहतर, जिसकी ओरिजनल क़ीमत है रु. 45,900/- जो अब उपलब्ध है सिर्फ रु. 33,249/- में।

# कीमतों पर अंकुश के लिए 'बफर स्टॉक' से प्याज जारी करेगी सरकार



*नई दिल्ली। सरकार ने अपने 'बफर स्टॉक' से लक्षित क्षेत्रों को प्याज जारी करने की घोषणा की है। यह कदम अक्टूबर से नई फसल की आवक शुरू होने से पहले कीमतों को नियंत्रण में रखने के मकसद से उठाया गया है। सरकार बफर स्टॉक से प्याज जारी करने के लिए कई विकल्प तलाश रही है। इनमें ई-नीलामी, ई-कॉमर्स के साथ-साथ राज्यों के माध्यम से उनकी उपभोक्ता सहकारी समितियों तथा खुदरा दुकानों से रियायती दरों पर बिक्री शामिल है।*

**प्याज की कीमतें भी अब थोड़ा बढ़ रही** - सरकार ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत तीन लाख टन प्याज रखा है। कम आपूर्ति वाले सीजन के दौरान दाम बढ़ने पर सरकार इस प्याज को जारी करती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्याज कीमतें भी अब थोड़ा बढ़ रही हैं। दस अगस्त को प्याज की अखिल भारतीय खुदरा कीमत 27.90 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो कि एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में दो रुपये अधिक है।

**बफर स्टॉक से प्याज देगी सरकार** - उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, 'हम तत्काल प्रभाव से 'बफर स्टॉक' से प्याज देंगे।' उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) और नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों के साथ 10 अगस्त को हुई चर्चा के बाद प्याज के निपटान के तौर-तरीकों को अंतिम रूप दिया गया। मंत्रालय के अनुसार, 'बफर स्टॉक के प्याज ने उपभोक्ताओं को सस्ती कीमत पर प्याज उपलब्ध कराने और मूल्य स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।'

अप्रैल-जून के दौरान रबी प्याज का देश के कुल उत्पादन में 65 प्रतिशत हिस्सा है। ये अक्टूबर-नवंबर में खरीफ फसल की कटाई होने तक उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करते हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कर्ज पर ब्याज दरें बढ़ाईं

*नयी दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और केनरा बैंक समेत सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंकों ने कोष की सीमान्त लागत आधारित (एमसीएलआर) ऋण दर में 0.10 प्रतिशत तक की वृद्धि की है।*




भारतीय रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को पेश अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.50 प्रतिशत पर यथावत रखा है, इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न बैंकों ने एमसीएलआर में बढ़ोतरी की घोषणा की है। बैंकों के इस कदम से एमसीएलआर से जुड़ी मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ जाएगी।। बीओबी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल की एमसीएलआर को संशोधित कर 8.70 प्रतिशत किया गया है। यह अभी 8.65 प्रतिशत है। नई दरें 12 अगस्त से प्रभावी होंगी। केनरा बैंक ने भी एमसीएलआर में 0.05 प्रतिशत की वृद्धि की है। यह अब बढ़कर 8.70 प्रतिशत हो गई है। नई दर 12 अगस्त से प्रभावी होगी। सार्वजनिक क्षेत्र के एक अन्य ऋणदाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने एमसीएलआर में 0.10 प्रतिशत की वृद्धि की है। बीओएम ने शेयर बाजार को बताया, इसके साथ ही एक साल की एमसीएलआर 8.50 प्रतिशत से बढ़कर 8.60 प्रतिशत हो गई है। संशोधित दरें 10 अगस्त से प्रभावी हैं।

# त्यौहारी सीजन से पहले चीनी पर सख्त सरकार, कीमत नियंत्रित करने की कवायद शुरू

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार त्यौहारी सीजन में चीनी के दाम नियंत्रित करने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए सरकार ने चीनी मिलों को चीनी के स्टॉक लिमिट और आवंटित मासिक कोटे से चीनी बिक्री का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही चीनी बिक्री के सही आंकड़े देने को कहा है। ऐसा नहीं करने वाली चीनी मिलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।*

**चीनी मिलें आवंटित कोटे की कम से कम 90 फीसदी चीनी बेचें** - सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत चीनी मिलों पर मासिक स्टॉक होल्डिंग सीमा लगाई है। ताकि देश में चीनी की कीमतें स्थिर बनी रहें। चीनी निदेशालय के निदेशक ने इस सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए चीनी मिलों को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया कि यह देखा जा रहा है कि कुछ चीनी मिलें मासिक स्टॉक होल्डिंग सीमा का पालन नहीं कर रही हैं और वे अपने मासिक कोटा से या तो अधिक या काफी कम मात्रा (90 फीसदी से कम) में चीनी बेच रही हैं।

चीनी मिलों द्वारा मासिक स्टॉक सीमा का अनुपालन न होने से घरेलू चीनी बाजार की स्थिति बिगड़ सकती है। साथ ही चीनी उद्योग के हित में सरकार द्वारा उठाए गए सभी कदम भी बाधित होंगे। जिससे किसानों के गन्ना भुगतान का बकाया बढ़ सकता है। इसलिए सभी चीनी मिलों को घरेलू बाजार में चीनी की बिक्री के लिए मासिक स्टॉक होल्डिंग सीमा आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।



चीनी के लिए जारी मासिक कोटे से अधिक मात्रा में चीनी की बिक्री भी नियमों का उल्लंघन है। चीनी मिलों के सीईओ और एमडी को संबंधित महीने के लिए आवंटित मासिक कोटे की कम से कम 90 फीसदी चीनी की बिक्री सुनिश्चित करनी चाहिए।

**आवंटित पूरी चीनी न बेचने पर देनी होगी जानकारी** - यदि किसी चीनी मिल को किसी विशेष महीने के लिए अपने मासिक कोटा की पूरी मात्रा बेचने में कठिनाई या असमर्थता हो रही है, तो उसे हर महीने के 15 वें दिन से पहले चीनी निदेशालय को स्पष्ट रूप से बेची जाने वाली संभावित मात्रा के बारे में सूचित करना होगा।

उदाहरण के लिए यदि किसी चीनी मिल को 100 टन का मासिक बिक्री कोटा आवंटित किया गया है। जिसमें से 80 टन की बिक्री का अनुमान लगाया है। इसकी सूचना चीनी निदेशालय को देनी होगी। यदि कोई मिल उस कोटा को सूचित करने में विफल रहती है जिसे वह बेचने की उम्मीद करती है और आवंटित मात्रा को नहीं बेचती है, तो आवंटित मात्रा और बेची गई मात्रा में अंतर अगले महीने के कोटे से कम कर दिया जाएगा।

**चीनी बिक्री के सही आंकड़े दें मिलें** - यह देखा गया है कि जून महीने में कई चीनी मिलों ने चीनी बिक्री के जो आंकड़े न्यूज पोर्टल पर दाखिल किए हैं, वो जून महीने के उनके जीएसटीआर-1 से मेल नहीं खाते हैं। इसलिए चीनी मिलों को बिक्री और डिस्पैच के सही आंकड़े पोर्टल पर देने चाहिए। पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली चीनी मिलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पिरामिड टेक्नोप्लास्ट पब्लिक इश्यू से153.05 करोड़ जुटाएगा, आईपीओ 18 अगस्त को खुलेगा

**मुंबई।** पॉलिमर आधारित मोल्डेड उत्पादों के निर्माण में जानी जाती औद्योगिक पैकेजिंग कंपनी पिरामिड टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड ने अपनी विकास योजनाओं को फंड देने के लिए अपने पब्लिक इश्यू से रु. 153.05 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी बकाया उधारों के पुनर्भुगतान, कार्यशील पूंजी की आवश्यकता के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए इश्यू की आय का उपयोग करने की योजना बना रही है। पब्लिक इश्यू सब्स्क्रिप्शन के लिए 18 अगस्त को खुलेगा और 22 अगस्त, 2023 को बंद होगा। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध होंगे। ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर पीएनबी इन्वेस्टमेंट सर्विसेज लिमिटेड और फर्स्ट ओवरसीज कैपिटल लिमिटेड हैं। ऑफर का रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है। प्रत्येक रु. 10 अंकित मूल्य के 92.20 लाख इक्विटी शेयरों के आईपीओ में 55 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और प्रमोटर समूह - क्रेडेंस फाइनेंशियल कंसल्टेंसी एलएलपी द्वारा 37.20 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी ने पब्लिक इश्यू के लिए प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य दायरा रु. 151-166 तय किया है। कंपनी की योजना पब्लिक इश्यू से रु. 166 प्रति शेयर के उच्च मूल्य बैंड पर रु. 153.05 करोड़ तक जुटाने की है। आवेदन के लिए न्यूनतम लॉट आकार 90 शेयर और उसका गुणक है। आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक और एचएनआई कोटा क्रमश: इश्यू के 50 प्रतिशत और 20 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है, जबकि क्यूआईबी कोटा इश्यू के अधिकतम 30 प्रतिशत पर रखा गया है।

## जून में धीमी हुई औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार, कम होकर 4 फीसदी के नीचे आई आईआईपी ग्रोथ



**नई दिल्ली।** जून महीने में भारत के औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार में सुस्ती दर्ज की गई है. महीने के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के हिसाब से वृद्धि दर कम होकर 4 फीसदी से नीचे आ गई है. इससे एक महीने पहले यानी मई 2023 में आईआईपी ग्रोथ 5 फीसदी से ज्यादा रही थी.

**एक महीने पहले का आंकड़ा** - सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के द्वारा शुक्रवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में आईआईपी के आंकड़ों की जानकारी दी गई. आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 के महीने में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 3.7 फीसदी की वृद्धि हुई. वहीं एक महीने पहले यह आंकड़ा 5.2 फीसदी पर रहा था. मई 2023 में आईआईपी ग्रोथ पिछले तीन महीने में सबसे ज्यादा रही थी.

## हिंदुजा रीन्यूएबल्स ने दुनिया के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पार्क के लिए 80 मेगावॉट की निविदा जीती

**मुंबई।** मध्य प्रदेश के खंडवा ज़िले में ओमकारेश्वर रिज़रवॉयर पर पवित्र नर्मदा नदी के किनारे कुल 600 मेगावॉट क्षमता से युक्त, एक ही लोकेशन पर दुनिया के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पार्क का विकास कार्य दो चरणों में पूरा होगा, जिसके लिए हिंदुजा रीन्यूएबल्स ने 80 मेगावॉट की निविदा जीती है। हिंदुजा रीन्यूएबल्स को कल (8 अगस्त 2023 को) इस प्रोजेक्ट के लिए निविदा प्राधिकरण एवं सोलर पार्क डेवलपर रेवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड द्वारा रु 3.89 प्रति किलोवॉट घण्टा के शुल्क पर परियोजना के दूसरे चरण में युनिट सी के लिए सफल बोलीदाता घोषित किया गया। रेवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड, सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया तथा मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम के बीच संयुक्त उद्यम है। एशियन डेवलपमेन्ट बैंक इस परियोजना केलिए बुनियादी सुविधाओं हेतु वित्तपोषण प्रदान कर रहा है।

हिंदुजा रीन्यूएबल्स ने पहले से गीगावॉट पैमाने की क्षमता हासिल की है, देश भर में इसकी कई परियोजनाओं का संचालन जारी है। कंपनी आने वाले सालों में कई गीगावॉट की नवीकरणीय उर्जा पोर्टफोलियो के निर्माण हेतु उर्जा संग्रहण एवं हरित हाइड्रोजन स्पेस के अवसरों पर काम कर रही है।

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।
चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 71600
चांदी रिफाइन -72600

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 71600
चांदी रिफाइन -72600

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 04 |
| एक यूरो | 90. 85 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105. 26 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 92 |
| एक जापानी येन | 00. 57 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न
छोट बड़ो सब सम बसै, रविदास रहे प्रसन्न



# संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास जी स्मारक स्थल का भूमिपूजन

एवं

## समरसता यात्रा समापन

तथा

## कोटा-बीना रेल लाइन दोहरीकरण का लोकार्पण

और

## सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास



# नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर-कमलों द्वारा

**12 अगस्त 2023**

**दोपहर 2:00 बजे । जिला सागर**



### संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास जी स्मारक स्थल

- ₹ 100 करोड़ से अधिक की लागत से 11 एकड़ में भव्य स्मारक का निर्माण
- गुरुदेव श्री रविदास जी के जीवन दर्शन और शिक्षाओं के प्रदर्शन के लिए **कला संग्रहालय और कलादीर्घा**
- श्रद्धालुओं के लिए भक्त निवास, भोजनालय जैसी अन्य सुविधाएं

### कोटा-बीना रेल लाइन दोहरीकरण

- ₹ 2500 करोड़ की लागत से कोटा-बीना के बीच 288 कि.मी. रेल मार्ग पर अतिरिक्त लाइन से बीना, गुना और कोटा की बेहतर कनेक्टिविटी
- यात्रियों और माल यातायात सुविधा में वृद्धि
- क्षेत्र में थर्मल प्लांट, सीमेंट संयंत्र तथा अन्य उद्योगों को लाभ

### सड़क परियोजनायें

- ₹ 1 हजार करोड़ की लागत से 47 कि.मी. मोरीकोरी-हिनोतिया, 4 लेन एवं ₹ 600 करोड़ की लागत से 48 कि.मी. हिनोतिया-मेहलुवा 2 लेन सड़क निर्माण से भोपाल, रायसेन, विदिशा, अशोकनगर, चंदेरी के बीच संपर्क आसान
- भोपाल-सागर के बीच 1 घंटे से अधिक समय की बचत
- विश्व धरोहर साँची, उदयगिरि गुफाओं तक आसान पहुंच

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11080/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

**मध्यप्रदेश शासन**

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023